आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* सदभावना दिवस
* विश्व मच्छर दिवस
* राजीव गांधी जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 217 | उज्जैन, गुरुवार 20 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मोदी सरकार ने रेलवे परियोजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने भारतीय रेल नेटवर्क को बढ़ाने और ट्रेनों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए 4 मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 9,450 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस परियोजना से कुल 4 राज्यों (पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा) को फायदा होगा। इस प्रोजेक्ट से लगभग 410 किलोमीटर की अतिरिक्त क्षमता जुड़ेगी। सरकार का लक्ष्य है कि इन रेल परियोजनाओं को साल 2030-2031 तक पूरा कर ही लिया जाए। बुधवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कि कैबिनेट ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के 8 जिलों में 4 मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।

### टीएमसी सांसद महुआ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की एक अदालत ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है। मामला कथित तौर पर महिलाओं का अपमान करने और नफरत फैलाने वाले भाषण से जुड़ा है। कृष्णानगर कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट की तामील की रिपोर्ट 28 अगस्त को अदालत के सामने पेश करने का भी निर्देश दिया है। मामले में महुआ मोइत्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। आरोप है कि उन्होंने महिलाओं का अपमान किया और नफरत फैलाने वाला भाषण दिया। इसके बाद अदालत ने उन्हें पेश होने के लिए पूर्व-संज्ञान समन जारी किए थे। अदालत ने कहा कि महुआ मोइत्रा को कई बार समन भेजे गए। इसके बावजूद वह कोर्ट में पेश नहीं हुईं।

### सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने कहा नीट का सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि नीट परीक्षा सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित है। इसमें सेंध लगाना मुश्किल है। पेपर तैयार करने से लेकर एग्जाम सेंटर में पहुंचाने तक पूरी प्रक्रिया को बेहद गोपनीय रखा जाता है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से यूपीएससी जैसा मजबूत परीक्षा सिस्टम बनाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी समझने वाले अधिकारियों को शामिल करना चाहिए। साथ ही अनुभवी अधिकारियों के बार-बार ट्रांसफर से बचने की सलाह दी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट, फेमिया और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई की।

### सुनीता ने गोविंदा से तलाक का केस वापस लिया



**शादी की अनबन के बीच बेटे यशवर्धन के साथ फैमिली कोर्ट पहुंचीं, मैनेजर ने कन्फर्म किया**

**मुंबई।** गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने गोविंदा से तलाक का केस वापस ले लिया है। बुधवार को सुनीता को उनके बेटे यशवर्धन के साथ मुंबई में फैमिली कोर्ट में देखा गया। गोविंदा के मैनेजर शशि रंजन ने बताया कि सुनीता आहूजा ने गोविंदा के खिलाफ दायर तलाक की अर्जी वापस ले ली है। शशि के मुताबिक, अब सब ठीक है और दोनों के बीच सब कुछ सामान्य होने की उम्मीद है। उन्होंने पिछले दो साल के घटनाक्रम को लेकर कहा कि यह समय अच्छा नहीं रहा। कोर्ट के बाहर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पैपराजी ने सुनीता और उनके बेटे से सवाल किया कि कोर्ट में क्या हुआ? जिस पर बेटे यशवर्धन आहूजा ने कहा, कुछ नहीं हुआ। जाने दीजिए। यश अपनी मां को कैमरों से बचाते हुए कार तक लेकर गए। वहीं, कार में बैठने से पहले सुनीता ने इरिटेट होकर कहा, बर्थडे मनाने गए थे और इसके बाद वह कार में बैठकर चली गईं। गौरतलब है कि सुनीता आहूजा ने दिसंबर 2024 में गोविंदा के खिलाफ बांद्रा फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की थी। वहीं, यह खबर पिछले साल अगस्त के महीने में सामने आई थी, जब हॉटरफ्लाई ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सुनीता ने हिंदू मैरिज एक्ट के तहत तलाक के लिए अर्जी दी है।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली** : दिल्ली से पाकिस्तानी नागरिक अरेस्ट, नेपाल के रास्ते अवैध तरीके से भारत में घुसा, रेस्टोरेंट में कर रहा था काम।
- **भल्लेगांव**: ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर भूस्खलन, भल्लेगांव के पास पहाड़ी से आया मलबा, दोनों ओर लगी वाहनों की लंबी कतार।
- **भोपाल** : बालाघाट में मीजल्स और मलेरिया से हुई 19 बच्चों की मौत, आईसीएमआर की रिपोर्ट से खुलासा।
- **मुंबई**: बंदरगाह के पास मक्के की खेप से 300 करोड़ की 55 किलो मेथ जब्त, पाकिस्तान से जुड़े ड्रग सिंडिकेट पर शिकंजा।
- **इस्लामाबाद**: इमरान खान से बहन और पत्नी ने मुलाकात की, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अडियाला जेल पहुंचीं, पूर्व पीएम अस्पताल शिफ्ट किए जाएंगे।
- **इस्लामाबाद**: पाकिस्तान बोला- ऑपरेशन सिंदूर पर बनी डॉक्यूमेंट्री प्रोपेगेंडा, इसमें सिर्फ भारत का पक्ष, हकीकत नहीं, 15 अगस्त को रिलीज हुई थी

---

बिहार- छात्रों के समर्थन में आरजेडी का राजभवन मार्च, पुलिस ने चलाई वॉटर कैनन

## प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस पर बोतलें फेंकीं, हिरासत से छूटे तेजस्वी

**एजेंसी ▸▸ पटना**

बिहार के सीवान में छात्र आंदोलन के दौरान एके-47 से फायरिंग के मामले को लेकर तेजस्वी यादव बुधवार को सड़क पर उतरे। उन्होंने पटना में जेपी गोलंबर से राजभवन तक मार्च निकाला। करीब 5 किलोमीटर लंबे मार्च में उनके साथ करीब 5 हजार समर्थक मौजूद रहे।



- समर्थकों के साथ तेजस्वी डाकबंगले पर लगाई बैरिकेडिंग तोड़कर आगे निकल गए। इनकम टैक्स चौराहे पर पुलिस ने वाटर कैनन चलाई। इसके बाद तेजस्वी को हिरासत में लिया गया। हालांकि, एक घंटा बाद उन्हें छोड़ दिया। तेजस्वी ने कहा कि मैं जेल से डरने वाला नहीं हूं। हमारे भगवान श्री कृष्ण का जन्म जेल में ही हुआ था। जो सत्ता में आया है, उसका जाना तय है।
- कुछ कार्यकर्ताओं ने पुलिस के ऊपर पानी की बोतलें भी फेंकीं। कुछ कार्यकर्ता लकड़ी की एके-47 लेकर पहुंचे थे। एएसपी लॉ एंड आर्डर कृष्ण मुरारी प्रसाद ने जवानों को निर्देश दिया कि झंडे का सम्मान और लाठी का इस्तेमाल समझदारी से करें।

**तेजस्वी बोले- छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया, जिम्मेदारी तय हो-** राजभवन मार्च के दौरान पुलिस ने तेजस्वी यादव और आरजेडी सांसद मीसा भारती को डिटेन कर लिया। दोनों को सचिवालय थाना ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया गया। मीसा भारती ने कहा, पुलिस मुझे यहां हिरासत में लेकर आई थी। सभी का नाम, पता और बायोडाटा लिया गया और उसके बाद हमें छोड़ दिया गया है।

---

ट्रांसपोर्ट मंत्री बोले- पहले नोटिस देंगे, 3 महीने में नहीं सीखे तो लाइसेंस होगा रद्द

## मराठी नहीं जानने वाले महाराष्ट्र में ऑटो-टैक्सी नहीं चला पाएंगे

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

मराठी भाषा नहीं जानने वाले ड्राइवर अब महाराष्ट्र में ऑटो-टैक्सी नहीं चला पाएंगे। राज्य में 20 अगस्त से उन ऑटो-रिक्शा और टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ अभियान शुरू होगा, जिनके पास मराठी का वर्किंग नॉलेज यानी कामचलाऊ भाषा का ज्ञान नहीं है। यह अभियान पूरे राज्य में एक महीने तक चलेगा।

ट्रांसपोर्ट मंत्री प्रताप सरनाईक ने बुधवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ड्राइवरों को पहले नोटिस देकर 3 महीने में मराठी सीखने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद भी मराठी नहीं सीखने पर लाइसेंस और बैज सस्पेंड किया जाएगा।

### आरटीओ की टीमें जांच करेंगी वीडियो रिकॉर्डिंग भी होगी



मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि अतिरिक्त परिवहन आयुक्त रवि गायकवाड़ पूरे महाराष्ट्र में इस एक महीने के अभियान की निगरानी करेंगे। आरटीओ की फ्लाइंग स्क्वॉड ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों की जांच करेंगी और नए नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, यह देखेंगी। जांच के दौरान वेरिफिकेशन की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाएगी।

### आखिर कितनी मराठी जानना जरूरी ड्राइवरों की चिंता

सेवा सारथी ऑटो-रिक्शा टैक्सी एंड ट्रांसपोर्ट यूनियन के नेता डीएम गोसावी ने कहा कि सरकार ने मराठी का वर्किंग नॉलेज होना जरूरी कर दिया है, लेकिन यह साफ नहीं किया कि आखिर कितनी मराठी जानना जरूरी होगी। उनका कहना है कि नियम स्पष्ट नहीं होने पर आरटीओ में भ्रष्टाचार और ड्राइवरों के आर्थिक शोषण की आशंका बढ़ सकती है। महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में ऑटो-टैक्सी ड्राइवर दूसरे राज्यों से आए हुए हैं और उन्हें मराठी नहीं आती है।

---

## सीएनजी स्टेशन पर गैस टैंक फटा, 1 की मौत, पांच लोग घायल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

टिकरी कलां के सीएनजी स्टेशन पर बुधवार को वाहन के गैस टैंक में विस्फोट हुआ। इसमें छह लोग घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने घटना की पुष्टि की। दिल्ली के टिकरी कलां इलाके में बुधवार को एक सीएनजी स्टेशन पर वाहन में गैस भरते समय उसके गैस टैंक में जोरदार विस्फोट हो गया, जिससे एक की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट की चपेट में आने से पास में खड़े छह लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा को घटना की सूचना अपराह्न 3.37 बजे मिली, जिसके बाद छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

---

## राखी की शुभ शुरूआत, रंगरेजा के खूबसूरत कलेक्शंस के साथ



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

रक्षाबंधन के पावन पर्व को खास और यादगार बनाने के लिए शहरवासियों के लिए रंगरेजा बाई आरंभ का राखी एडिशन लाइफस्टाइल एग्जीबिशन आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय यह प्रदर्शनी आगामी 22 और 23 अगस्त को बॉम्बे हॉस्पिटल के पास स्थित होटल इन्फिनिटी में आयोजित होगी। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक रहेगा।

रंगरेजा में देशभर से आए आकर्षक और अनूठे कलेक्शंस एक ही छत के नीचे देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। त्योहारों के मौसम को ध्यान में रखते हुए यहां एक्सक्लूसिव एथनिक वियर, डिजाइनर पारंपरिक परिधान, खूबसूरत ज्वेलरी और ट्रेंडी एक्सेसरीज की विशेष रेंज उपलब्ध रहेगी। रक्षाबंधन पर भाई-बहन और अपने प्रियजनों को खास तोहफा देने के लिए भी यहां गिफ्टिंग के कई आकर्षक विकल्प मौजूद रहेंगे। इसके अलावा घर को त्योहार के अनुरूप सजाने के लिए चुनिंदा और खूबसूरत होम डेकोर आइटम्स भी प्रदर्शनी में उपलब्ध होंगे। आयोजकों के अनुसार प्रदर्शनी में सभी के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

---

## कोलकाता की पांच मंजिला बिल्डिंग में आग लगने से 9 लोगों की मौत, 6 घायल

**एजेंसी ▸▸ कोलकाता**

कोलकाता के मिर्जा गालिब स्ट्रीट स्थित पांच मंजिला बिल्डिंग में मंगलवार रात करीब 1:45 बजे आग लग गई। बिल्डिंग के अंदर कई होटल थे। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, इनमें 2 महिलाएं और एक 4 साल का बच्चा शामिल है। सभी बेहोशी की हालत में मिले थे। 6 लोग घायल हुए हैं। अब तक 80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

आग लगने के वक्त होटलों में ज्यादातर लोग सो रहे थे। बिल्डिंग में धुआं भरने के कारण उनका दम घुटने लगा। मरने वालों में भारतीय और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

आग की सूचना मिलते ही दमकल की 5



गाड़ियां, पुलिस और डिजास्टर मैनेजमेंट की टीमें मौके पर पहुंचीं। घने धुएं के कारण दमकलकर्मियों को ऊपरी मंजिलों तक पहुंचने में काफी दिक्कत हुई। आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन इमारत अभी भी काफी गर्म है,

---

## रेलवे सिग्नल केबल चोरी होने सें 4 ट्रेनें रुकी

### सोलर कैमरे से पकड़ाया चोर, 6,750 रुपए की थी केबल, दो साथी फरार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर**

पमरे के जबलपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे यार्ड से सिग्नल केबल चोरी होने के कारण चार ट्रेनों के पहिए थम गए। सिग्नल नहीं मिलने से ट्रेनें प्लेटफॉर्म पर खड़ी रहीं और करीब आधे से एक घंटे की देरी के बाद उन्हें रवाना किया जा सका। चोरी की गई रेलवे संपत्ति की कीमत करीब 6,750 रुपए बताई गई है, लेकिन केबल कटने से रेलवे परिचालन पर इसका बड़ा असर पड़ा।

घटना के बाद आरपीएफ ने



जांच शुरू की और स्टेशन के आसपास लगाए गए सोलर पावर स्टैंड-अलोन कैमरों की मदद से दो संदिग्धों की पहचान की। पुलिस ने मंगलवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की केबल बरामद कर ली है। उसके दो साथी फरार हैं।

### केबल कटते ही सिग्नल सिस्टम हुआ प्रभावित

रविवार को जबलपुर स्टेशन पर जबलपुर-रीवा एक्सप्रेस, एलटीटी-राजगीर ट्रेन, निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस और लखनऊ-यशवंतपुर एक्सप्रेस रवाना होने के लिए खड़ी थीं। इसी दौरान रेलवे कर्मचारियों को सिग्नल केबल कटे होने की जानकारी मिली। इंजीनियरिंग टीम ने जबलपुर यार्ड में किलोमीटर नंबर 991/29 स्थित लोकेशन बॉक्स की जांच की तो केबल कटी मिली। इसके कारण ट्रेनों को सिग्नल नहीं मिल पा रहा था। टीम ने तत्काल केबल को दुरुस्त किया, जिसके बाद ट्रेनों को आगे रवाना किया गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब के मुताबिक चोरी की गई रेलवे संपत्ति की अनुमानित कीमत 6,750 रुपए है। हालांकि केबल काटे जाने से गाड़ी संख्या 11705, 13202, 22182 और 12540 के परिचालन में देरी हुई। यानी मामूली कीमत की रेलवे संपत्ति चोरी करने की घटना ने सिग्नल व्यवस्था को प्रभावित कर कई ट्रेनों की आवाजाही रोक दी। जबलपुर रेलवे स्टेशन के आसपास आरपीएफ ने पांच सोलर पावर स्टैंड-अलोन कैमरे लगाए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद इन कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली गई। इसमें दो संदिग्ध व्यक्ति जाते हुए दिखाई दिए। जांच के बाद आरपीएफ टीम ने गाजीनगर, गोहलपुर निवासी 37 वर्षीय अंसारी को गिरफ्तार किया।

---

## सपा नेता आजम खान के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी जारी है। ईडी की टीम ने बुधवार सुबह से रामपुर, सहारनपुर और दिल्ली समेत करीब 10 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की है। यह कार्रवाई जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण में कथित तौर पर काले धन के इस्तेमाल से जुड़े मामले में की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी से जुड़े परिसरों को भी जांच के दायरे में लिया गया है। आजम खान के खिलाफ दर्ज कई दर्जन मामलों की जानकारी ईडी के साथ साझा किए जाने के बाद यह कार्रवाई की जा रही है।

## चीन के अरुणाचल प्रदेश में 60 किमी अंदर तक घुसने के दावा गलत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने चीन के अरुणाचल प्रदेश में 60 किलोमीटर अंदर तक घुसने के दावे को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि सीमा विवाद और स्थानीय ग्रामीणों की चिंताएं वास्तविक हैं, लेकिन गलत तस्वीरों और सूचनाओं के जरिए चीन की घुसपैठ का दावा करना सही नहीं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से चीन की कथित घुसपैठ को लेकर लगाए गए आरोपों को खारिज किया है। समाचार एजेंसी से बातचीत में रिजिजू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में सीमा से जुड़ी चिंताओं को समझने के लिए यह देखना जरूरी है कि भारत-चीन सीमा का कई हिस्सों में अब तक औपचारिक सीमांकन नहीं हुआ है।

---

मध्य अफ्रीकी गणराज्य में बड़ा हादसा

## सोने की खदान धंसने से 30 की मौत

### कई लोगों के फंसे होने की आशंका जताई, राहत बचाव अभियान चलाया

**एजेंसी ▸▸ बांगुई**

सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के पश्चिमी हिस्से में मंगलवार को सोने की खदान का एक हिस्सा ढह गया, जिससे कम से कम 30 खनिकों की मौत हो गई और कई अन्य लोग फंस गए। राहत बचाव अभियान चलाया गया। इसमें कई लोगों के फंसे होने की आशंका जताई गई।

रिपोर्ट के मुताबिक बचे हुए खनिकों में से एक फ्लोरियन गागुएंडे के अनुसार नाना-माम्बरे प्रीफेक्चर के अब्बा इलाके में मंगलवार सुबह कम-तकनीक वाली, पारंपरिक तरीके से चलाई जा रही खदान ढह गई। उन्होंने बताया कि बचावकर्मी उन अन्य खनिकों की तलाश में जुट गए, जिनके फंसे होने की आशंका जताई गई। हालांकि उनके जीवित मिलने की संभावना कम होती बतायी गई।



### खदान से 30 शवों को निकालने में कामयाब रहे

उप-प्रान्त के उप महापौर सौलेमाने बी ने कहा कि बचावकर्मी और निवासी कई घंटों में ढही खदान से 30 शवों को निकालने में कामयाब रहे और घायल खनिकों का इलाज किया गया। सौलेमाने बी ने कहा, 'यह भयानक है और हम संगठनों और अच्छे इरादे वाले सभी लोगों से मदद मांग रहे हैं ताकि उन लोगों को गड्ढे से बाहर निकाला जा सके जो ऐसा करने में असमर्थ हैं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

# संख्या देख यंत्रियों को डकार आई

मंदिर में हुए बडे आयोजन के दौरान जमकर श्रद्धालु उमडे थे। संयोग अंतर्गत श्रद्धालुओं के उमड़ने का सिलसिला पूरे 3 दिन निरंतर चलता रहा। लाखों की संख्या में भगवान के दर्शनों को श्रद्धालु आए और शहर में जमकर व्यवसाय चला। ई-रिक्शा वालों ने एक किलोमीटर के 300-500 रूपए तक कमाए हैं। सर्प पूजा वाले दिन तो जमकर कमाई का हाल रहा है। मंदिर में कमाई हुई तो बाहर वालों का कहना था हम भी कमाई करने आए हैं। इस सबसे परे 24 घंटों उपरांत दर्शनों की संख्या का आंकडा जो सामने आया है उसे लेकर पिछले दो दिनों से यंत्रियों को बार-बार डकार आ रही है। उन्हें उल्टी करने का मन करने लगा है। ये एकाध नहीं कुछ ज्यादा जगह के यंत्री हैं । इनमें से एक जगह तो वो है जहां निर्माण की टेस्टिंग कर जांच रिपोर्ट दी जाती है। बात ही बात में वे 12 लाख का जिक्र करने से नहीं चुकते हैं और धीरे से इस पर बातों में सवाल उठाते हैं। लंबाई गुना चौड़ाई का हिसाब बनाते हैं और फिर चौंकाते हैं। ये कैसे संभव हुआ और किस तरह से हुआ। हर फार्मूला यहां आकर फैल हो रहा है। फिर 12 लाख की संख्या पर आते हैं और उन्हें डकार आने लगती है। वे सीधे बोलते हैं 24 घंटे में कुल 86400 सेकंड होते हैं। ब्रिज कुल 91 फीट लंबा और चौड़ाई: 10 फीट - 5 फीट आने, 5 फीट जाने की। इसकी क्षमता के अनुसार एक बार में 400 श्रद्धालु आ सकते हैं। पूल की मजबूती के लिए 5 स्तंभ का सहारा है। अब 12 लाख के लिए पूल की स्थिति को देखते हुए प्रति सेकंड 13 श्रद्धालुओं का दर्शन करना आवश्यक है। जब आने और जाने का रास्ता एक बार में 5-5 यानिकी कुल 10 का ही रास्ता है तो 13 के दर्शन कैसे हो गए। इस सवाल के उपजते ही यंत्रियों ने एक के बाद एक गणितज्ञों के फार्मूला खोले एवं पिछले तीन दिन से हिसाब लगा रहे हैं पर एक भी फामूर्ला के तहत 24 घंटे यानिकी 86400 सेकंड में उक्त स्थान पर 12 लाख के दर्शनों का गणित उनके समक्ष में नहीं आ रहा है। खुसूर-फुसूर है कि बेवजह ही यंत्रियों ने अपना दिमाग खपाया और गणित लगाया। इसमें किसी भी प्रमेय और किसी बीज गणित, अंक गणित की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए दो और दो पांच करने वाला पहाड़ा आना चाहिए वो सिर्फ सत्यवादियों के यहां ही मिल सकता है। यही नहीं विकास के दौर में ही मिल सकता है। टेस्टिंग रिपोर्ट में ही एक समय में 300 से ज्यादा श्रद्धालुओं को नही आने देने की स्थिति स्पष्ट थी तो फिर तो नया सवाल खड़ा हो गया है कि अधिक संख्या को ब्रिज पर लाकर श्रद्धालुओं की जान के साथ खिलवाड़ करने से भी जिम्मेदार नहीं चूके हैं।

## नैनो न्यूज

- मुस्लिम बहनों ने भी बांधी राखी, भाई-बहन के प्रेम का दिया संदेश
- 26 अगस्त को निकलेगा मिलादुन्नबी का जुलूस, 27 अगस्त को टंकी चौराहे पर होगा जलसा
- माननीय राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे उज्जैन के छात्र
- क्षीरसागर स्थित तिलक स्मृति मंदिर में संपन्न हुई वार्षिक साधारण सभा, आय-व्यय का लेखा-जोखा सर्वसम्मति से पारित
- निर्मला कॉलेज के छात्र सैनिक आराध्य राष्ट्रीय साइबर डिफेंडर कैंप के लिए चयनित
- संस्कृति की जड़ों से जुड़कर ही संभव है समाज का लोकमंगल
- तिरुपति बालाजी में होने वाले सातवें राष्ट्रीय अधिवेशन पर सेन समाज ने की चर्चा
- स्वच्छता, संस्कृति का संदेश देकर चिंतामन जवासिया से महाकाल तक निकली भव्य कलश यात्रा

## ट्रेंडिंग




### माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्णय से जिले के कई बच्चे होंगे लाभांवित

# माता-पिता नहीं हैं तो बोर्ड की नामांकन-परीक्षा फीस माफ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल इस वर्ष की कक्षा 10वीं, 12वीं, द्वितीय बोर्ड परीक्षा, डीएलएड परीक्षा में माता-पिता को खो चूके विद्यार्थियों से न तो नामांकन की फीस लेगा और न ही परीक्षा का शुल्क ही लेगा। इसे लेकर बोर्ड ने आदेश जारी कर दिए हैं जो जिला शिक्षा अधिकारी के पास पहुंच चुके हैं। जिले में ऐसे कई बच्चे इस निर्णय से लाभांवित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री के अनुसार ऐसे विद्यार्थियों की जानकारी निकलवाई जा रही है। मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी एस के रेनीवाल के अनुसार आदेश के अनुसार ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग के माध्यम से राहत मिलेगी।

जिन विद्यार्थियों के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है उनसे माध्यमिक शिक्षा मंडल कोई शुल्क नहीं लेगा। माशिमं ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया कि कई बार देखा गया है कि शुल्क के अभाव में ऐसे कई बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते। इसलिए बोर्ड ने तय किया है कि ऐसे बच्चों से नामांकन और परीक्षा दोनों तरह के शुल्क नहीं लिए जाएंगे। नए आदेश के मुताबिक जिन बच्चों के माता-पिता दोनों का निधन हो गया है उन्हें सत्र 2026-27 से मंडल की परीक्षाओं और नामांकन के लिए किसी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। इसमें ऐसे विद्यार्थी भी शामिल किए गए हैं जो माता-पिता की मृत्यु के बाद किसी रिश्तेदार के आश्रय में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं अथवा शासन द्वारा संचालित या मान्यता प्राप्त अनाथालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें शुल्क में पूरी छूट दी जाएगी। यह सुविधा माशिमं की ओर से आयोजित 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा, द्वितीय बोर्ड परीक्षा, डीएलएड जैसी परीक्षाओं और नामांकन पर लागू होगी।

### निर्णय से ऐसे विद्यार्थी न तो परीक्षा देने से वंचित रहेंगे न शिक्षा से



### दस्तावेज के आधार पर पात्रता

शुल्क माफी का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों को बोर्ड का नामांकन अथवा परीक्षा फॉर्म भरते समय माता और पिता दोनों के मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे। इसके साथ ही जिस रिश्तेदार सरकारी अनाथालय या मान्यता प्राप्त संस्था में विद्यार्थी रहकर पढ़ाई कर रहा है, वहां से संबंधित प्रमाण-पत्र भी देना अनिवार्य होगा। तय दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर विद्यार्थी शुल्क छूट का पात्र नहीं माना जाएगा।

### नामांकन एवं फीस में शुल्क वृद्धि

माशिमं ने इस बार 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा का शुल्क 1200 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए किया है। वहीं नामांकन शुल्क भी 300 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए किया गया है। वहीं डीएलएड परीक्षा शुल्क 7000, डीएलएड परीक्षा द्वितीय अवसर के दो विषय के लिए 3000 रुपए, चार विषय के लिए 5000 रुपए और चार से अधिक विषय के लिए 7000 रुपए शुल्क लगेगा। ऐसे में अनाथ विद्यार्थियों को इन शुल्कों से पूरी तरह छूट मिलने से उनके परिवार या आश्रयदाताओं पर आर्थिक बोझ कम होगा।

### उद्देश्य पढ़ाई प्रभावित न हो

क्षेत्रीय अधिकारी रेनीवाल के अनुसार माशिमं के इस फैसले का उद्देश्य माता-पिता को खो चुके विद्यार्थियों की शिक्षा को आर्थिक कारणों से प्रभावित होने से रोकना है। परीक्षा और नामांकन शुल्क माफ होने से ऐसे बच्चों पर पढ़ाई का आर्थिक बोझ कम होगा। उन्हें पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी।

### 28 अगस्त को मनेगा रक्षाबंधन

# सुबह 9.48 बजे तक राखी बांधने का शुभ मुहूर्त, चंद्र ग्रहण भी रहेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन इस वर्ष शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 को मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि दो दिन रहने के कारण 27 और 28 अगस्त को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन उदयातिथि के आधार पर 28 अगस्त को ही रक्षाबंधन मनाना शुभ माना जा रहा है।

**27 अगस्त को शुरू होगी पूर्णिमा-** पंचांग के अनुसार श्रावण शुक्ल पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त की सुबह करीब 9.08 बजे शुरू होगी और 28 अगस्त की सुबह 9.48 बजे तक रहेगी। चूंकि 28 अगस्त को सूर्योदय के समय पूर्णिमा विद्यमान रहेगी, इसलिए इसी दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा।

**सुबह 5.57 से 9.48 बजे तक राखी बांधना शुभ-** इस वर्ष राखी बांधने के लिए सुबह का समय विशेष शुभ बताया गया है। 28 अगस्त को सुबह 5.57 बजे से 9.48 बजे तक राखी बांधी जा सकेगी। इस अवधि में भद्रा का प्रभाव नहीं रहेगा, इसलिए बहनें भाई की कलाई पर राखी बांध सकती हैं। चौघड़िया के अनुसार सुबह के समय भी अलग-अलग शुभ अवधि बताई गई है। उपलब्ध पंचांग गणना के अनुसार सुबह 5.57 से 7.33 बजे तक चर-सामान्य, 7.33 से 9.10 बजे तक लाभ-उन्नति और 9.10 से 10.46 बजे तक अमृत-सर्वोत्तम समय बताया गया है। हालांकि पूर्णिमा तिथि 9.48 बजे समाप्त हो रही है, इसलिए रक्षाबंधन संस्कार के लिए 9.48 बजे तक का समय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।



### भद्रा को लेकर नहीं रहेगा संशय

रक्षाबंधन पर भद्रा में राखी बांधना परंपरागत रूप से वर्जित माना जाता है। इस बार उपलब्ध पंचांग गणनाओं के अनुसार भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी, इसलिए 28 अगस्त की सुबह राखी बांधने के लिए भद्रा बाधा नहीं बनेगी।

### इस बार सुबह ही राखी बांधने पर जोर

रक्षाबंधन की तिथि को लेकर भले ही 27 और 28 अगस्त के बीच भ्रम रहा हो, लेकिन अधिकांश पंचांग गणनाएं 28 अगस्त को पर्व मनाने पर सहमत हैं। खास बात यह है कि इस बार सुबह ही राखी बांधने का अच्छा अवसर उपलब्ध है। इसलिए परिवारों के लिए बेहतर रहेगा कि वे 28 अगस्त की सुबह 9.48 बजे से पहले राखी बांधने की तैयारी पूरी कर लें।

### रक्षाबंधन पर चंद्र ग्रहण का संयोग

इस बार रक्षाबंधन के दिन एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना भी होगी। 28 अगस्त को चंद्र ग्रहण पड़ने की जानकारी सामने आई है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार भारत में ग्रहण का समय सुबह करीब 8 बजे से 9.43 बजे तक बताया गया है। इसी कारण रक्षाबंधन के शुभ मुहूर्त को लेकर विशेष चर्चा है। हालांकि ग्रहण और उसके सूतक को लेकर धार्मिक परंपराओं तथा अलग-अलग पंचांगों में मतभेद हो सकते हैं। इसलिए स्थानीय मान्यता के अनुसार निर्णय लेना उचित रहेगा। खासकर उज्जैन जैसे धार्मिक नगर में स्थानीय पंचांग और विद्वान ज्योतिषाचार्य द्वारा बताए गए समय को प्राथमिकता देना बेहतर होगा।

### कैसे करें राखी का पूजन

रक्षाबंधन के दिन बहन स्नान आदि से निवृत्त होकर पूजा की थाली तैयार करती है। थाली में रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई, राखी और आरती की सामग्री रखी जाती है। भाई को आसन पर बैठाकर पहले तिलक लगाया जाता है, फिर अक्षत लगाकर आरती की जाती है और अंत में दाहिनी कलाई पर राखी बांधी जाती है। इसके बाद भाई बहन को अपनी सामर्थ्य के अनुसार उपहार देकर उसकी रक्षा और सम्मान का संकल्प लेता है।

# सीएम यादव ने किया 945 करोड़ के एलिवेटेड ब्रिज का भूमिपूजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बुधवार शाम उज्जैन गृह नगर प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन को एलिवेटेड ब्रिज की सौगात दी है। उन्होंनें उज्जैन शहर में बनने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर (इंदिनगर चौराहा से नीलगंगा चौराहा तक एवं निकास चौराहा से इंदौर गेट तक) - कुल लंबाई 5.30 कि.मी. का भूमिपूजन किया। ब्रिज की लागत 945.20 करोड़ है।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत होमगार्ड द्वारा कालिदास एकेडमी में प्रदर्शित किए गए आपदा प्रबंधन उपकरणों एवं बचाव कार्य में उपयोग होने वाले आधुनिक संसाधनों का अवलोकन किया। इस दौरान होमगार्ड के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विभिन्न आपदा प्रबंधन यंत्रों की कार्यप्रणाली एवं उनके उपयोग की जानकारी दी। इन उपकरणों का उपयोग बाढ़, आगजनी, भवन दुर्घटना, सड़क हादसे तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों के दौरान किया जाता है। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों एवं जवानों के प्रयासों की सराहना की।

इससे पूर्व पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, अध्यक्ष उज्जैन विकास प्राधिकरण रवि सोलंकी, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, अध्यक्ष महापौर मुकेश टटवाल, संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी ने उपस्थित होकर उनका स्वागत किया।

# खुले में कचरा फेंकने पर होटल संचालक पर लगाया जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और सार्वजनिक स्थानों पर खुले में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए नगर निगम ने चालानी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को वार्ड क्र. 33 में बड़ा गणेश मंदिर के समीप स्थित गली में खुले में कचरा फेंकने पर होटल कर्मा पैलेस के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को उक्त क्षेत्र में खुले में कचरा फेंके जाने की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद विभाग की टीम ने मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान होटल संचालक द्वारा खुले में कचरा फेंका जाना पाए जाने पर निगम ने नियमानुसार चालानी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। यह कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी कालूराम सोलंकी और स्वच्छता निरीक्षक मनीष पांडे द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित को समझाइश देते हुए भविष्य में सार्वजनिक स्थान पर कचरा नहीं फेंकने और कचरे का उचित तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

नगर निगम द्वारा शहरवासियों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से लगातार अपील की जा रही है कि कचरा खुले में न फेंकें और निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालें। निगम का कहना है कि उज्जैन धार्मिक और पर्यटन नगरी है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

### महाकाल लोक के फुड जोन में नेमा कुल्फी सेंटर पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

# गंदगी और चूहे मिलने पर लाइसेंस निलंबित

### फालूदा-कुल्फी के नमूने जांच के लिए भेजे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं। इसी बीच खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर जिला प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर उज्जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बाजार में बिक रहे दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत 19 अगस्त 2026 को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जांच और नमूना कार्रवाई की। महाकाल लोक स्थित नेमा कुल्फी फालूदा, शॉप नंबर-2, मिडवे शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी अनियमितताएं पाए जाने पर विभाग ने प्रतिष्ठान को नोटिस जारी करते हुए खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मौके पर खाद्य व्यवसाय भी बंद करवाया गया।




**स्टोरेज एरिया में गंदगी, चूहों की मौजूदगी मिली-** निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के स्टोरेज एरिया में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। विभागीय टीम को वहां गंदगी के साथ चूहों की मौजूदगी भी मिली। खाद्य सामग्री के भंडारण वाले स्थान पर इस प्रकार की स्थिति सामने आने से खाद्य पदार्थों के दूषित होने की आशंका को लेकर विभाग ने गंभीरता दिखाई और कार्रवाई की।

### फालूदा और केसर-पिस्ता कुल्फी के नमूने लिए

खाद्य सुरक्षा विभाग ने नेमा कुल्फी फालूदा से फालूदा सेवइया और केसर-पिस्ता कुल्फी के नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने

अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग ने अन्य प्रतिष्ठानों से भी खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। महादेव बाटी भंडार, देवास गेट बस स्टैंड से तुअर दाल और बाटी के नमूने लिए गए। वहीं सपना स्वीट्स, रेलवे स्टेशन उज्जैन से मलाई बर्फी और काजू कतली के नमूने लिए गए।

# प्रतिबंध के बावजूद भीड़भाड़ में दौड़ रहीं यात्री व स्कूल बसें

## शहर में किसी रोज हो सकता है हादसा, ट्रैफिक पुलिस को मिले ऑन-द-स्पॉट कार्रवाई के अधिकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में तेज रफ्तार और अनियंत्रित गति से दौड़ रही यात्री एवं स्कूल बसें कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती हैं। उज्जैन-इंदौर की कई यात्री बसें प्रतिबंध के बावजूद नानाखेड़ा से आकर तीन बत्ती चौराहे से होकर भीड़भाड़ वाले मार्ग से देवास गेट तक पहुंच रही हैं।

फ्रीगंज से चामुंडा माता मार्ग पर घंटाघर से ही यातायात का दबाव बढ़ जाता है। ई-रिक्शा, ऑटो, बाइक और कारों की भीड़ के बीच यात्री एवं स्कूल बसें निकलती हैं। कई बस चालक तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न बजाते हुए भीड़भाड़ में वाहन दौड़ाते हैं, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए खतरा बना रहता है।



### अतिरिक्त पुलिस बल को दिया जाए विशेष प्रशिक्षण

यातायात नियंत्रित करने के लिए शहर में अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। सुझाव है कि इन पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित कर भीड़भाड़ वाले मार्गों और प्रतिबंधित क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी जाए। साथ ही उन्हें नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई करने के पर्याप्त अधिकार दिए जाएं। यात्री और स्कूल बसों की तेज गति, प्रतिबंधित मार्ग पर संचालन और प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल पर तत्काल कार्रवाई की व्यवस्था हो। पुलिसकर्मियों को आवश्यक अधिकार मिलने से नियम तोड़ने वालों पर मौके पर ही प्रभावी कार्रवाई हो सकेगी और भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सकेगा।



## न्यूज ब्रीफ

### मप्र का डिंडौरी बना देश का नंबर-1 कृषि जिला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले ने कृषि के क्षेत्र में एक नया और ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत सरकार की 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन और शानदार प्रदर्शन के चलते डिंडौरी जिला पूरे देश में नंबर-1 बन गया है। जुलाई महीने में देश भर से चयनित 100 जिलों के बीच किए गए मूल्यांकन में डिंडौरी ने यह शीर्ष (पहली) रैंक हासिल की है। यह उपलब्धि जिले में प्राकृतिक खेती और कोदो-कुटकी जैसे मोटे अनाजों को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे लगातार प्रयासों का ही परिणाम है। डिंडौरी जिले में किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कोदो-कुटकी की खेती, प्राकृतिक खेती और जैविक प्रमाणीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### सपोर्ट विंग्स ने बाला के साथ साझेदारी की

इंदौर। मासिक धर्म समानता की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाते हुए, 'ब्लीड विद प्राइड' ने 9 अगस्त को इंदौर के नेहरू नगर, नरसिंह की चाल, चंद्रपाल उस्ताद व्यायामशाला के पास मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में स्कूल जाने वाली लड़कियों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं सहित 170 से अधिक लाभार्थी शामिल हुए, जिन्हें 10 समर्पित स्वयंसेवकों की टीम का सहयोग प्राप्त था। बाला के सहयोग से आयोजित इस पहल का उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मासिक धर्म से जुड़ी वर्जनाओं को तोड़ना था। खुली बातचीत और शिक्षा के माध्यम से, इस कार्यक्रम का लक्ष्य समुदायों में मासिक धर्म को समझने और उस पर बात करने के तरीके में स्थायी बदलाव लाना था।

### खजराना गणेश मंदिर में 10 दिवसीय उत्सव 14 सितम्बर से

**इंदौर।** खजराना गणेश मंदिर में आगामी 14 सितम्बर से 10 दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस गणेश उत्सव आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने मंदिर पहुंचकर 10 दिवसीय गणेश उत्सव की तैयारियों, निर्माण एवं विकास कार्यों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, स्वच्छता, विद्युत एवं पुष्प सजावट और भगवान श्री गणेश के विशेष श्रृंगार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की कार्ययोजना पर चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, डॉ. परीक्षित झाड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गणेश उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम और व्यवस्थित दर्शन की सुविधा मिले तथा किसी भी स्तर पर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हो।

### लोहे के पुल क्षेत्र में आवारा पशुओं का जमावड़ा, गंदगी का अंबार



**उज्जैन।** शहर के लोहे के पुल क्षेत्र में इन दिनों आवारा पशुओं और गंदगी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे होने से रहवासियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कचरे के आसपास आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे और आसपास के खाली स्थानों पर नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी बढ़ती जा रही है। कचरे के ढेर में भोजन तलाशने के लिए बड़ी संख्या में मवेशी पहुंच जाते हैं। इससे सड़क पर अव्यवस्था के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। गंदगी के कारण क्षेत्र में दुर्गंध का वातावरण बना हुआ है। कचरा लंबे समय तक पड़ा रहने से मच्छर और अन्य कीट-पतंगे भी बढ़ रहे हैं। रहवासियों को बीमारी फैलने की चिंता सता रही है। बारिश के दौरान स्थिति और खराब होने की आशंका है, क्योंकि कचरा और गंदगी सड़क किनारे जमा पानी के साथ फैल जाती है। रहवासियों ने नगर निगम से क्षेत्र में नियमित सफाई कराने, कचरा उठाने और आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि केवल एक-दो दिन सफाई करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। नियमित निगरानी और कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई जरूरी है। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि नगर निगम इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द सफाई व्यवस्था सुधारने और आवारा पशुओं की समस्या से राहत दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाएगा।

## नैनो न्यूज

- **रतलाम:** सीएम आवास योजना को लेकर निगम में विवाद, पूर्व विधायक और निगम आयुक्त के बीच नोकझोंक का मामला सामने आया।
- **मंदसौर:** मल्हारगढ़ में जाति प्रमाण-पत्र के लिए छात्रा के परेशान होने का मामला सामने आने के बाद डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को तलब किया।
- **नीमच:** नीमच के आदित्य जैन का प्रतिष्ठित रामायणी सम्मान-2026 के लिए चयन हुआ; 19 अगस्त को बीएचयू में सम्मान समारोह।
- **शाजापुर:** शुजालपुर मंडी पुलिस ने 2.50 लाख रुपए की चोरी का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।
- **आगर-मालवा:** जिले में प्रशासनिक स्तर पर आगामी धार्मिक आयोजनों और व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां जारी हैं।
- **इंदौर:** शहर में अपराध और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है; स्थानीय स्तर पर कई मामलों की जांच चल रही है।
- **धार:** जिले में बारिश के बीच प्रशासन और स्थानीय निकायों के सामने जलभराव और यातायात व्यवस्था चुनौती बनी हुई है।
- **झाबुआ:** जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क और यातायात व्यवस्था को लेकर स्थानीय स्तर पर समस्याएं सामने आ रही हैं।
- **आलीराजपुर:** आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बारिश के कारण ग्रामीण आवागमन और सड़क संपर्क प्रभावित होने की स्थिति बनी हुई है।

नागपंचमी पर श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए बनाए गए 91 फीट लंबे फुट ओवरब्रिज का टेस्ट चर्चा में

# ओवरब्रिज पर जंपिंग टेस्ट: 200 गार्डों से कराई उछल-कूद

## पांच खंभों पर टिका यह पुल वर्ष 2022 में उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से एक दानदाता की मदद से बनाया गया था

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

विश्वप्रसिद्ध महाकाल मंदिर परिसर में नागपंचमी पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाया गया 91 फीट लंबा फुट ओवरब्रिज अब विवादों के घेरे में है। ब्रिज की क्षमता जांचने के लिए 200 सुरक्षा गार्डों से एक साथ 10 मिनट तक उछल-कूद करवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

नागपंचमी के मौके पर लाखों श्रद्धालुओं को नागचंद्रेश्वर मंदिर तक ले जाने के लिए यह ब्रिज बनाया गया था। ब्रिज पर भारी भीड़ का दबाव रहेगा, इसे देखते हुए पीडब्ल्यूडी ने इसकी मजबूती परखने के लिए यह टेस्ट करवाया। इस मामले पर पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री अजय यादव ने बताया कि यह एरो ब्रिज उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा बनाया गया था। इसकी मजबूती के लिए सेतु विभाग एवं कार्यपालन यंत्री, ढहऊ की ओर से पत्र मिला था। साथ ही कलेक्टर रोशन कुमार सिंह द्वारा भी इस ब्रिज की मजबूती परखने के लिए जंपिंग टेस्ट करवाने के आदेश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि इस ब्रिज पर एक दिन में ही लाखों श्रद्धालु तेजी से गुजरते हैं और दौड़ लगाते हैं। ऐसे में कहीं कंपन जैसी स्थिति तो नहीं बन रही है या ब्रिज किसी हादसे का कारण तो नहीं बन सकता है, यह जांचना जरूरी था। इसी वजह से ब्रिज की जांच के लिए सुरक्षा गार्डों का उपयोग किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश का पालन करते हुए यह जंपिंग टेस्ट पूरी तरह सफल रहा। टेस्ट के बाद ब्रिज को सुरक्षित पाए जाने पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया था।

ब्रिज कॉरपोरेशन और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने इस ब्रिज को नागपंचमी के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर की जा रही एक तैयारी बताया। इस अनोखे लोड टेस्ट में सुरक्षा गार्डों को पहले ब्रिज पर तेजी से चलाया गया और फिर एक साथ क्रमबद्ध तरीके से कूदकर पुल के बोल्ट, जॉइंट्स और संरचनात्मक मजबूती को परखा गया।



### ओवैसी ने ट्वीट कर कसा तंज

इस देसी तरीके के टेस्ट पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने ट्वीट कर तंज कसा, जिसके बाद मामला गरमा गया। उनके ट्वीट पर लोगों ने सवाल उठाया कि इस अजीबोगरीब टेस्ट के दौरान यदि दुर्घटना हो जाती या पुल टूट जाता, तो हताहत होने वाले गार्डों का जिम्मेदार कौन होता? लोगों ने यह भी सवाल किया कि क्या आज के दौर में ब्रिज की मजबूती जांचने के लिए उचित वैज्ञानिक संसाधन और प्रशासनिक प्रक्रियाएं मौजूद नहीं हैं। आधुनिकता के इस दौर में इंजीनियरों, क्वालिटी कंट्रोल लैब और वैज्ञानिक तकनीकों को दरकिनार कर इस तरह देसी तरीके से जांच करने पर कई तरह के गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कई लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर टेस्ट के दौरान कोई दुर्घटना हो जाती या ब्रिज टूट जाता तो जिम्मेदारी कौन लेता। लोगों का कहना है कि आज के दौर में ब्रिज की मजबूती जांचने के लिए लोड टेस्टिंग मशीन, स्ट्रक्चरल ऑडिट और अन्य वैज्ञानिक संसाधन उपलब्ध हैं। ऐसे में मानव जंप टेस्ट करवाना कितना उचित है, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं।फिलहाल प्रशासन ने कहा है कि टेस्ट के बाद ब्रिज पूरी तरह सुरक्षित पाया गया और इसका उपयोग नागपंचमी पर श्रद्धालुओं के लिए किया गया।

गोद में बच्चों के साथ वाहन चालकों को कर रहीं परेशान

# तीन बत्ती चौराहे पर बढ़ी मांगने वाली महिलाओं की संख्या,

## संबंधित विभाग नहीं कर रहा है कोई भी प्रभावी कार्रवाई


**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर के प्रमुख तीन बत्ती चौराहे पर इन दिनों मांगने वाली महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ती नजर आ रही है। चौराहे पर सिग्नल होने के दौरान महिलाएं वाहनों के बीच पहुंचकर राहगीरों और वाहन चालकों से पैसे मांगती हैं। कई महिलाओं के साथ छोटे बच्चे भी रहते हैं, जिन्हें गोद में लेकर वे वाहन चालकों के पास पहुंचती हैं।

लालबत्ती होने के दौरान वाहनों की कतार लगते ही महिलाएं एक-एक वाहन के पास जाकर पैसे मांगती हैं। कुछ वाहन चालक मदद कर देते हैं, लेकिन कई लोगों का कहना है कि बार-बार वाहन के शीशे पर हाथ रखने और रास्ता रोककर पैसे मांगने से उन्हें परेशानी होती है। दोपहिया वाहन चालकों को भी इनके बीच से निकलने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

### बच्चों को भी साथ लेकर पहुंच रहीं चौराहे पर

सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि कई महिलाओं के साथ छोटे बच्चे भी दिखाई देते हैं। चौराहे पर वाहनों की आवाजाही के बीच बच्चों के रहने से उनकी सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। तेज रफ्तार वाहनों के बीच किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल चौराहे से हटाने के बजाय प्रशासन को इन परिवारों की पहचान कर उनके रोजगार और पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही बच्चों को चौराहे पर भीख मांगने से दूर रखने के लिए संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। लोगों ने नगर निगम और प्रशासन से मांग की है कि तीन बत्ती चौराहे पर नियमित निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और बच्चों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।



### भीख देने वालों के खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई शुरू करना चाहिए

पूर्व में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेशक भीख मांगने वाले बच्चों के अभिभावकों के खिलाफ कारवाई की गई हो। मगर, कुछ दिनों के बाद भीख मांगने वाले बच्चे फिर से सड़कों पर दिखना शुरू हो गए हैं। प्रशासन को इन बच्चों की ओर ध्यान देना चाहिए। इनके अभिभावकों को जागरूक कर इन बच्चों को स्कूलों में दाखिल करवा कर पढ़ने व खाने आदि का इंतजाम करना चाहिए। खास बात यह है कि जिला प्रशासन द्वारा कई बार इन्हें रोकने और बेहतर जीवन में लाने का प्रयास किए गए, लेकिन अब तक सफल नहीं हो सके हैं। ऐसे में महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन के नारों और दावों के बीच भिक्षावृत्ति की तस्वीरें सरकार और समाज दोनों को शर्मसार कर रही हैं। अभी भी सैकड़ों माँ अपने आंचल में छोटे बच्चे को दबाकर तो कई जगह 5 से 7 साल के बच्चे श्रद्धालुओं के पीछे दौड़ते नजर आ रहे है। हालांकि भिखारी के संबंध में पूरी खबर जिला प्रशासन के पास भी है। यही वजह है कि जिला प्रशासन को अब न केवल भीख मांगने बल्कि भीख देने वालों के खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई शुरू करना चाहिए।

## शास्त्री नगर गली नंबर-3 में बंद पड़ी पोल लाइटें, अंधेरे में आवाजाही को मजबूर रहवासी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

वार्ड क्रमांक 46 के अंतर्गत आने वाली शास्त्री नगर कॉलोनी की गली नंबर-3 में शिव मंदिर के सामने लगी पोल लाइटें काफी समय से बंद पड़ी हैं। रात के समय क्षेत्र में अंधेरा रहने से रहवासियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार, बंद पड़ी लाइटों की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद को भी सूचना दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद नगर निगम की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। लंबे समय से लाइटें बंद होने के कारण लोगों में नाराजगी है। रहवासियों का कहना है कि शिव मंदिर के सामने होने के कारण यहां शाम और रात के समय लोगों की आवाजाही रहती है। पर्याप्त रोशनी नहीं होने से दुर्घटना और असामाजिक गतिविधियों की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र की बंद पड़ी लाइटों को चालू कराया जाए। रहवासियों का कहना है कि छोटी-सी समस्या के समाधान के लिए भी बार-बार शिकायत करना पड़ रहा है। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी मौके का निरीक्षण कर जल्द व्यवस्था सुधारें, ताकि लोगों को रात के समय अंधेरे से राहत मिल सके।



देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में खुशी की लहर,

# डॉ.खरे एवं ठाकुर को पूर्णकालिक कुलसचिव बने

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में मंगलवार को उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब मध्य प्रदेश शासन द्वारा 17 अगस्त 2026 को जारी आदेश में प्रदेश के 11 प्रभारी कुलसचिव एवं उप कुलसचिवों को पूर्णकालिक कुलसचिव बनाए जाने की घोषणा की गई। जारी आदेश में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में वर्तमान में कार्यरत प्रभारी कुलसचिव डॉ. प्रज्जवल खरे एवं उपकुलसचिव सुश्री रचना ठाकुर का नाम भी शामिल है। शासन के इस निर्णय की जानकारी विश्वविद्यालय में पहुंचते ही शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारियों में हर्ष का माहौल बन गया। 18 अगस्त 2026 को कार्यालय खुलते ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारी साथियों ने दोनों अधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कर्मचारी गैर-शिक्षक संघ के अध्यक्ष चैन सिंह यादव, महासचिव कमल जायसवाल, उपाध्यक्ष राकेश सिलावट, सह-सचिव प्रकाश चंद्र सूर्या एवं महेश श्रीवास, कोषाध्यक्ष राममनोरथ बैगा तथा प्रवक्ता श्रीमती सियावती लोनारे सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने दोनों अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास को नई गति प्रदान करेंगे

कार्यकारिणी सदस्यों में नितेश सिरसाठ, अजयसिंह मुजाल्दा, सूरज कुशगोतिया, उन्मेश भालेराव, कमलसेन अहिरवार, सुरेश गुहे, दुर्गेश जोशी, दीपक मेहता एवं डॉ. संतोष रघुवंशी, कमलेश हार्डया सहित वरिष्ठ कर्मचारी साथी सुरेश सिरसाठ, संजय नथानियल, शैलेश श्रीवास एवं महेश भावेल समेत अन्य कर्मचारी साथियों ने भी डॉ. प्रज्जवल खरे एवं सुश्री रचना ठाकुर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आशा व्यक्त की कि दोनों अधिकारी अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं दूरदर्शिता के साथ करते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक



एवं प्रशासनिक विकास को नई गति प्रदान करेंगे। दोनों अधिकारियों ने भी सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय हित में बेहतर कार्य करने का विश्वास दिलाया।

शासन के इस निर्णय को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कर्मचारियों ने इसे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण एवं बेहतर कार्यप्रणाली की दिशा में सकारात्मक कदम बताया।

## देर रात दुकान खोलना पड़ा भारी? सीसीटीवी में दिखा विवाद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भंवरकुआ थाना क्षेत्र में देर रात दुकान खोलने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। नवलखा निवासी दुकानदार हर्षित जैन ने एक पुलिसकर्मी पर मारपीट करने, मोबाइल छीनने और जबरन थाने ले जाने का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी है।

हर्षित के मुताबिक, वह यात्रियों की सुबह की आवाजाही को देखते हुए रात करीब 2:30 से 3 बजे के बाद चाय-नाश्ते की दुकान खोलता है। आरोप है कि देर रात दुकान खोलने को लेकर पुलिसकर्मी से विवाद हुआ और उसके साथ मारपीट की गई। शिकायतकर्ता का दावा है कि पुलिसकर्मी उसे दुकान से दूर खींचकर ले गया और इस दौरान उसका मोबाइल भी छीन लिया।

मामला यहीं नहीं रुका। हर्षित का आरोप है कि उसे भंवरकुआ थाने ले जाया गया, जहां भी उसके साथ मारपीट की गई। शिकायत में शरीर पर चोट के निशान होने की बात कही गई है। वहीं, शिकायतकर्ता ने घटना से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध होने का दावा किया है, जिसमें पुलिसकर्मी द्वारा उसके साथ मारपीट किए जाने की बात कही गई है। अब दुकानदार ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, सीसीटीवी फुटेज की जांच और कथित तौर पर मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सर कार्यवाह होसबोले का युवाओं से 20 सितंबर को भोपाल में संवाद

## संघ युवाओं से संवाद करेगा, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में भी ऐसे कार्यक्रमों की तैयारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अब मध्य प्रदेश में नई पीढ़ी के युवाओं तक अपनी पहुंच बढ़ाने की तैयारी में है। दिल्ली में जेन-जी से जुड़े प्रदर्शन के बाद संघ की ओर से युवाओं के बीच संवाद बढ़ाने की पहल तेज हुई है। दिल्ली, मुंबई और नागपुर जैसे शहरों में कार्यक्रमों के बाद अब इसे देश के दूसरे हिस्सों तक ले जाने की योजना बनाई जा रही है। इसी कड़ी में 20 सितंबर को भोपाल में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले युवाओं से सीधे संवाद करेंगे। इसके अलावा इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में भी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के स्तर पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है।

संघ से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, आने वाले समय में करीब 150 से 200 शहरों में युवाओं के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। मध्य प्रदेश को भी इसी व्यापक अभियान का हिस्सा बनाया गया है। प्रदेश के चार प्रमुख शहरों में होने वाले कार्यक्रमों में अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े युवाओं को संवाद के लिए जोड़े जाने की तैयारी है। जेन-जी और जेन-अल्फा को केंद्र में रखते हुए संघ ने प्रदेश के प्रमुख शहरों में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की रणनीति बनाई है। संघ की इस पहल को नई पीढ़ी के साथ सीधे संवाद स्थापित करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। अब तक संघ की गतिविधियों का बड़ा हिस्सा संगठन, सामाजिक संपर्क और विभिन्न क्षेत्रों में चलने वाले सेवा कार्यों के इर्द-गिर्द रहा है। लेकिन नई पीढ़ी की बदलती सोच, डिजिटल दुनिया में बढ़ती सक्रियता और सामाजिक मुद्दों पर युवाओं की अलग राय को देखते हुए संघ ने युवा संवाद को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है।

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के बाद अब सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के स्तर पर युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इससे इस पहल की प्राथमिकता का अंदाजा लगाया जा सकता है। संघ नई पीढ़ी के युवाओं को केवल अपने विचार बताने के बजाय उनसे उनकी राय, सवाल, शिकायतें और अनुभव जानने की कोशिश कर रहा है।

### दोनों और से संवाद की तैयारी

युवा संवाद की खास बात यह होगी कि इसमें संघ के पदाधिकारी युवाओं के सवाल और उनकी प्रतिक्रिया सुनने पर भी जोर देंगे। युवाओं की शिक्षा, रोजगार, तकनीक, सामाजिक बदलाव और भविष्य को लेकर चिंताओं को समझने का प्रयास किया जाएगा। सरकार की नीतियों और मौजूदा सामाजिक परिस्थितियों को लेकर युवाओं की राय भी संवाद का हिस्सा बन सकती है। संघ का मानना है कि नई पीढ़ी के साथ प्रभावी संपर्क के लिए केवल अपने विचार रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह समझना भी जरूरी है कि युवा किन मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं और वर्तमान व्यवस्था को किस नजरिए से देखते हैं। युवाओं की शिकायतों और सुझावों से भविष्य के कार्यक्रमों की दिशा तय करने में भी मदद मिल सकती है। इससे संघ को नई पीढ़ी के बीच अपनी सामाजिक पहुंच बढ़ाने के लिए नए कार्यक्रम तैयार करने का आधार मिलेगा।

## उज्जैन लोकपथ एप की 327 शिकायतें निपटाकर मप्र में रहा नंबर-1

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकाल की नगरी उज्जैन ने अब सड़कों की सूरत बदलने में भी नया कीर्तिमान रच दिया है। यदि आप सोचते हैं कि सरकारी विभागों में शिकायतों की फाइलें महीनों धूल खाती रहती हैं, तो उज्जैन के लोक निर्माण विभाग का यह कारनामा आपकी सोच बदल देगा। सड़कों के गड्ढों और खराब रास्तों की ऑनलाइन शिकायतों के निपटारे में उज्जैन जिला पूरे मध्य प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर अव्वल रहा है। हाल ही में लागू की गई व्यवस्था के तहत पिछले पूरे माह में लोकपथ एप पर खराब सड़कों और गड्ढों की मरम्मत से जुड़ी कुल 327 शिकायतें आई थीं। उज्जैन ढहऊ की विशेष टीम ने इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया और ऑनलाइन ही शिकायतकताओं से उनकी संतुष्टि का फीडबैक भी लिया। उज्जैन पीडब्ल्यू के कार्यपालन यंत्री अजय यादव ने बताया कि एप पर दर्ज शिकायतों को बिना किसी देरी के सीधे मैदानी इंजीनियरों तक पहुंचाकर समय सीमा से पहले निराकरण कराने की सीधी जवाबदेही तय की गई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखाई दे रहे हैं।

न्यूज कालम



## राष्ट्रीय लोक अदालत की जागरूकता के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**सनावद।** राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से न्यायालय सनावद में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में न्यायाधीशगण ने आमजन को लोक अदालत के महत्व, प्रक्रिया एवं इसके लाभों की जानकारी दी। न्यायाधीश मोहम्मद असलम दहलवी, योगेश चालीसा एवं सुश्री आकांक्षा गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आपसी समझौते एवं मेल-मिलाप के आधार पर विवादों के निराकरण का प्रभावी माध्यम है। छोटे-मोटे लड़ाई-झगड़े, पति-पत्नी विवाद, चेक बाउंस सहित राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का त्वरित, सरल और निःशुल्क निराकरण किया जाता है। लोक अदालत में प्रकरण प्रस्तुत करने के लिए किसी प्रकार की कोर्ट फीस नहीं लगती। यदि किसी मामले में पहले कोर्ट फीस जमा की गई है तो नियमानुसार उसका रिफंड भी प्राप्त किया जा सकता है।लोक अदालत के माध्यम से समय और धन दोनों की बचत होती है। यहां पक्षकार आपसी बातचीत एवं समझौते के माध्यम से विवाद का समाधान कर सकते हैं। शिविर में न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भक्ति भाव से मनाया 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक

**सनावद।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक एवं मोक्ष सप्तमी पर्व नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि ब्रह्मचारी नमन भैया के निर्देशन में प्रातः 7 बजे से भगवान पार्श्वनाथ का पंचामृत अभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना एवं शांतिधारा की गई। इसके पश्चात भगवान को निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। शिखरजी क्षेत्र की पूजा एवं निर्वाण कांड का पाठ करने के बाद भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में 23 निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। मुख्य निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य इंदरचंद अनुभव आर्श सराफ परिवार को प्राप्त हुआ। मूलनायक भगवान की शांतिधारा का सौभाग्य विशाल प्रकाशचंद सराफ परिवार, सनावद तथा पांडुशिला पर विराजमान श्रीजी की शांतिधारा का सौभाग्य जंगलेश कुमार, विकास एवं आशीष जैन परिवार को प्राप्त हुआ। पर्व के अवसर पर समाज की कर्णिका, आराध्या, नव्या, नियति सहित अनेक बालिकाओं ने सामूहिक रूप से निर्जला उपवास रखकर भगवान पार्श्वनाथ की आराधना की। दिनभर श्रद्धालुओं द्वारा पूजन, स्वाध्याय, मनन-चिंतन एवं सामूहिक प्रतिक्रमण किया गया। संध्या एवं रात्रि में प्रदीप पंचोलिया, कमल केके, सुदेश जटाले एवं वर्धमान भजन मंडली द्वारा संगीतमय आरती एवं भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## नारायणपुरा पंच ने किया 105 ग्राम के पदाधिकारियों का सम्मान




**सनावद।** नाभावंशी फूल माली समाज नारायणपुरा स्थानीय पंच के द्वारा वर्तमान व भूतपूर्व पदाधिकारी का सम्मान समारोह माली समाज धर्मशाला नारायणपुरा में संपन्न हुआ । माली समाज नारायणपुरा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में 105 ग्राम केंद्रीय समिति पदाधिकारी, पांच जिला मंडल पदाधिकारी, ओंकारेश्वर धर्मशाला निर्माण समिति, नेमावर धर्मशाला निर्माण समिति, प्रदेश युवा संगठन माली समाज , सहित समस्त इकाइयों के पदाधिकारी का सम्मान किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत समाज के संत मोतीदास बाबा के चित्र पर माल्यार्पण व महा आरती से हुई । बीते 25 वर्षों से लगातार निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने वाले वरिष्ठ समाज सेवायों का स्थानीय पंचनारायणपुरा द्वारा पाद प्रक्षालन कर स्वागत किया । आयोजन के दौरान सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले नारायणपूरा के समाजबंधुओं का भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी शोभाराम मालाकार , शिवराम मालाकार, नत्तू माली, रामलाल मालाकार, अशोक मालाकार , मोतीराम मालाकार, तुलसीराम माली, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष रामचंद्र मोरी , हरिशंकर मालाकार , नितेश मालाकार , टटू मालाकार, निलेश मालाकार, दुर्गा शंकर पाटीदार, प्रकाश माली, मुन्नालाल मालाकार, सहित बड़ी संख्या में इंदौर जिला खंडवा जिला भुवना जिला , बांगड़दा जिला, मूलथान जिले के सैकड़ों पदाधिकारी सहित स्थानीय समाजबंधु मौजूद थे ।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ सनावद की महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा



**सनावद।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सनावद की महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सखी सहेली महिला मंडल ने कांवड़ यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और भगवान महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवड़ यात्रा के दौरान महिलाओं ने धार्मिक उत्साह के साथ भगवान शिव की आराधना की। यात्रा ओंकारेश्वर पहुंची, जहां महिलाओं ने ज्योतिर्लिंग स्थित भगवान ममलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। इस दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने भक्ति गीतों और जयकारों के साथ भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने च्च्हर-हर महादेवज्ज के जयघोष लगाए।

# सांदीपनी एकेडमी मंडलेश्वर की वॉलीबॉल टीम का सीबीएसई क्लस्टर में शानदार प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर




सांदीपनी एकेडमी मंडलेश्वर की वॉलीबॉल टीम विगत कई वर्षों से सीबीएसई क्लस्टर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित कर रही है। इस वर्ष भी विद्यालय की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए।विद्यालय की -17 बालिका वॉलीबॉल टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रथम स्थान, जबकि -14 बालिका वॉलीबॉल टीम ने रजत पदक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं -19 बालक वॉलीबॉल टीम ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।तीनों टीमों की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल, अनुशासन, टीम भावना और निरंतर अभ्यास के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

इस अवसर पर सांदीपनी एकेडमी के चेयरमैन श्री राजेश्वर पाटीदार, चेयरपर्सन श्रीमती सारिका पाटीदार, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गोपाल पाटीदार, प्राचार्य डॉ. कमलेश सी. जोशी एवं उपप्राचार्य श्री संजय वर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों कोच संदीप थापा एवं कोच मीत पाटीदार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों की मेहनत और प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करता है। सांदीपनी एकेडमी में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है।

विद्यालय की वॉलीबॉल टीम की लगातार सफलता ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से सफलता का कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं है।



## झूलेलाल मंदिर में भक्तमाल कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में साईं कृष्णदास जी के मुखारविंद से भक्तमाल कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। 16 से 18 अगस्त तक आयोजित कथा के दौरान भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। आयोजन का समापन 18 अगस्त को होगा।

## मोक्ष कल्याणक पर मंदिरों में होंगे धार्मिक आयोजन

**खंडवा।** श्रावण शुक्ल सप्तमी पर बुधवार को शहर के दिगंबर जैन मंदिरों में भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। सराफा स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सुबह 7 बजे अभिषेक एवं शांतिधारा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में पूजन, अभिषेक एवं शांतिधारा के बाद लाडू अर्पित किया जाएगा।



## ऑल इज वेल सुपर क्लीनिक में परामर्श शिविर का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

-ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर एवं इंदिरा आई.वी.एफ. हॉस्पिटल लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में ऑल इज वेल सुपर क्लीनिक, शनि मंदिर, बुरहानपुर में 19 अगस्त को निःसंतानता परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 से अधिक मरीजों ने पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श का लाभ लिया।

शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिश गुप्ता एवं इंदिरा आई.वी.एफ. हॉस्पिटल लिमिटेड की बांझपन विशेषज्ञ डॉ. भूमिका शुक्ला द्वारा निःसंतानता से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं उनके उपचार के संबंध में मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। चिकित्सकों ने मरीजों की समस्याओं को समझते हुए उचित जांच, उपचार एवं आगे की चिकित्सा प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## विशेष स्वास्थ्य परीक्षण व जागरूकता शिविर का जिला न्यायालय परिसर में हुआ आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी



माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा निर्देशित उल्लास एक अभिनव प्रयोग अभियान को अंतर्गत 19 अगस्त को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बड़वानी द्वारा ए.डी.आर भवन के कान्फ्रेंस हॉल में एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य न्यायालयीन अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर एवं उपस्थित पक्षकारों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जांच एवं चिकत्सीय परामर्श उपलब्ध कराना था।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री महेन्द्र कुमार जैन द्वारा शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ रही घातक बीमारियों के प्रति सतर्कता और समय पर इलाज के महत्व को रेखांकित करना है।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के माध्यम से जिला न्यायालय बड़वानी के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, एवं न्यायालय के कर्मचारीगण का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में मुख्यत बी. पी, शुगर, कोलेस्टोल, लीवर, किडनी, आँखों, महिला रोग विशेषज्ञ, ई.सी.जी. विभिन्न प्रकार की जाँच आदि अन्य जाँच के सेम्पल लिये गये।

विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 110 व्यक्तियों के जाँच के लिए सेम्पल लिये गये। शिविर में अस्थि रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ई.एन.टी. रोग विशेषज्ञ, थायराईड, एम.डी. मेडिसन मनोरोग विशेषज्ञ ई.सी.जी टेक्निशियन, आदि द्वारा स्वास्थ्य जाँच की गई साथ ही चिकित्सकों द्वारा स्वस्थ्य जीवन शैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## त्योहारों को लेकर पुलिस का जनसंवाद जारी

**खंडवा।** आगामी त्योहारों को देखते हुए खंडवा पुलिस द्वारा जिलेभर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी संवेदनशील क्षेत्रों में लोगों से चर्चा कर त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दे।

## जिलाबदर बदमाश गिरफ्तार

**खंडवा।**कोतवाली पुलिस ने जिलाबदर बदमाश राहुल पिता सुपा रोकड़े को खंडवा में घूमते पकड़ा। राहुल को 20 जुलाई को एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया गया था। पुलिस ने जिलाबदर आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। उसके खिलाफ पूर्व में 55 अपराध दर्ज हैं और 8 बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हो चुकी है।

## इंजीनियरिंग में प्रवेश का विद्यार्थियों को एक और मौका

**बड़वानी।** तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संशोधित प्रवेश कार्यक्रम जारी किए जाने के बाद शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बड़वानी में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिप्लोमा की रिक्त सीटों पर प्रवेश का एक और अवसर विद्यार्थियों को मिला है। नए शेड्यूल के अनुसार बड़वानी जिले सहित आसपास के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के १०वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी कॉलेज लेवल काउंसलिंग के माध्यम से संस्था में प्रवेश लेकर कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में अपना भविष्य संवार सकते हैं। नए प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन पंजीयन 20 अगस्त 2026 से 14 सितंबर 2026 तक किया जा सकेगा। संशोधित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न तिथियों में संस्था स्तर पर प्रवेश का अवसर दिया गया है।



## विभिन्न विभागों से इलेक्ट्रॉनिक कचरे का वैज्ञानिक संग्रहण एवं निस्तारण जारी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नेपानगर

स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रशासनिक कार्यालय एवं कारखाना परिसर स्थित विभिन्न विभागों से इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट का व्यवस्थित संग्रहण एवं प्रबंधन किया जा रहा है। अभियान के तहत अनुपयोगी मॉनिटर, कीबोर्ड, माउस, प्रिंटर, कार्ट्रिज, टोनर, यूपीएस बैटरियां तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री को एकत्रित कर उनके नियमों के अनुरूप पर्यावरण-अनुकूल निस्तारण की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक कर्मचारी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ई-कचरे का उचित प्रबंधन स्वच्छ भारत अभियान तथा सतत विकास के उद्देश्यों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आईटी अधिकारी आभा महतो ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन स्वच्छ कार्यस्थल, पर्यावरण संरक्षण तथा संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट निस्तारण टीम के तकनीकी प्रभारी मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने बताया कि विभिन्न विभागों से प्राप्त ई-अपशिष्ट का व्यवस्थित संग्रहण, सूचीबद्धकरण एवं वर्गीकरण किया जा रहा है।

## आधार पंजीयन कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी।** जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी जिला बड़वानी के अंतर्गत शासकीय कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में आधार पंजीयन कार्य करने के इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित 31 अगस्त तक आमंत्रित किये जाते है। जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर श्री शुभम जाधव से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड बड़वानी के बीआरसी कार्यालय बड़वानी, कलेक्टर परिसर बड़वानी, ग्राम पंचायत बिजासन, अवल्दा, तलवाड़ा बुजुर्ग, मेणीमाता एवं पिछोड़ी में, विकासखण्ड सेंधवा के बीआरसी कार्यालय सेंधवा, ग्राम पंचायत शाहपुरा, धावड़ी, सोलवन, मेहतगांव में, विकास खण्ड पानसेमल के बीआरसी कार्यालय, ग्राम पंचायत बधारा बुजुर्ग, आमदा, मोयदा, मोरतलाई एवं नगर परिषद खेतिया में, तथा विकासखण्ड राजपुर की ग्राम पंचायत दानोद एवं सालीकला में आधार केन्द्र संचालित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है।



## 12 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर,

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन एवं मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को 12 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश भोपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर बुरहानपुर के माध्यम से प्रेषित किया गया।

उक्त ज्ञापन प्रांतीय निकाय के आव्हान पर एवं उनके मार्गदर्शन, दिशा-निर्देश के अनुसार पेंशनर्स की लम्बित पुरानी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया गया। जिलाध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष अता उल्ला खान ने बताया कि मुख्य मांगों में शामिल हैं: जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई राहत (डी.आर.) का तत्काल आदेश जारी किया जाए

जुलाई 2019 से केन्द्र की तिथि से महंगाई राहत का नियमित भुगतान किया जाए केन्द्र के अनुरूप राहत नहीं देने से जुलाई 2019 से दिसम्बर 2025 तक 90 माह का बकाया एरियर 3 प्रतिशत भुगतान किया जाए सातवें वेतन आयोग का 27 माह और छठे वेतन आयोग का 32 माह का एरियर का भी भुगतान हो पेंशनर्स के लिए निःशुल्क उपचार, कैशलेस इलाज, स्वास्थ्य बीमा सुविधा लागू हो अतिरिक्त पेंशन 65 वर्ष, 70 वर्ष, 75 वर्ष और 80 वर्ष में क्रमशः 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत, 15 प्रतिशत, 20 प्रतिशत दी जाए।

## अजा वर्ग की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोग प्रतिबद्ध - डॉ. जाटव

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बुधवार को खरगोन जिले के प्रवास के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रावासों एवं आश्रमों का भ्रमण किया। उन्होंने यहां रह रहे विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शिक्षा, सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली और बच्चों से चर्चा की।

डॉ. जाटव ने प्रातः 11 बजे जिला पंचायत खरगोन में बैठक में सहभागिता की। बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग की भूमिका एवं शक्तियों के साथ ही अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में दोपहर 3 बजे जिला पंचायत कार्यालय खरगोन में अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक एवं धार्मिक बुद्धिजीवी, विशिष्टजन तथा समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

डॉ. जाटव ने उपस्थितजनों से संवाद करते हुए अजा वर्ग से संबंधित विषयों, समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रमों के दौरान जिले के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष डॉ. जाटव ने कहा कि आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के हितों के संरक्षण, उनकी समस्याओं के निराकरण एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

## कुर्सी से नहीं, व्यक्तित्व से बनता है नंबर एक : मुनि सुधासागर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ इंदौर

दलाल बाग स्थित देशना मंडप में श्रंमण संस्कृति के महाश्रमण सुधासागर जी ने धर्म सभा में कहा - भगवान पार्श्वनाथ का व्यक्तित्व प्रेरणा है। नंबर मत खोजो, अपना चरित्र और क्षमता खोजो चातुर्मास में विराजित श्रमण निर्यापक मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज ने आज की धर्मसभा में अपनी मंगल देशना में कहा*"व्यक्तित्व की महानता"पर अत्यंत प्रेरणादायक देशना दी। गुरुदेव ने कहा कि कुर्सी से नहीं, व्यक्तित्व से बनता है नंबर एक। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि कल्याण का मार्ग और उपलब्धि का सुख मुनि श्री ने कहा कल्याण करना बहुत सरल है।" मोक्षमार्ग पर चलने वाला जीव जब अपनी उपलब्धि को सामने देखता है तो बड़े से बड़े कष्ट भी उसे छोटे लगने लगते हैं। जब हमें किसी चीज की उपलब्धि का सुख दिखाई देता है, तो उस उपलब्धि के सामने कष्टों की परवाह नहीं रहती।" गुरुदेव ने भगवान पार्श्वनाथ का उदाहरण देते हुए कहा अनंत-अनंत जीवों ने कल्याण किया, पर सभी के कल्याणक नहीं मनाए गए। असंख्यात जीवों में से केवल 24 तीर्थंकरों के कल्याणक मनाए गए। और उन 24 में भी भगवान पार्श्वनाथ का व्यक्तित्व ऐसा बना कि आज वे भक्तों के हृदय में एक विशेष स्थान रखते हैं।" मुनि श्री ने कहा महान आत्माएँ किसी एक नंबर की कुर्सी की मोहताज नहीं होतीं। वे जिस स्थान पर बैठ जाती हैं, वही स्थान महत्वपूर्ण और प्रथम बन जाता है।

## जाफर खान अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मजबूत दावेदार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग



मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर संगठन में संभावित नामों की चर्चा के बीच जाफर खान बाग का नाम एक अनुभवी, संघर्षशील और जमीनी कार्यकर्ता के रूप में प्रमुखता से सामने आ रहा है। लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े जाफर खान ने विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यकताओं और आमजन के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। वर्तमान में वार्ड क्रमांक 4, बाग के प्रतिनिधि के रूप में जनसेवा से जुड़े जाफर खान जरूरतमंदों की मदद और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। शैक्षणिक रूप से उन्होंने राजनीति शास्त्र में एम.ए. की शिक्षा प्राप्त की है। राजनीतिक समझ, संगठनात्मक अनुभव और जमीनी जुड़ाव को उनकी प्रमुख ताकत माना जाता है। जाफर खान बाग ने कांग्रेस संगठन में लंबे समय तक सक्रिय रहकर कई महत्वपूर्ण दायित्व संभाले हैं। उन्हें विभिन्न जिलों का प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, प्रदेश महामंत्री तथा अल्पसंख्यक कांग्रेस धार के पूर्व जिला अध्यक्ष जैसी जिम्मेदारियां मिलीं। इन दायित्वों के दौरान उन्होंने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया।

## न्यूज -कॉलम

### मारपीट और अवैध वसूली में फरार बदमाश गिरफ्तार



**उज्जैन।** मारपीट के मामले में पुलिस गिरफ्त से दूर बदमाश ने फरारी के दौरान अवैध वसूली की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। मंगलवार को मुखबीर से सूचना मिलने बाद 6 माह से फरार बदमाश नवाब पिता मुजम्मिल शाह निवासी आजाद गली महिदपुर को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बदमाश ने 23 फरवरी को अपने तीन साथियों के साथ सायरा बी के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी थी। उक्त मामले में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। लेकिन वह फरार चल रहा था, इसी दौरान उसने 14 जून 2026 को अपने साथियों के साथ मिलकर जवाहर मार्ग निवासी मोहम्मद शाहिद का रास्ता रोक खुद को महिदपुर का दादा पहलवान बताकर अवैध रूपयों की मांग की थी और नहीं देने पर मारपीट कर भाग निकला था। बदमाश नवाब शाह के खिलाफ अवैध वसूली का प्रकरण भी दर्ज किया गया था। मंगलवार को सूचना मिलने पर उसे महिदपुर आने पर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। बदमाश थाने का सूचीबद्ध आरोपी है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी मारपीट, जानलेवा हमला, बलवा, अवैध हथियार और अवैध वसूली जैसे गंभीर मामले शामिल हैं।

### रिक्शा हुई बेकाबू- ई-बाइक और ऑटो को मारी टक्कर

**उज्जैन।** गदापुलिया हरिफाटक ब्रिज के पास बुधवार शाम तेजगति से आ रही रिक्शा बेकाबू हो गई। पहले रिक्शा ने ई-बाइक सवार मोहम्मद हमजा पिता मुस्ताक अहमद 19 साल नागौरी मोहल्ला और उसके भाई जियाद को टक्कर मार दी। दोनों भाई घायल हो गये। रिक्शा ने आगे चल रही आटो को भी टक्कर मार दी। जिसमें सवार राजस्थान के भिवाडी में रहने वाली किरण 25 साल घायल हो गई। वह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आई थी। घटनाक्रम में रिक्शा का चालक जहूर पिता मुस्ताक खां निवासी गांधीनगर आगररोड भी घायल हुआ है। सभी को उपचार के लिये लोगों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। जहां मोहम्मद हमजा, किरण और जहूर खां को भर्ती किया गया है। अस्पताल स्टॉफ की ओर से मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी गई है।

### सिरोह के बदमाश ने चुराया था महिला यात्री का पर्स

**उज्जैन।** 14 अगस्त को उज्जैन से चंद्रपुर की यात्रा के लिये मानरगुडी एक्सप्रेस में सवार हुई महिला यात्री साधना का पर्स अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया था। जिसमें 35 हजार रूपये नगद रखे थे। महिला यात्री ने ट्रेन के भोपाल पहुंचने पर मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई थी। जांच डायरी उज्जैन जीआरपी के पास पहुंची तो मामले में प्रकरण दर्ज किया गया और प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें एक संदिग्ध दिखाई दिया, जिसकी तलाश कर उसे स्टेशन परिसर से पक?ा गया। जिससे पूछताछ की गई तो उसने ट्रेन में महिला यात्री का पर्स चोरी करना कबूल कर लिया। मामले में जीआरपी एसआई बजेन्द्र कुशवाह ने बताया कि पर्स चोरी करने वाला निखिल पिता जीतू वंशकार आबिदाबाद सिहोर का रहने वाला है। जिसके पास से 10 हजार 500 रूपये बरामद किये गये है। शेष रूपये उसने जुएं और मौज-मस्ती में खर्च कर दिये थे। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। महिला यात्री का पर्स चोरी करने के मामले में उसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है।

### पांच दिनों से थमी बारिश तापमान में आई तेजी

**उज्जैन।** अगस्त माह के दूसरे सप्ताह में सक्रिय हुआ मानसून अब लौट चुका है। पिछले पांच दिनों से बारिश पूरी तरह से थम गई है। जिसके चलते तापमान में तेजी आ रही है। एक बार फिर से उमस महसूस होने लगी है। स्थानीय जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त के अनुसार बुधवार को दिन का तापमान 31 डिग्री के करीब पहुंचा है। अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री दर्ज किया गया है। हवा 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही है। अभी कुछ दिनों तक बारिश के आसार नहीं है। अब तक 605 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है, जो 24 इंच है। शहर की औसतन बारिश का आंक?ा 36 इंच है, जिसमें 12 इंच की जरूरत ओर है। वर्षाकाल 15 सितंबर तक का है, इस बीच औसतन आंकडा पूरा हो सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 278-7 | 247-3 |
| मेन बाजार | 569-0 | 334-0 |
| कल्याण नाइट | 256-3 | 347-4 |
| मिलन डे | 145-0 | 345-2 |
| मिलन नाइट | 890-7 | 270-9 |
| मधुर डे | 344-1 | 577-9 |
| मधुर नाइट | 359-7 | 227-1 |
| शुभांक | 6 3 | 8 |

### ब्रांडेड सिगरेट चोरी करने वाले आरोपी को आज पेश करेगी पुलिस

# कार में डीजल खत्म होने पर ट्रेन से गया था राजस्थान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महेश्वरी एजेंसी से 20 लाख से अधिक की ब्रांडेड सिगरेट चोरी करने वाले एक आरोपी को आज पुलिस कोर्ट में पेश करेगी। उसका दूसरा साथी वलसाड गुजरात जेल में बंद है, जिसे प्रोटेक्शन रिमांड पर लाया जायेगा। गिरफ्त में आये आरोपी से 18 लाख की सिगरेट, 1.35 लाख नगद और किया सोनेट कार बरामद की जा चुकी है।

दशहरा मैदान स्थित महेश्वरी एजेंसी से 6-7 जून की रात लाखों की ब्रांडेड सिगरेट चोरी होने का मामला सामने आया था। माधवनगर थाना पुलिस ने सौरभ महेश्वरी की शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। फुटेज देखने पर 2 बदमाश 2 कार से आना सामने आये थे। फुटेज के आधार पर पुलिस की टीम राजस्थान पहुंची थी, जहां चित्तौड में कैमरों के फुटेज देखने पर दोनों बदमाशों के चेहरे स्पष्ट सामने आ गये थे। जिसके आधार पर उनकी पहचान करने पर सामने आया था कि दोनों बदमाशों के खिलाफ गुजरात के वलसाड में सिगरेट चोरी के मामले कोर्ट में चल रहे और पेशी पर आते है। सुराग मिलते ही पुलिस ने उनकी पेशी पर आने की तारीख और समय पता किया। जानकारी मिलने पर वलसाड पुलिस की मदद से उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये गये। वलसाड क्राइम टीम ने दोनों को दबोच लिया, एक बदमाश रेहान उर्फ राजा ठाकुर उर्फ संतोष उर्फ मुकेश चौधरी उर्फ राजू मराठा 51 साल निवासी शिवाजीनगर, कमलानगर बेगमबाडी हरि मस्जिद के पास गोवंडी पूर्वी मुम्बई वलसाड में हुई चोरी का आरोपी होना सामने आया। जिसे वलसाड पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। दूसरे आरोपी रामपाल उर्फ रामा पिता हरीराम चौधरी जाट निवासी इंदिरा कालोनी पाली राजस्थान को उज्जैन पुलिस के पहुंचने पर सौंप दिया। रामपाल को उज्जैन लाई पुलिस ने कोर्ट में पेश किया और पूछताछ के बाद निम्बाहेडा स्थित खंडहर मकान से 18 लाख की सिगरेट, 1.35 लाख नगद और किया सोनेट कार जप्त कर ली। रामपाल का गुरूवार को रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया जायेगा। एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि दूसरा आरोपी रेहान वलसाड जेल में है, जिसे प्रोटेक्शन रिमांड पर लाकर चोरी की शेष सिगरेट बरामद की जायेगी।




#### दलोदा और नागझिरी से चुराई थी कार

बताया जा रहा है कि दोनों बदमाश काफी शातिर है। वह वारदात के दौरान मोबाइल का उपयोग नहीं करते थे। सिगरेट चुराने के लिये पहले गगूल पर आईटीसी एजेंसी को सर्च करते थे और गोदाम का पता लगता थे। उसके बाद कार चुराने की वारदात करते थे, जिसे सिगरेट चोरी करने निकलते थे। उज्जैन आने से पहले दोनों बदमाशों ने दलोदा से एक्सयूवी 300 चोरी की थी। दशहरा मैदान आने पर महेश्वरी एजेंसी में सिगरेट के पैकेट अधिक होने पर दोनों नागझिरी पहुंचे थे और वहां से एक्सयूवी 500 चोरी कर वापस लौटते थे, दोनों कारो में सिगरेट भरने के बाद पाली राजस्थान के लिये निकले थे, लेकिन जावरा में रेहान की कार का डीजल खत्म हो गया था, वह कार एक स्थान पर खडी कर ट्रेन से पाली पहुंचा था, जहां पहले पहुंच चुके रामपाल के साथ वापस जावरा लौटकर सिगरेट से भरी कार साथ ले गये थे।

#### निम्बाहेडा में छुपाकर रखते थे सिगरेट

पुलिस पूछताछ में पता चला कि दोनों के खिलाफ कई अपराध दर्ज है। जिसमें कार चोरी और सिगरेट चोरी शामिल है। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से सिगरेट चुरा चुके है। चोरी की सिगरेट निम्बाहेडा में एक खंडहर मकान में छुपाकर रखी जाती थी। उज्जैन पुलिस ने दबिश देकर सिगरेट बरामद की है। किया सोनेट कार से वलसाड कोर्ट पेशी पर पहुंचे थे उसे भी जप्त किया गया है।

# रिमांड पर डोडाचूरा से भरी गाडी छोड़कर भागे आरोपी

### चौमेला से पंजाब लेकर जाते थे, प्याज की आड में करते थे तस्करी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

13 दिन पहले 2.34 क्विंटल डोडाचूरा से भरी पिकअप छोडकर भागे पंजाब के 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार को कोर्ट में पेश कर दोनों को 7 दिनों की रिमांड पर लिया है। प्याज की आड में दोनों तस्करी करते थे।

नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवान ने बताया कि 4-5 अगस्त की रात एसआई रामप्रसाद वेद, प्रधान आरक्षक नीरज पटेल, ईश्वर चौहान, आरक्षक गजेन्द्र दुबे, रोहित मिश्रा शासकीय वाहन से गश्त पर निकले थे। लालपुर से गरोठ ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर अक्षत स्कूल के आगे सडक किनारे एक पिकअप दिखाई दी थी जो नाले में फंसी थी जिसका नम्बर पीबी 11 डीएन 2621 था। आसपास देखने पर चालक दिखाई नहीं दिया। पिकअप की तिरपाल खोली गई उसमें प्याज के बोरे दिखाई दिये। टीम ने पूरी पिकअप की तलाशी तो उसमें से मादक पदार्थ की गंध आने लगी। प्याज के बोरे हटाने पर 8 प्लास्टिक की बोरियां मिली। जिसमें 2 क्विंटल 34 किलो डोडाचूरा भरा होना आया था। प्याज की आड में मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों की लगातार तलाश की जा रही थी। मंगलवार को पंजाब के सिंध से मेघासिंह और गुलबिंदरसिंह निवासी पटियाला को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। दोनों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। मादक पदार्थ से भरी पिकअप मिलने पर एनडीपीएस का प्रकरण दर्ज कर लिया गया था। पूछताछ में दोनों से मादक पदार्थ के संबंध में कई जानकारी सामने आ सकती है और तस्करी से जुडे आरोपियों की सुराग मिल सकता है। फिलहाल दोनों ने बताया कि गाडी अनियंत्रित होने पर सडक किनारे नाले में उतर गई थी, जिसे छोडकर भाग निकले थे और पंजाब पहुंच गये थे।

#### गाडी में मिला था आधार-पेन कार्ड

एसआई रामप्रसाद वेद ने बताया कि मादक पदार्थ डोडाचूरा से भरी पिकअप को जप्त कर थाने लाया गया था। जिसकी पूरी तलाशी लेने पर उसमें से आधार और पेन कार्ड मिले थे। जिसके आधार पर जांच शुरू की गई थी। दोनों कार्ड की मदद से पुलिस ने फोन नम्बर ट्रेस किया था और दोनों की तलाश शुरू की गई थी। बताया जा रहा है कि दोनों चौमेला के रास्ते मादक पदार्थ लेकर आते थे और उज्जैन होते हुये पंजाब पहुंचते थे। गाडी में प्याज-आलू और अन्य सब्जियां भी भरते थे ताकि किसी को मादक पदार्थ तस्करी की शंका ना हो।

### चैकिंग में बाइक सवार के पास मिली शराब



**उज्जैन।** वाहन चैकिंग के दौरान बाइक सवार को घेराबंदी कर पकडा गया तो उसके पास से हजारों की अवैध शराब बरामद हो गई। मामले में प्रकरण दर्ज कर बाइक सवार से पूछताछ की जा रही है।

भाटपचलाना थाना पुलिस द्वारा कस्बे में वाहन चैकिंग की जा रही थी। तभी पता चला कि बिना नम्बर की बाइक पर बडनगर से रूनिजा की ओर एक व्यक्ति आ रहा है। जिसके पास अवैध शराब है। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने चैकिंग में तैनात पुलिसकर्मियों को घेराबंदी के लिये रूनिजा मार्ग पर रवाना किया। बाइक सवार आता दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने का प्रयास किया। लेकिन घेराबंदी होने पर उसे पकड लिया गया। उसकी बाइक पर एक विमल का झोला और टाट का बोरा लदा दिखाई दिया। जिसकी तलाशी लेने पर उसमें भरे देशी शराब 300 क्वार्टर बरामद हो गये। पूछताछ करने पर बाइक चालक का नाम प्रभुलाल उर्फ प्रभु पिता राजाराम मेडा निवासी ग्राम चंदोडिया राजोद धार हाल मुकाम ग्राम डोलाना बदनावर सामने आया। जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया। अवैध शराब का परिवहन करने वाले से पूछताछ की जा रही है।

# देहरे हत्याकांड के आरोपी ने किया कोर्ट में समर्पण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नीलगंगा चौराहा पर गोरकर परिवार पर हमला कर दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपियों में शामिल एक ने मंगलवार को कोर्ट में समर्पण कर दिया। जिसे 23 अगस्त तक रिमांड पर लिया गया है। 20 दिन पहले भी 2 आरोपियों ने सरेंडर किया था।

18 जुलाई की रात नीलगंगा चौराहा पर पासी गिरोह के बदमाशों ने तलवार-चाकू, कट्टों से गोरकर परिवार पर हमला किया था। कई राउंड गोलियां चलाई थी। जिसमें सगे भाईयों लोकेश गोरकर और जितेश गोरकर की मौत हो गई थी। दोनों के चाचा दिलीप गोरकर और चचेरा भाई तपन गोरकर घायल हुआ था। पुलिस ने मामले में तपन गोरकर की शिकायत पर 8 नामजद और अन्यों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से लगातार आरोपियों की तलाश जारी है। मंगलवार को एक आरोपी सन्नी पिता संतोष बोरासी निवासी जबरन कालोनी ने कोर्ट में समर्पण कर दिया। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि आरोपी को 23 अगस्त तक रिमांड पर लिया गया है। जिससे फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। विदित हो कि 29 जुलाई को हत्याकांड से जु? 2 आरोपियों संजय पिता रामलखन पासी जबरन कालोनी और वेदू पिता दीपक पासी निवसी महू इंदौर ने कोर्ट में समर्पण किया था। दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी रोशन पासी और 3 साथी अब भी फरार है।

#### अब तक इनकी हो चुकी गिरफ्तारी

दोहरा हत्याकांड सामने आने के बाद दूसरे दिन पुलिस ने एक आरोपी नरेश पासी को लालपुल के पास से शार्ट एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं एक नाबालिग और 2 आरोपियों पियुष पिता विजय पासी निवासी कुमार खाडी बाणगंगा, विवेक पिता दिनेश वर्मा निवासी बडी ग्वालटोली इंदौर को मंछामन मल्टी से गिरफ्तार किया था। वहीं अर्थव गर्ग निवासी विवेकानंद कालोनी, राकेश पासी, दुर्गेश पासी जबरन कालोनी और मंजू उर्फ मीना बोरासी के साथ पूर्व में समर्पण कर चुके संजय पासी और वेदू पासी को जेल भेजा जा चुका है।

### दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**उज्जैन।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई है। आरोपी को 17 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 21 सिंतबर 2023 को नाबालिग अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश की, इस दौरान पता चला कि बालिका के लापता होने वाले दिन से देवीलाल पिता हरिराम सिंगार 23 वर्ष निवासी ग्राम दंडोता भी लापता है। परिजनों की शिकायत पर बड़नगर थाना पुलिस ने अपहरण की धारा 363 का का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। कुछ दिन बाद देवीलाल सिंगार को हिरासत में लिया गया और उसके कब्जे से नाबालिग को दस्तयाब किया। नाबालिग के कथन लेने पर उसने देवीलाल द्वारा जबरदस्ती गलत काम करना बताया। पुलिस ने मामले में 376, 376(3), 376 (2) (एन) भादंवि एवं धारा 5 (जे-11)/6, 5-एल/6, 3/4(2) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का इजाफा कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया। 35 माह चली सुनाई के बाद बड़नगर पास्को एक्ट न्यायालय के विशेष न्यायाधीश रामबिलास गुप्ता ने फैसला सुनाते हुये आरोपी को 20 की सजा और 17 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में भारती उज्जालिया, विशेष लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

### दुपट्टे के फंदा बनाकर छात्रा ने लगाई फांसी



**उज्जैन।** दुपट्टे का फंदा बनाकर बुधवार दोपहर छात्रा ने फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे देखा तो अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने मृत घोषित करने के बाद नानाखेडा थाना पुलिस को सूचना दी।

मुनीनगर में रहने वाली वंशिका पिता दिनेश राय 19 साल कॉलेज में प्रथम वर्ष का अध्ययन कर रही थी। दोपहर 1 बजे के लगभग उसने अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन कमरे में पहुंचे तो उसे लटका देख नीचे उतारा और चरक अस्पताल लेकर आये। वंशिका की मौत हो चुकी थी। नानाखेडा थाना एसआई रूकमणी ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों के गमगीन होने पर घटना की वजह सामने नहीं आई है। बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।


#### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भूमि स्वामी 01 मुकेश पिता श्री मांगीलाल जी आयु 44 वर्ष 02 सुमित्रा बाई पति श्री कन्हैयालाल जी आयु 52 वर्ष जाति कुल्मी पाटीदार (पि.वर्ग) निवासी व कृषक ग्राम ढाबला हर्दू तहसील माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 479 रकबा 0.24 हैक्टर, सर्वे नम्बर 480/1 रकबा 0.05 हैक्टर, सर्वे नम्बर 485 रकबा 0.14 हैक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 0.43 हैक्टर, स्थित ग्राम ढाबला हर्दू प.ह.न. 0006 तहसील माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रेता संजय घोडेला पिता श्री रामगोपाल घोडेला आयु 47 वर्ष जाति कुमावत (पि. वर्ग) निवासी ग्राम केसरीपुरा तसील सांवेर जिला इन्दौर मध्यप्रदेश के हित राशि राशि 25,80,000/- अक्षरी पच्चीस लाख अस्सी हजार रूपयें प्रति बिघा के माने से कुल सौदा राशि 44,37,600/- अक्षरी चवालीस लाख सेतीस हजार छः रूपयें मे विक्रय कर दिया होकर विकय मुल्य पेटे अग्रिम बयाना राशि 11,09,400/- अक्षरी ग्यारह लाख नौ हजार चार सौ रूपयें नगदी राशि गवाहों के समक्ष आज दिनांक 03-07-2025 को प्राप्त कर लिये है तथा शेष राशि 33,28,200 /- अक्षरी तेतीस लाख अळाईस हजार दौ सौ रूपयें नगदी राशि गवाहों के समक्ष आगामी दिनांक 20-12-2025 को शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष था किन्तु क्रेता द्वारा समयावधि में शेष राशि अदा नहीं होने के कारण उपरोक्त सोदा निरस्त कर दिया गया है तथा विक्रेता उक्त भूमि किसी अन्य को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र है जिसमें किसी कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र सोदा किसी अन्य पक्ष कार के हित में करवा दिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो। यह दिनांक - 20-08-2 026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस क्रमांक 07 ग्राम घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन मो. 8719997462, 9584898788**

#### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने मकान स्वामी सुधा जैन पति स्वं दिलीप जैन निवासी ग्राम घटिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व अधिपत्य का एक मकान जो राजस्व सर्वे नम्बर 680 व ग्राम पंचायत में मकान स्वामी के नाम से दर्ज होकर जिसकी कुल लम्बाई चौडाई 1350 वर्गफिट कि स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित होकर मेरे पक्षकार ने उक्त मकान को क्रय करने का सौदा कर किया गया है जिसकी बयाना राशि मेरे पक्षकार केता ने अदा कर अपने नाम की सोदा चिटठी एवं अनुबंध पत्र तैयार करवा लिया गया है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसाइटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका विधिवत निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचित हो। इति: दिनांक-19/08/2026 स्थान-घट्टिया

**शादाब मन्सुरी**
**सर्विस प्रोवाइडर एण्ड स्टाम्प वेन्डर**
**कार्यालय तहसील परिसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मो. 8878601187-8770092900**

#### जाहिर सूचना का खंडन एवं सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 19/08/2026 को उक्त कृषि भूमि के संबंध में एक जाहिर सूचना दैनिक अवंतिका समाचार पत्र पेज नं. 8 में प्रकाशित कराई गई है, जिसका मेरे पक्षकार की ओर से विधिवत् खंडन एवं आपत्ति प्रस्तुत की जा रही है। यह उल्लेखनीय है कि उक्त कृषि भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय किए जाने के पश्चात सर्वप्रथम दिनांक 16/06/2026 को जाहिर सूचना प्रकाशित कराकर सर्वसाधारण को उक्त भूमि के संबंध में सूचना दी गई थी। दिनांक 19/08/2026 को उक्त भूमि के संबंध में प्रकाशित जाहिर सूचना रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाइडर), बंसल टाइपिंग सर्विस, सी-7, भारतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन के माध्यम से प्रकाशित कराई गई है। उक्त संपत्ति, अर्थात आराजी सर्वे क्रमांक 154/1, रकबा 0.3900 हेक्टेयर, स्थित ग्राम निपानिया गोयल, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.), के संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा अपने अधिकारों के संरक्षण हेतु संबंधित पक्षकारों के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में आवश्यक सिविल एवं अन्य विधिक कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। अत: दिनांक 19/08/2026 को प्रकाशित उक्त जाहिर सूचना का मेरे पक्षकार की ओर से स्पष्ट रूप से खंडन एवं विरोध किया जाता है तथा आमजन एवं संभावित क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, हस्तांतरण, अनुबंध अथवा अन्य लेन-देन करने से पूर्व संबंधित दस्तावेजों एवं अधिकारों की समुचित जांच कर लें। किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि के संबंध में किया गया कोई भी लेन-देन पूर्णत: उसके स्वयं के जोखिम एवं उत्तरदायित्व पर होगा तथा उससे मेरे पक्षकार के पूर्व से विद्यमान अधिकार किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं होंगे। दिनांक 20/08/2026 स्थान इंदौर

**अधिवक्ता अर्शीत कौर मुटनेजा उच्च न्यायालय अधिवक्ता, मध्यप्रदेश**
**कार्यालय-34, संत नगर, खंडवा रोड इंदौर 452001**
**मो. 8982830387**

# छोटे बीज में बड़ा वृक्ष



बुद्ध के पास एक बूढ़ा भिक्षु था। एक दिन उन्होंने उस वृद्ध भिक्षु से पूछा, आपकी उम्र क्या है? भिक्षु ने कहा, आप भली-भांति जानते हैं, फिर भी पूछते हैं? मेरी उम्र पांच वर्ष है।

बुद्ध ने मुस्कुराते हुए कहा- परिहास करते हो, पचहत्तर से कम न होगी?

वृद्ध भिक्षु ने कहा, भंते, सत्तर वर्ष जिया हूं, लेकिन वे जीने के वर्ष नहीं कहे जा सकते, तो उनकी गिनती उम्र में कैसे करूं? पिछले पांच वर्षों से जीवन को जाना है, इसलिए पांच ही वर्ष की गिनती करता हूं। सत्तर वर्ष तो सोते हुए, नींद में, बेहोशी में और मूर्खता में बीत गए। उनकी गिनती भला कैसे करूं? नहीं जानता था वास्तविक जीवन को, इसलिए पहले उनकी भी गिनती कर लेता था। अब जब से इसे जाना है, तब से उम्र की गिनती बहुत मुश्किल हो गई है। बुद्ध ने अपने सभी भिक्षुओं से कहा, आज से तुम सब भी जीवन की गिनती इसी भांति करना।

जिसे हम अब तक जीवन जान रहे हैं, वह जीवन नहीं, एक निद्रा, एक मूर्च्छा है, एक दुख की लंबी कथा है, एक अर्थहीन खालीपन है, जहां कुछ भी नहीं है हमारे हाथों में। जहां न हमने कुछ जाना है और न कुछ जिया है। फिर जीवन कहां है, जिसकी हम बात करें? उस जीवन को पाने के सूत्र क्या हैं? एक सूत्र पर मैंने पहले बात की है, दूसरे सूत्र पर अभी बात करूंगा।

इस दूसरे सूत्र को समझने के लिए एक बात समझ लेनी जरूरी है। मनुष्य का जीवन भीतर से बाहर की तरफ आता है, बाहर से भीतर की तरफ नहीं। जीवन भीतर से बाहर की तरफ आता है। एक बीज से अंकुर निकलता है। वह भीतर से आता है। फिर वृक्ष बड़ा होता है, फिर पत्ते, फूल और फल आते हैं। उस छोटे से बीज से एक बड़ा वृक्ष निकलता है, जिसके नीचे हजारों लोग विश्राम कर सकें, छाया ले सकें। एक छोटे से बीज से इतना विशाल वृक्ष निकलता है, जिसको तौलने बैठें, तो कल्पना के बाहर है। इतने छोटे बीज में इतना बड़ा वृक्ष कैसे छिपा हो सकता है? वृक्ष बाहर से नहीं आता है-यह अंधा भी कह सकेगा। वृक्ष भीतर से आता है। उस छोटे से बीज से ही आता है।

जीवन भी छोटे बीज से भीतर से बाहर की तरफ फैलता है और हम सारे लोग जीवन को बाहर ही खोजते हैं। जीवन आता है भीतर से, फैलता है बाहर की तरफ। बाहर जीवन का सिर्फ विस्तार है, उसका केंद्र नहीं। जीवन की मूल ऊर्जा, जीवन का स्रोत भीतर है। उसकी शाखाएं बाहर हैं। हम सब जीवन को बाहर खोजते हैं, इसलिए उससे वंचित रह जाते हैं। जीवन को नहीं जान पाते हैं। पत्तों को जान लेते हैं, पहचान लेते हैं, लेकिन पत्ते जड़ें नहीं हैं।

सम्पादकीय

## पुलिस की भूमिका

जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन और 20 जुलाई को छात्रों के संसद-मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस की कार्रवाई ने उस विरोध-प्रदर्शन को न सिर्फ देशव्यापी बना दिया, बल्कि दुनिया भर में इसे सुर्खियों में ला दिया। आलम यह रहा कि तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को कुर्सी छोड़नी पड़ी और सुप्रीम कोर्ट ने पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। अब दिल्ली पुलिस ने अदालत में हलफनामा देकर अपनी सफाई पेश की है कि सीजेपी को संसद-मार्च की अनुमति नहीं दी गई थी और उस दिन जंतर मंतर पर 30 हजार प्रदर्शनकारी एकत्र थे, जिन्हें काबू में रखने के लिए दिल्ली पुलिस ने हल्का बल-प्रयोग किया था। हलफनामे में दावा किया गया है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके, बैरिकेड्स तोड़े और सुरक्षाकर्मियों से सामान छीनने की कोशिश की। इन सबसे निपटने के लिए ही लाठीचार्ज का सहारा लिया गया और इस झड़प में 240 पुलिसकर्मी व 200 के करीब प्रदर्शनकारी जख्मी हुए। दिल्ली पुलिस ने सादे कपड़ों में सुरक्षा बलों के जवानों की तैनाती का भी दावा किया है। उसका यह भी दावा है कि प्रदर्शन में असामाजिक तत्व घुस आए थे, जिनमें से 2,873 लोगों की उसने शिनाख्त की है। पुलिस ने पैलेट गन के इस्तेमाल से इनकार किया है।

इस हलफनामे में किए गए दावों और मुख्यधारा के मीडिया व सोशल मीडिया में नुमाया तस्वीरों, वीडियो क्लिप के बीच काफी अंतर है और इस मामले में स्वतंत्र जांच ही सही न्याय कर सकती है। इस लिहाज से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कि पुलिस ज्यादती के आरोपों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी, स्वागत-योग्य कदम है। अदालत ने इस जांच समिति का नेतृत्व सुप्रीम कोर्ट के किसी पूर्व न्यायाधीश को सौंपने और सीबीआई के एक पूर्व निदेशक व एक पूर्व डीजीपी को इसका सदस्य बनाने का फैसला किया है, तो उम्मीद की जानी चाहिए, आरोपों की पूरी गंभीरता से जांच होगी और उसके निष्कर्ष भविष्य में ऐसे आंदोलनों से निपटने के लिए पुलिस को नई राह दिखाएंगे। इस समिति से जल्द से जल्द अपनी जांच पूरी करने के लिए अनुरोध किया जाना चाहिए, ताकि देश हकीकत से वाकिफ हो सके। सीजेपी पर भी यह जिम्मेदारी आयद होती है कि वह घायल छात्रों से जुड़े तमाम दस्तावेज इस उच्चस्तरीय जांच समिति को मुहैया कराए।

### विकसित भारत बनाने का संकल्प सरकार का नहीं

# 140 करोड़ लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी ?

लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करना केवल एक संवैधानिक परंपरा नहीं है, बल्कि यह भारत की वर्तमान दिशा और भविष्य के सपनों को देश के सामने रखने का अवसर भी है। 15 अगस्त 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। भाषण का सबसे बड़ा संदेश 2047 के उस भारत का सपना था, जब देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। 80वां स्वतंत्रता दिवस अपने आप में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आजादी के 80 वर्ष पूरे हो चुके हैं और अब देश के सामने अगला बड़ा पड़ाव 2047 है। अर्थात आने वाले 21 वर्ष भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाले हैं। प्रधानमंत्री के भाषण को यदि इसी संदर्भ में देखा जाए तो यह केवल उपलब्धियों का बखान नहीं, बल्कि अगले दो दशकों के लिए विकास की प्राथमिकताओं का संकेत भी देता है।



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि प्रधानमंत्री के संबोधन में युवा शक्ति को विशेष महत्व मिला। यह स्वाभाविक भी है। 2047 का भारत आज के युवाओं के परिश्रम, प्रतिभा, नवाचार और नेतृत्व से ही बनेगा। आज का विद्यार्थी कल का वैज्ञानिक, इंजीनियर, उद्यमी, किसान, सैनिक, शिक्षक, चिकित्सक, प्रशासक और जनप्रतिनिधि बनेगा। इसलिए 2047 की कल्पना वर्तमान युवा पीढ़ी को केंद्र में रखे बिना पूरी नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कौशल विकास की घोषणा की। उन्होंने एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को एआई कौशल से जोड़ने की बात कही। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग नेटवर्क और पांच से 15 वर्ष की आयु के बच्चों में खेल प्रतिभा खोजने का राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की बात भी रखी। इन घोषणाओं का महत्व केवल तत्काल रोजगार या प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है। दुनिया तेजी से बदल रही है। आने वाले समय में वही देश आगे रहेगा जो तकनीक, ज्ञान और नवाचार में नेतृत्व करेगा। भारत के पास विशाल युवा आबादी है। यदि इस युवा शक्ति को आधुनिक शिक्षा, कौशल, अनुसंधान और अवसर मिलते हैं तो यही जनसंख्या भारत की सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

प्रधानमंत्री के भाषण में आत्मनिर्भरता भी प्रमुख विषय रही। भारत को केवल बड़ा बाजार नहीं, बल्कि उत्पादन, तकनीक और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा पर जोर दिया गया। विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, रक्षा और तकनीकी क्षमता को मजबूत करने की बात इसी व्यापक सोच का हिस्सा है। आज की दुनिया में आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से अलग होना नहीं है। इसका अर्थ है कि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत इतना सक्षम हो कि किसी संकट के समय देश को दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े। रक्षा उपकरणों से लेकर सेमीकंडक्टर और ऊर्जा तक, रणनीतिक क्षेत्रों में घरेलू क्षमता का निर्माण राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक मजबूती दोनों के लिए आवश्यक है।

प्रधानमंत्री ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में 2047 तक 100 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य और इस दशक में पांच नए परमाणु रिएक्टरों की योजना का उल्लेख किया। यह संकेत है कि विकसित भारत की कल्पना केवल सड़क, रेल, भवन और डिजिटल सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्याप्त और भरोसेमंद ऊर्जा व्यवस्था भी उसकी बुनियादी शर्त है। इसी प्रकार रक्षा शक्ति पर जोर भी भाषण का महत्वपूर्ण पक्ष रहा। किसी भी विकसित राष्ट्र के लिए आर्थिक शक्ति के साथ मजबूत सुरक्षा व्यवस्था आवश्यक है। भारत की सीमाओं की सुरक्षा, रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता और आधुनिक सैन्य तकनीक आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय शक्ति के महत्वपूर्ण आधार होंगे। प्रधानमंत्री के संबोधन में रक्षा शक्ति को विकसित भारत की यात्रा की महत्वपूर्ण कुंजी के रूप में रेखांकित किया गया। लेकिन विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं हो सकता। देश तभी विकसित कहलाएगा जब विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, महिला सशक्तीकरण और गरीबों के जीवन में सुधार भी विकास के महत्वपूर्ण मानदंड हैं। सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा के विस्तार को भी इस दशक की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

प्रधानमंत्री के संबोधन की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता शक्ति की सप्त धारा के माध्यम से विकास को व्यापक आधार देने की सोच रही। इसका संकेत यही है कि भारत का विकास किसी एक क्षेत्र के सहारे नहीं हो सकता। कृषि से उद्योग तक, विज्ञान से शिक्षा तक, ऊर्जा से रक्षा तक और महिलाओं से युवाओं तक-हर क्षेत्र को समान रूप से आगे बढ़ाना होगा। यहां यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि 2047 का विकसित भारत आखिर कैसा होगा? केवल दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना पर्याप्त नहीं होगा। विकसित भारत वह होगा जहां नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर मिलें, किसान आधुनिक तकनीक के साथ समृद्ध हों, महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हों, गांव और शहर के बीच सुविधाओं की खाई कम हो तथा न्याय और शासन व्यवस्था में जनता का विश्वास मजबूत हो।

प्रधानमंत्री के भाषण का संदेश इसलिए केवल सरकार की योजनाओं तक सीमित कर-के नहीं देखा जाना चाहिए। उसमें नागरिक भागीदारी पर भी जोर था। प्रधानमंत्री ने विकास की इस यात्रा को सरकार, उद्योग, किसान, युवा और समाज के विभिन्न वर्गों की सामूहिक जिम्मेदारी से जोड़ा। यही इस भाषण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है। किसी भी राष्ट्र का निर्माण केवल सरकारें नहीं करतीं। सरकार नीति और दिशा दे सकती है, संसाधन उपलब्ध करा सकती है और संस्थागत व्यवस्था बना सकती है, लेकिन राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसके नागरिकों के परिश्रम से होती है। यदि युवा मेहनत को अपना मंत्र बनाएं, उद्योग नवाचार को अपनाए, किसान आधुनिक तकनीक को स्वीकार करें, शिक्षक नई पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करें और नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें तो 2047 का लक्ष्य अधिक वास्तविक बन सकता है। हालांकि किसी भी बड़े लक्ष्य की घोषणा के साथ उसकी राह में मौजूद चुनौतियों को भी स्वीकार करना आवश्यक है।

## सरकारी मुहर

आंगनवाड़ी केंद्र के उस जंग लगे लोहे के दरवाजे के पास अस्सी साल के रामसेवक दादा हर दोपहर ठीक बारह बजे अपना पुराना लाल रंग का ट्रांजिस्टर रेडियो लेकर इस तरह बैठ जाते थे जैसे कोई ईमानदार आदमी भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहा हो। उस रेडियो का एंटीना वैसे ही टूटा हुआ था जैसे सरकारी वादों की कमर टूटी होती है और उसमें न तो कोई बैटरी थी और न ही पीछे कोई तार लगा था क्योंकि इस देश में व्यवस्था बिना करंट के ही झटके देने में माहिर है। दफ़्तर की सहायिका जब भी उन्हें उस बेजान डिब्बे का नॉब घुमाते और कान लगाकर सुनते देखती तो अपनी प्रशासनिक हंसी बिखेरते हुए कहती कि दादा जब इस रेडियो में न सेल हैं न तार तो रोज दोपहर को इस कड़कती धूप में यहाँ आकर क्या सुनने का नाटक करते हो। रामसेवक दादा अपनी सफेद मूंछों पर वैसे ही हाथ फेरते जैसे नेता चुनाव जीतने के बाद जनता के सपनों पर फेरता है और एक गहरी सांस लेकर कहते कि बेटी इसमें कोई फिल्मी गाना या सरकारी भजन नहीं आ रहा है बल्कि इसमें इस पूरे जिले की अंधी और बहरी व्यवस्था की वो धड़कन बज रही है जिसे तुम जैसे फाइलों के कीड़े कभी सुन ही नहीं सकते क्योंकि तुम्हारी सुनने की शक्ति तो साहब की जी हुजूरी में ही खर्च हो जाती है। आसपास से गुजरने वाले ग्रामीण और पंचायत के पंच उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है मासाब की उम्र का असर दादा पर भी हो गया है जो बिना बिजली के डिब्बे से वैसी ही खबरें निकालना चाहते हैं जैसी बिना काम किए सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाती है। रामसेवक दादा बिना किसी की बात पर ध्यान दिए उस पुराने ट्रांजिस्टर को अपनी सूती चादर के कोने से वैसे ही जतन से पोंछते जैसे कोई चपरासी साहब की मेज पोंछता है और चुपचाप अपने कान को उसके स्पीकर के पास सटाकर बैठ जाते थे।

## पञ्चांग राशिफल


दिनांक - 20 अगस्त 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:09 सूर्यास्त 18:51
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - अष्टमी 21:19 उपरांत नवमी
नक्षत्र - विशाखा 09:08 उपरांत अनुराधा
योग - ऐन्द्र 04:25 उपरांत वैधृति
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 06 तारिख

**मेष-** कार्यस्थल पर आपकी ऊर्जा और काम की गति की प्रशंसा होगी। ऊर्जा का स्तर बढ़िया रहेगा।
**वृषभ-** आज साझेदारी के कारोबार में लाभ होगा, लेकिन जोखिमभरे निवेश से दूर रहें। पार्टनर के साथ संबंधों में मधुरता आएगी।
**मिथुन-** कार्यस्थल पर सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा। शेयर/म्यूचुअल फंड में सोच-समझकर निवेश करें।
**कर्क-** लव लाइफ में नयापन और ताजगी महसूस होगी। रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।
**सिंह-** नए प्रोजेक्ट की शुरूआत के लिए दिन शुभ है। कारोबार में यात्रा के योग हैं।
**कन्या-** दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सेहत अच्छी रहेगी।
**तुला-** सहकर्मियों के साथ मिलकर किया गया काम सफल होगा। मानसिक रूप से भावुक रहेंगे।
**वृश्चिक-** कारोबारी हैं तो लेनदेन के मामलों में सावधानी बरतें। अविवाहितों को शादी का प्रस्ताव आ सकता है।
**धनु-** नौकरी बदलने का विचार मन में आ सकता है। व्यापारिक सौदे सफल रहेंगे।
**मकर-** पार्टनर से किसी बात को लेकर बहस न करें। नए इनकम सोर्स बनेंगे।
**कुंभ-** कार्य स्थल पर रुका हुआ काम किस्मत के भरोसे पूरा हो जाएगा। कारोबारी हैं तो भरपूर लाभ की संभावना है।
**मीन-** प्रेम जीवन में रोमांस की बढ़ोतरी होगी। फंसा हुआ धन मिलने के योग हैं। सेहत सामान्य रहेगी।

समसामयिक

## हंगामा है क्यों बरपा

अकबर इलाहबादी की मशहूर गजल का मुखड़ा है हंगामा है क्यों बरपा में से हंगामें का आजकल बहुत इस्तेमाल हो रहा है हमारे प्रजातंत्र के बैठक स्थलों यानि संसद और विधानसभाओं में बताया जाता है कि संसद की एक दिन की कार्यवाही पर करोड़ रुपया रोज खर्च होता है जबकि संसद में अधिकाँश समय हंगामें के सिवा कोई काम न होता और यह करोड़ रुपया रोज बर्बाद होता रहता है। कई बार जन प्रतिनिधि और सरकारें जनहित के कामों के लिए पैसा न होने का रोना रोती रहती हैं, उन्हें इस बर्बादी पर जरा दर्द नही होता। कहने को तो संसद और विधान सभाओं में जनता की समस्याओं पर चर्चा होती है उसके भले के लिए कानून बनते हैं। वहां विधायक और सांसद सरकार से सवाल पूछ सकते हैं लेकिन होता बिलकुल उलटा है। वहां अधिकाँश समय सार्थक चर्चा न होकर,होता है तो सिर्फ हंगामा और शोर शराबा। इसी शोर शराबे के बीच सरकारें अपनी मनमर्जी से नये कानून पास करा लेती है और छुट्टी हो जाती है अगले सत्र तक हंगामा और शोर शराबा करने की।



ओमप्रकाश चौधरी
(दैनिक अविन्तका)

मेरे एक मित्र हैं जो देश और दुनिया की स्थिति को लेकर हमेशा चिंतित रहते हैं। हाल यह है कि उन्हें अपने घर परिवार से ज्यादा चिंता रहती है देश और दुनिया की। वे पिछले दिनों मिले तो बोले भाई साहब यह दिल्ली में क्या हो रहा है ? मैंने कहा बहुत बड़ा शहर है कुछ न कुछ तो होता ही रहता है। इस पर वे बोले यार मैं शहर की नही संसद की बात कर रहा हूँ। मैंने कहा क्या नई संसद में फिर कहीं से पानी का टपका गिर गया क्या ? वे बोले यार क्या हर समय मजाक के मूड में रहते हो कभी तो सीरियस हुआ करो तब मुझे लगा कि जरूर कोई बड़ी बात हो गई है, तो मैं बोला हाँ कहिये क्या हो गया ? वे बोले क्या यार ये संसद में रोज हंगामा, शोर शराबा होता रहता है। क्या इन्हें हम वहां इसलिए भेजते हैं ? ये काम तो कुछ करते नहीं केवल हंगामा करने का वेतन और भत्ते ले रहे हैं। और एक हम हैं एक दिन नौकरी पर न जाएँ तो सरकार बहादुर हमारा वेतन काटने को आमादा हो जाती है। देखते ही देखते उन्होंने मुझ पर सवालों की बोछार कर दी। जैसे मैं ही इस सबके लिए जिम्मेदार हूँ, या इसे रोक सकता हूँ पर रोकता नहीं।

मैंने उन्हें बिठाया ठंडा पानी पिलाया। फिर कहा भाई साहब आपकी बात तो सोलह आने सही है, पर हम करें क्या? एक बार इन्हें वोट देकर जिता क्या दिया ये पांच साल तक बिना नाथ मोरे के बैल हो गए हैं हम इनका कुछ नही कर सकते। ये वहां जाकर वही करते हैं जो इनका हाईकमान कहता है। यह सुनते ही वे फिर भड़के तो क्या ये केवल कठपुतलियाँ हैं ? अपने से मिलते हैं तब तो बड़ी बड़ी बातें करते हैं ,हम आपकी समस्याओं को उठाएंगे उनका समाधान करेंगे। लेकिन राजधानी में जाकर सब भूल जाते हैं और लग जाते हैं हंगामा करने फिर वे अचानक थोड़ा अतीत में चले गए और बोले एक समय वह भी था जब विपक्ष में गिनती के सांसद और विधायक होते थे लेकिन बिना हंगामा किये ऐसे-ऐसे सवाल करते थे कि सरकार और उसके मंत्री जवाब तक नही दे पाते थे। लेकिन तब उन्हें वहां बोलते हुए देखने का मौका ही कहाँ मिलता था। आज इन्हें बोलते हुए देखने का अवसर है तो ये न खुद कुछ बोलते हैं, न दूसरों को बोलने देते हैं, करते हैं तो केवल हंगामा।

मेरे मित्र का सवाल वाकई बहुत प्रासंगिक और विचार करने लायक है। बिना काम के जब एक अदने से कर्मचारी को वेतन नहीं मिल सकता तो हमारे ये जन प्रतिनिधि बिना काम के वेतन और भत्ते कैसे ले रहे हैं ? इस हंगामे को रोकने के लिए कोई कानून क्यों नहीं बनता ? काम नही तो वेतन नही की तर्ज पर यह व्यवस्था क्यों नही होती कि हंगामा करोगे तो वेतन और भत्ते नहीं मिलेंगे। लेकिन लाख टके का सवाल है कानून बनाए कौन ? जिन्हें कानून बनाना है वही तो रोज हंगामा कर रहे हैं।


# तनाव की समस्या से हैं परेशान तो डाइट में शामिल करें ये फूड्स

कोरोना काल के बाद तनाव और डर का माहौल और ज्यादा बढ़ गया है। इस दौर में बच्चे भी तनाव से मुक्त नहीं है। पुराने आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में 84 फीसदी लोग तनाव का शिकार है, यह बीमारी लोगों में तेजी से फैल रही है। तनाव को दूर करने के लिए हम संगीत, एक्सरसाइज योगा और मेडिटेशन करते हैं, लेकिन आप जानते हैं तनाव से मुक्ति पाने के लिए विटामिन युक्त फूड्स बेहद असरदार हैं। तनाव को कम करने वाले ये फूड इम्युनिटी बढ़ाते हैं, साथ ही आपको हेल्दी भी रखते हैं। आइए जानते हैं तनाव से मुक्ति पाने के लिए आप डाइट में कौन-कौन से फूड शामिल कर सकते हैं। हेल्थचेकअप और ऑनलाइन कंसल्टेशन बुक करना

### ब्लू बैरीज

ब्लूबेरी में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है जो तनाव कम करने में मददगार है। जब हम तनाव में होते हैं तो कोशिकाओं को स्वस्थ रहने के लिए हमारे शरीर को विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट की आवश्यकता होती है।

### संतरे



विटामिन सी से भरपूर संतरा तनाव हार्मोन को कम करने और इम्युनिटी को मजबूत करने में बेहद मददगार है। संतरा हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, साथ ही तनाव हार्मोन को कम करने में भी मदद करता है।

### पालक

पालक पौष्टिक पत्तेदार हरी सब्जी है जिसमें कैल्शियम, विटामिन बी, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। पालक तनाव और चिंता को दूर करता है। इसमें कार्ब्स कम होता है, इसलिए ये वजन घटाने और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए फायदेमंद होता है।

### अंडे

अंडा सेहत के लिए बेहद उपयोगी है, इसमें विटामिन, मिनरल, अमीनो एसिड और एंटीऑक्सीडेंट गुण भरपूर मात्रा में होते हैं, जो तनाव को कम करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद कोलीन मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। यह तनाव से भी निजात दिलाता है। हेल्थचेकअप और ऑनलाइन कंसल्टेशन बुक करना

### एवोकाडो

एवोकाडो में विटामिन बी भरपूर मात्रा में होता है जो तनाव से राहत दिलाने में मददगार होता है। इसमें मोनोअनसैचुरेटेड फैट और पोटैशियम भी भरपूर होता हैं जो ब्लड प्रेशर को कम करता है और तनाव से मुक्ति दिलाता है।


### अश्वगंधा

अश्वगंधा एक ऐसी आयुर्वेदिक जड़ी बूटी है जो ना सिर्फ तनाव से मुक्ति दिलाती है बल्कि बॉडी को संट्रॉन्ग भी रखती है। तनाव के कारण नींद सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। अगर आप भी तनाव से मुक्ति पाना चाहते हैं तो रात को सोने से पहले अश्वगंधा का सेवन करें।

धर्म-आस्था

# गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को तपस्वी या ज्ञानी बनने के बजाय योगी बनने की क्यों दी सलाह

अधिकतर लोग ताप या ज्ञान के जरिये जीवन को समझना चाहते हैं या ईश्वर को पाना चाहते हैं लेकिन श्रीकृष्ण ने इन सबसे ऊपर रखा योगी को। उन्होंने अर्जुन को योगी बनने की सलाह दी। लेकिन उन्होंने यह सलाह क्यों दी, इसे समझने के लिए जानना होगा कि श्रीकृष्ण के उपदेश में योगी होने का सच्चा अर्थ क्या है। तो, चलिए जानते हैं...



श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान भले ही महाभारत काल में दिया गया था लेकिन वह आज भी जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य ज्ञान है। जिस प्रकार महाभारत के युद्ध क्षेत्र में जब अर्जुन मोह, शोक और भ्रम से घिर गए, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें कर्म, ज्ञान, भक्ति और योग का उपदेश दिया। ठीक उसी प्रकार आज भी कई लोग इस तरह के निरंकुश भाव में उलझ जाते हैं और आगे नहीं बढ़ पाते। लेकिन अगर उन्होंने गीता का अध्ययन किया है, तो इस संकट से निकलने का मार्ग उन्हें पता होता है। गीता के उपदेश में भगवान श्रीकृष्ण एक महत्वपूर्ण संदेश देते हैं - 'योगी बनो'। गीता के छठे अध्याय में वे अर्जुन से कहते हैं -तस्माद्योगी भव अर्जुन।

इसका अर्थ है कि 'इसलिए, हे अर्जुन! योगी बनो'।

लेकिन क्या आपने सोचा है कि श्रीकृष्ण ने ज्ञानी या तपस्वी बनने के बजाय अर्जुन से योगी बनने के लिए कहा, जबकि उस दौर में जीवन को उच्चतर स्तर पर ले जाने का माध्यम ही जागरूकता और तपस्या होती थी। लेकिन श्रीकृष्ण ने योगी बनने पर जोर दिया। लेकिन सवाल यह भी उठता है कि क्या योगी बनने का अर्थ केवल ध्यान करना या जंगल में जाकर तपस्या करना है फिर कुछ और? चलिए समझते हैं...

गीता में योगी बनने का अर्थ

गीता में योग का अर्थ केवल शारीरिक आसन या प्राणायाम नहीं है। योग का वास्तविक अर्थ है - मन, बुद्धि और कर्म का संतुलन तथा ईश्वर से जुड़ाव। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने कहा 'योगी बनो' क्योंकि योगी वह है जो कर्म, ज्ञान और भक्ति का संतुलन साधकर आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। केवल कर्म करने वाला, केवल ज्ञान रखने वाला या केवल तपस्या करने वाला श्रेष्ठ नहीं है, बल्कि सच्चा योगी श्रेष्ठ है क्योंकि वह फल की आसक्ति छोड़कर समत्व भाव से जीवन जीता है। गीता के अध्याय 6 (ध्यान योग) में श्रीकृष्ण ने स्पष्ट किया है -

अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः, स संन्यासी च योगी च (6.1)

अर्थात जो व्यक्ति कर्म के फल की आसक्ति छोड़कर अपना कर्तव्य करता है, वही सच्चा संन्यासी और योगी है।

श्रीकृष्ण ने योगी की विशेषता बताते हुए कहा है -

यं संन्यासमिति प्राहुर्योगं तं विद्धि पाण्डव (6.2)

अर्थात त्याग ही योग है। बिना इच्छाओं का त्याग किए कोई योगी नहीं बन सकता।

गीता (6.46) में कृष्ण कहते हैं -

तपस्विभ्योऽधिको योगी, ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकःह्व

यानि योगी तपस्वियों और ज्ञानियों से भी श्रेष्ठ है।

इसलिए, श्रीकृष्ण ने योगी बनने को कहा है क्योंकि योगी जीवन का संतुलन साधता है, वह कर्म करता है, ज्ञान रखता है, भक्ति करता है और सब कुछ परमात्मा को समर्पित करता है। योगी का मार्ग ही मोक्ष का मार्ग है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली-5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर-5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा-300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,49,800 रवा- 1,49,600 चांदी- टंच- 2,30,500 पाट- 2,29,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**
editor.awantika@gmail.com

## आज राजीव गाँधी जयंती पर कांग्रेस मनाएगी सद्भावना दिवस

**शुजालपुर।** ब्लॉक कांग्रेस शुजालपुर द्वारा 20 अगस्त गुरुवार को प्रातः 10 बजे राजीव गाँधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम पंडित लीलाधर जोशी समाधि स्थल तपोवन पर आयोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि राजीव गाँधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था और इस दिन को पूरे देश में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कडी में शुजालपुर में भी कांग्रेस जन सद्भावना दिवस के रूप में राजीव गाँधी की जयंती मनाएंगे और उनको श्रद्धांजलि देंगे। 20 अगस्त गुरुवार को प्रातः 10 बजे समस्त कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों, पार्षदों, पार्षद प्रत्याशियों, सरपंचो, मंडलम अध्यक्षों व समस्त संगठन प्रकोष्ठों एवं विभागों के अध्यक्षों व पदाधिकारियों सहित समस्त कार्यकर्ताओं से पुष्पांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड ने की है।

## चोरों ने दो निजी स्कूलों में की चोरी की वारदात

**शाजापुर।** शहर के दो निजी स्कूलों में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है और अब पुलिस उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह कौटिल्य और इटरनल स्कूल में चोरी का वीडियो सामने आया। कौटिल्य स्कूल संचालक बृजेश यादव का कहना है स्कूल के दराज में रखी थोड़ी नकदी बदमाश चुरा ले गए हैं। वहीं इंटरनल स्कूल संचालक विशाल झाला के अनुसार बदमाश पूजा-पाठ के लिए रखा एक चांदी का सिक्का लेकर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान और तलाश में जुटी है।

## सड़क हादसे में घायल डॉक्टर की इलाज के दौरान मौत

**देवास।** देवास के राजोदा निवासी 27 वर्षीय डॉक्टर तौसीफ मंसूरी की सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने मंगलवार रात शहर के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन अरबाज ने बताया कि डॉक्टर तौसीफ एक निजी अस्पताल में काम करते थे। 13 अगस्त को वे बाइक से घर से अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान राजोदा क्षेत्र में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कैसे हुआ, इसकी स्पष्ट जानकारी परिजनों को नहीं है। हादसे के बाद तौसीफ को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां कई दिनों से उनका इलाज चल रहा था। मंगलवार रात उनकी हालत बिगड़ी और इलाज के दौरान मौत हो गई।

## मासूम की मौत के बाद कार्रवाई नहीं

**आगर-मालवा।** जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 9 वर्षीय बालिका की मौत के मामले में कार्रवाई नहीं होने से परिजनों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बालिका के पिता बालूराम मालवीय ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी टीना की मौत इलाज में लापरवाही के कारण हुई, लेकिन कलेक्टर के आदेश के बावजूद अब तक जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों के अनुसार, पिछले साल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डा. सागरिया और डा. परमार ने करीब आठ दिन इलाज किया। इसके बाद सामान्य बीमारी बताकर छुट्टी दे दी गई, लेकिन बाद में बच्ची की मौत हो गई।

## हत्या के आरोपी को 20 साल का कारावास

**आगर मालवा।** वर्ष 2023 में हुई एक हत्या के मामले में मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन जंघेल ने आरोपी को 20 साल के कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। यह घटना 7 अगस्त 2023 को ग्राम बरखेड़ा में कावड़ यात्रा के दौरान हुई थी। ईश्वर सिंह राजपूत ने 22 वर्षीय श्रीपाल सिंह उर्फ शिवपाल सिंह पर चाकू से हमला कर दिया था। घायल श्रीपाल को परिजन और ग्रामीण जिला अस्पताल आगर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के सीने, पेट और हाथ पर चाकू के गंभीर घाव पाए गए थे। घटना के बाद फरियादी भारतसिंह की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी ईश्वर सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया था।

### शादी से इनकार करने पर युवती को जबरन रोकने का आरोप, मामला दर्ज

# इंस्टाग्राम पर हुई थी युवक से दोस्ती, जबलपुर की युवती पर निकाह करने के लिए दबाव बनाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

400 किमी दूर बुलाकर युवती पर जबरन शादी का दबाव बनाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता की करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम पर शुजालपुर के मोनू लाला उर्फ शाहिद शाह नामक युवक से दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान युवक ने खुद को शुजालपुर का निवासी बताया और युवती के सामने शादी (निकाह) का प्रस्ताव रखा। शुरूआत में युवती ने इस रिश्ते से इनकार कर दिया था, लेकिन युवक के लगातार दबाव बनाने और मीठी बातों के झांसे में आकर उसने सहमति दे दी।



### मना किया तो की छेड़छाड़, मौका पाकर भागी युवती

अगले दिन जब युवक दोबारा उस घर में पहुंचा, तो युवती ने शादी से साफ इन्कार कर दिया और अपने घर जबलपुर वापस जाने की इच्छा जताई। आरोप है कि इस पर युवक भड़क गया, उसने युवती का हाथ पकड़कर अपनी ओर खींचा, छेड़छाड़ की और जबरदस्ती शादी करने का दबाव बनाया। पीड़िता का आरोप है कि उसे घर से बाहर नहीं जाने दिया जा रहा था। हालांकि, मौका पाकर युवती वहां से भाग निकली और राहगीरों से रास्ता पूछते हुए पुलिस थाने की ओर जाने लगी। इसी बीच हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को मामले की भनक लगी और उनकी सक्रियता से युवती को सुरक्षित थाने तक पहुंचाया गया, जहां उसने अपनी आपबीती सुनाई। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल प्रभाव से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जिस महिला के घर युवती को रोका गया था उसको लेकर भी जांच की जा रही है।

### परिजनों को बिना बताए 14 अगस्त को पहुंची थी शुजालपुर

13 अगस्त को आरोपी ने युवती को फोन कर शादी करने के लिए तुरंत शुजालपुर आने को कहा। इसके बाद 14 अगस्त की सुबह युवती बिना अपने परिजनों को बताए सिहोरा जबलपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर शुजालपुर पहुंच गई। यहां पहुंचने पर उसने युवक को फोन किया। युवक उसे स्टेशन से लेकर जेल रोड स्थित अपनी एक परिचित महिला के घर गया। वहां आरोपी ने महिला से कहा कि वह युवती को दो-तीन दिन के लिए छोड़कर जा रहा है और बाद में उसे ले जाकर शादी करेगा।

# 42 टन शक्कर गायब होने का खुलासा, कानपुर से 3 गिरफ्तार

### टोल पर ट्रक की नंबर प्लेट बदलकर की थी चोरी, 21.9 टन शक्कर बरामद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास पुलिस ने मंगलवार को 42 टन शक्कर गायब होने के मामले में तीन आरोपियों को कानपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 21.9 टन यानी 438 बोरी शक्कर, तीन वाहन, फर्जी नंबर प्लेट और 4 लाख रुपए बरामद किए हैं।

मामला 30 जुलाई का है। महाराष्ट्र की एक निजी कपंनी से 840 बोरी शक्कर इंदौर के पाल्दा स्थित गोदाम के लिए भेजी गई थी। इसकी कीमत करीब 18.32 लाख रुपए थी।

शक्कर ट्रक से भेजी गई। लेकिन गोदाम तक नहीं पहुंची। इसके बाद ट्रक चालक का मोबाइल भी बंद हो गया। इसकी शिकायत पर औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने केस दर्ज किया।

जांच में पता चला कि आरोपी शक्कर लेकर निकले थे फिर ट्रक के टोल से गुजरने के बाद उन्होंने उसकी नंबर प्लेट बदल दी। जांच महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश होते हुए उत्तर प्रदेश तक पहुंची। पुलिस ने 12 अगस्त को कानपुर में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### मुख्य आरोपी की तलाश जारी

पुलिस के अनुसार, उपेन्द्र भदौरिया को मामले का मुख्य आरोपी माना जा रहा है। गौरव सिंह, मोहित सिंह और अभय सिंह की भूमिका की भी जांच हो रही है। ये आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में अनुज सिंह (24), गोविंद औमर (34) और विशाल साहू (19) शामिल हैं।

# सुसराल पक्ष द्वारा पत्नी-बच्चों को न भेजने पर खाया सल्फास, मौत

### एक पेज का सुसाइड नोट भी मिला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



राजगढ़ जिले के बरनावद गांव निवासी 30 वर्षीय किसान राहुल जाट की गत रात शुजालपुर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। राहुल ने सल्फास का सेवन किया था। वह विवाहित था और उसकी दो बेटियां हैं।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि करीब दो माह पहले पत्नी और बच्चे उससे अलग चले गए थे। इसके बाद से राहुल तनाव में था। सोमवार को वह घास काटने जंगल गया था। करीब दो घंटे बाद उसने सीहोर निवासी साढू को फोन कर सल्फास खाने की जानकारी दी। परिजन उसे तत्काल शुजालपुर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

बड़े भाई लखन जाट के मुताबिक राहुल करीब 10 दिन पहले भी पत्नी व बच्चों को वापस लाने गया था, लेकिन ससुराल पक्ष ने उन्हें साथ भेजने से इनकार कर दिया था। परिजनों ने इसी तनाव को आत्मघाती कदम की वजह बताया है। राहुल के कपड़ों से एक पेज का कथित सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें पत्नी सहित अन्य लोगों के संबंध में जानकारी लिखी होने की बात सामने आई है। चिकित्सक ने नोट को सील कर पुलिस को सौंपने की प्रक्रिया की। पुलिस के अनुसार मृतक के बयान भी दर्ज किए गए हैं। बताया गया कि घटना से पहले उसने मोबाइल से एक वीडियो भी बनाया था, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

### पानी पतासे खाते किशोर पर तलवार से हमला

# हाथ और पीठ पर 12 टांके लगे, इलाज जारी पुलिस जांच में जुटी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



बावड़िया क्षेत्र में मंगलवार रात पानी पतासे खाते समय 15 वर्षीय किशोर पर तलवार से हमला कर दिया गया। हमले में अयान परमार के हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे भर्ती लिया गया।

अयान परमार के अनुसार, वह बावड़िया क्षेत्र में पानी पतासे खा रहा था। इसी दौरान करण नामक व्यक्ति ने उस पर तलवार से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में अयान के हाथ और पीठ पर चोटें आईं। हमले के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

जिला अस्पताल के डॉक्टर विजेंद्र सिंह ने बताया कि अयान के हाथ और पीठ पर करीब 12 टांके लगाए गए हैं। चोटें धारदार हथियार से किए गए हमले की ओर इशारा करती हैं। फिलहाल किशोर का अस्पताल में उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हमले के कारण और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटा रही है। आरोपी करण की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है।

### स्कूल हंगामा मामले में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर केस

# छात्रों ने स्कूल की कुर्सियां तोड़ी- प्राचार्य

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बेरछा

बेरछा मंडी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12 अगस्त को हुए हंगामे के मामले में पुलिस ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना के करीब 7 दिन बाद प्राचार्य गिरधारी लाल राजोरिया की शिकायत पर बेरछा पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

12 अगस्त को एनएसयूआई ने बेरछा मंडी स्कूल में छात्रों की गूंज कार्यक्रम आयोजित किया था। कार्यक्रम एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जयसिंह कराड़ा के नेतृत्व में हुआ था। आयोजकों के मुताबिक, कार्यक्रम का उद्देश्य राहुल गांधी के संवाद कार्यक्रमों की तर्ज पर



ग्रामीण क्षेत्रों के हायर सेकेंडरी स्कूलों में छात्रों से संवाद करना था। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया था कि कुछ शिक्षकों ने छात्रों को कार्यक्रम में शामिल होने से रोकने के लिए दबाव बनाया। उन्होंने छात्रों को टीसी देने की धमकी देने का भी आरोप लगाया था। इस पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने स्कूल परिसर में धरना दिया और नारेबाजी की। पुलिस की समझाइश के बाद करीब तीन घंटे चला प्रदर्शन समाप्त हुआ था।

शिकायत में आरओ वाटर टैंक की नलियां तोड़ने, स्कूल की कुर्सियां और सरस्वती माता की तस्वीर बाहर ले जाने का भी आरोप लगाया गया है। प्राचार्य ने घटना की सूचना डायल-112 पर देने की बात कही है।

### छात्रों पर कार्यक्रम में शामिल होने का दबाव बनाया-प्राचार्य

अब स्कूल प्राचार्य गिरधारी लाल राजोरिया ने पुलिस को आवेदन दिया है। प्राचार्य के मुताबिरक 12 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे अशफाक पिता शेरुद्दीन सहित 40-50 लोग कारों और मोटरसाइकिलों से स्कूल पहुंचे। प्राचार्य का आरोप है कि लोग नारेबाजी करते हुए कक्षाओं में पहुंचे। इससे स्कूल में पढ़ाई प्रभावित हुई। उन्होंने छात्रों पर कार्यक्रम में शामिल होने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया।



## शुजालपुर में पेंशनर्स ने किया प्रदर्शन 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**शुजालपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन शुजालपुर के आह्वान पर मंगलवार को विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अनुविभागीय कार्यालय शुजालपुर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन के नाम 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित बिडवाले की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शन में पेंशनर्स ने अपनी लंबित मांगों के निराकरण की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपते समय मधु मंडलोई, लता राठौड़, प्रेमदास बैरागी, यादव सिंह परमार, करण सिंह परमार, रमेशचंद्र परमार, सज्जन सिंह विश्वकर्मा, भारत सिंह देशवाली, बद्री प्रसाद मीणा, चंद्रशेखर भार्गव, ओमप्रकाश सक्सेना, प्रदीप व्यास, महेशचंद्र बारबर, मन्साराम जाटव, हरिदास कोरी, लखनलाल कुशवाह, शैलेंद्र गौतम, गुरुदत्त जोशी, सुभाष गवई सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को बताए साइबर अपराध और पॉक्सो एक्ट के कानूनी प्रावधान

**शुजालपुर।** मां शारदा सांदीपनि विद्यालय शुजालपुर में विधिक सेवा एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायाधीशों के व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला न्यायाधीश सपना पोर्ते एवं न्यायाधीश रुचि परते रहीं। न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को विधिक सेवा एवं नालसा के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं और कानून के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने नशा मुक्ति, साइबर क्राइम, पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। साथ ही विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर उचित माध्यम से सहायता लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रजनीश त्रिवेदी एवं उपप्राचार्य मुकेश कुमार नेमा के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक ऋचा शर्मा एवं ऋतु पटेल द्वारा किया गया। संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक गजेंद्र चंदेल ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ई-अटेंडेंस के खिलाफ धरने पर बैठे कृषि विस्तार अधिकारी

**शाजापुर।** ई-अटेंडेंस के खिलाफ अब मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी मोर्चा खोलते हुए काम बंद हड़ताल पर बैठ गए हैं। मंगलवार को किला परिसर में कृषि विभाग दफ्तर के बाहर सभी कर्मचारी धरने पर बैठे और ऑनलाइन अंटेडेंस को लेकर विरोध किया। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को खाद-बीज केंद्रों, खरीदी केंद्रों और किसानों के खेतों में जाकर काम करना पड़ता है। ऐसे में सुबह-शाम किसी एक तय जगह पहुंचकर मोबाइल से ऑनलाइन लॉगिन और लॉगआउट करना मुमकिन नहीं है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि सरकार हर अफसर के लिए कोई पक्का दफ्तर या हेडक्वार्टर बना दे, तो उन्हें ई-अटेंडेंस लगाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। फिलहाल 20 अगस्त तक प्रदर्शन चलेगा। इसके बाद 21 अगस्त को पूरे प्रदेश के कृषि विस्तार अधिकारी छुट्टी लेकर भोपाल में बड़ा प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों ने सरकार से इस नियम पर दोबारा सोचने की मांग की है।

## नाम एवं जन्म दिनांक परिवर्तन सूचना

मैं बाबूलाल प्रजापति पिता NO- 15187971A रैंक HL/HAV नाम - गणेश कुमार प्रजापति वर्तमान निवासी ग्राम करंज पोस्ट तराना तह. तराना जिला उज्जैन राज्य मध्यप्रदेश पिन 456665 यह घोषित करता हूं मेरा नाम एवं जन्म दिनांक मेरे बेटे के आर्मी सर्विस रिकार्ड में गलत उल्लेखित हैं। बाबूलाल प्रतापति जन्म दिनांक (11/12/1962) मेरा सही नाम बाबूलाल जन्म दिनांक (1/1/1962) मेरे सभी दस्तावेज के अनुसार शपथ पत्र नंबर DR 460782 एवं DR 460783 दिनांक 18 अगस्त 2026 ।

## नाम एवं जन्म दिनांक परिवर्तन सूचना

मैं कला बाई प्रजापति माता NO- 15187971A रैंक L/HAV नाम - गणेश कुमार प्रजापति वर्तमान निवासी ग्राम करंज पोस्ट तराना तह. तराना जिला उज्जैन राज्य मध्यप्रदेश पिन 456665 यह घोषित करती हूं मेरा नाम एवं जन्म दिनांक मेरे बेटे के आर्मी सर्विस रिकार्ड में गलत उल्लेखीत हैं। कला बाई प्रतापति जन्म दिनांक (5/7/1968) मेरा सही नाम कला बाई जन्म दिनांक (1/1/1968) मेरे सभी दस्तावेज के अनुसार शपथ पत्र नंबर DR 460768 एवं DR 460769 दिनांक 18 अगस्त 2026 ।

## जाहिर सूचना संपत्ति दस्तावेज गुम हो जाने बाबत

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, संपत्ति भवन क्रमांक 18 सेक्टर सी स्थित गंगा विहार आवास योजना ग्राम लालपुर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है, उक्त संपत्ति का पूर्व विक्रय पत्र जिसका पंजीयन क्रमांक MP432022016A1514539 दिनांक 03/09/2016 हैं, उक्त विक्रय पत्र पूर्व स्वामी मनोज पाटीदार पिता श्री कन्हैय्यालाल पाटीदार ने मधुसुदन शर्मा व आशा शर्मा के हित में संपादित किया है, उक्त विक्रय पत्र वर्तमान मूल स्वामी पवन बाई पति कमल चौधरी से कहीं गुम हो गया हैं तथा कई बार तलाश ने पर भी नहीं मिल रहा हैं जिसका आवेदन थाना नानाखेड़ा उज्जैन में पूर्व में दे दिया गया था। उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी पवन बाई पति कमल चौधरी है यदि उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र जिसका पंजीयन क्रमांक MP432022016A1514539 दिनांक 03/09/2016 के संबंध में किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई का ऋण, भार या मतालबा हो या किसी के पास बंधक, गिरिवी या शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, आदि बकाया हो तो 07 दिवस की अवधि में मुझ अधिवक्ता के कार्यालय में आकर मय प्रमाण प्रस्तुत करें जिसका निराकरण किया जा सके।

**प्रतीक उपाध्याय एडव्होकेट**
**कार्यालय - 21, दशहरा मैदान, संजीवनी हॉस्पिटल के सामने, उज्जैन (म.प्र.) देवास रोड उज्जैन मो. न. 91111-44811**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्री मांगीलाल पिता रामलाल, 02-श्रीमती सुगनबाई पति श्री मांगीलाल, 03-श्री मोहनलाल पिता रामाजी, 04-धर्मेन्द्र पिता मोहनलाल, चारो कृषक ग्राम रूपाहेडा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म. प्र.) के पृथक-पृथक मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-566/1 (S) रकबा 0.32 हेक्टर, 566/2 (S) रकबा 0.93 हेक्टर, 567/1 (S) रकबा 0.85 हेक्टर एवं 567/2 (S) रकबा 0.40 हेक्टर कुल किता 04 कुल रकबा 2.5000 हेक्टर ग्राम रूपाहेडा, प. ह. नं.-145 तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 2.5000 हेक्टर मे से 1.2500 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामियों से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हों। इति दिनांक-19.08.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री गौरव देशमुख पिता स्व. श्री राजेन्द्रराव देशमुख, निवासी सी-14/48 एल.आय.जी., ऋषिनगर, उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड कमांक सी-14/48, श्रेणी एल.आय.जी. स्थित ऋषिनगर योजना, उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन, जिसका कुल क्षेत्रफल 70.76 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्सीमा में उत्तर/ पूर्व में भूखण्ड क्रमांक सी-12/26, दक्षिण / पश्चिम में-सी-14 सड़क, पश्चिम / उत्तर में भूखण्ड क्रमांक सी-14/46 एवं उत्तर/ दक्षिण में- भूखण्ड कमांक सी-14/50 मिला है। उक्त भूखण्ड को श्री राजेन्द्र कुमार देशमुख द्वारा अपने जीवनकाल में श्रीमती कृष्णारानी जैन पति श्री मोतीलाल जैन से क्रय किया गया था। श्री राजेन्द्र कुमार देशमुख का स्वर्गवास हो चुका है जिसके पश्चात उनके पुत्र श्री गौरव देशमुख के हित में उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा रजिस्टर्ड पंजीयन क्रमांक 96 दिनांक 22.04.2013 द्वारा लीज नवीनीकरण कर दिया गया है तथा नगर पालिक निगम उज्जैन में सूचना पत्र प्रकरण क्रमांक 648/14/7 पीटी जावक क्रमांक 677 दिनांक 19.06.2014 से श्री गौरव देशमुख के नाम से उक्त सम्पत्ति पर नामांतरण दर्ज है। श्री गौरव देशमुख द्वारा उक्त भूखण्ड को मेरे पक्षकार को विक्रय किया जा रहा है। मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय कर अनुबंध पत्र संपादित कर आंशिक राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, हक, अधिकार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से ली गयी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 19-08-2026

**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट**
**शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन**
**मो. नं 70679-09621**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

## तृतीय निविदा सूचना

**नि.आ. सूचना क्र.118/जल प्रदाय स्टोर/2026 देवास, दि. 18/08/2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईड www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 UAD 530529-1 18/08/2026 | स्टेबल ब्लिचिंग पाउडर ग्रेड-1 आय.एस. आय मार्क कोड नंबर 1065/1989 ग्रेसिम मेक स्पेसिफिकेशन अनुसार क्रय संलग्न सूची अनुसार। | 12 माह 20 लाख | 2,000/- 60,000/- | 25/8/2026 6 पीएम |
| 2 | 2026 UAD 530529-2 18/08/2026 | पीएससी लिक्विंड High Basicity in Liquid from as per is code 15573/2005 स्पेसिफिकेशन अनुसार क्रय संलग्न सूची अनुसार। | 12 माह 10 लाख | 2,000/- 30,000/- | 25/8/2026 6 पीएम |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**प्र. कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार राधेश्याम पिता पन्नालाल, आयु- 50 वर्ष, व्यवसाय कुछ नहीं, निवासी- 66 एकता नगर, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा अपने पुत्र भगवानसिंह पिता राधेश्याम आयु 30 वर्ष, व्यवसाय - मिस्त्री, पुत्रवधु - श्रीमती टीना पति भगवान सिंह, आयु 28 वर्ष, व्यवसाय मजदूरी, एवं पौत्र नमन पिता भगवान, आयु 12 वर्ष, निवासीगण एकता नगर, उज्जैन (म.प्र.) को अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति एवं हित अधिकारों से पृथक करता है।

मेरे पुत्र भगवानसिंह पिता राधेश्याम आयु 30 वर्ष, व्यवसाय- मिस्त्री, पुत्रवधु-श्रीमती टीना पति भगवान सिंह, आयु 28 वर्ष, व्यवसाय मजदूरी, एवं पौत्र नमन पिता भगवान, आयु 12 वर्ष, निवासीगण एकता नगर, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा समाज में व आप-पास मोहल्ले में लोगो से झूठ बोलकर बहुत सी राशि उधार ले रखी है एवं घर की सामग्री को भी बेच दिया व गिरवी रखा है एवं शराब पीकर मेरे पक्षकार के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट करते है। उपरोक्त तीनों गलत संगती में होने से गलत आदतों के आदि हो चुके है। इनको दिया गया ऋण के लिये मेरा पक्षकार जिम्मेदार नहीं है। सो सूचित हो।

इतिः दिनांक- 19/08/2025 स्थान-उज्जैन

**प्रणव गर्ग हाईकोर्ट एडवोकेट**
**पता : चेम्बर नं. 41, लॉयर्स चेम्बर, जिला न्यायालय, उज्जैन**
**मोबा. 98264-60339**

## तमिलनाडु में विधायकों को नई कार, 75 हजार भत्ता मिलेगा

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को सभी विधायकों को नई सरकारी कार देने और वाहन के रखरखाव, ईंधन और ड्राइवर के खर्च के लिए हर महीने 75 हजार रुपए का भत्ता देने का ऐलान किया। विधानसभा में विधायकों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया। इसी दौरान विधायक सिंधु ने तमिल सुपरस्टार और पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन की फिल्म पड़गोट्टी का मशहूर गीत कोडुत्तदेलाम कोडुत्तान गाकर मुख्यमंत्री विजय का आभार जताया। इस गाना का मतलब है-उसने सब कुछ दिया, किसके लिए दिया, किसी एक के लिए नहीं, पूरे समाज के लिए। इसे टीएम सौंदरराजन ने गाया था। उधर, तमिलनाडु सरकार ने छात्रों और युवाओं को लेफ्ट पार्टियों और कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनों में शामिल होने से रोकने वाला विवादित निर्देश वापस ले लिया है। इस फैसले की जरूरत पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने कहा कि राज्य में लोगों से जुडे कई मुद्दे हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। विजय ने विधायकों के रखरखाव, ईंधन और ड्राइवर रखने के खर्च के लिए हर महीने 75 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## हाईकोर्ट बोला- 48 घंटे में शहर से पानी निकालो



**प्रयागराज।** यूपी में बुधवार को प्रयागराज-बिजनौर समेत 53 जिलों में बारिश हुई। प्रयागराज में लगातार तीसरे दिन की मूसलाधार बरसात से दारागंज, मोरी गेट और करेली इलाके में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। लोगों के घरों में 5 फीट तक पानी भर गया, जिससे सोफा, बेड और अन्य सामान डूब चुके हैं। लोग घरों की पहली मंजिल पर रहने को मजबूर हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज डीएम मनीष कुमार वर्मा और नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा हाजिर हुए। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा- 24 से 48 घंटे में शहरी इलाकों से पानी निकल जाना चाहिए। मंगलवार को हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दोनों अधिकारियों को तलब किया था। 20 अगस्त को फिर सुनवाई होगी। उधर, मानसूनी बारिश से बांध और नदियां उफान पर हैं। सोनभद्र में पहली बार कनहर बांध के 14 फाटक एक साथ खोलने पडे। छत्तीसगढ़ और झारखंड से लगातार पानी आने से बांध उफनाया है। प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीम जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है। बिजनौर में स्टेट हाईवे पर गंगा नदी का पानी बहता नजर आया। सड़क के कुछ हिस्सों में 2 फीट तक पानी भर गया था। लोग अपनी कार और बाइक को ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से पार कराते दिखे।

## हॉकी वर्ल्डकप- भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराया

**नीदरलैंड।** भारत ने मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 5-3 से हरा दिया। इसी के साथ टीम टॉप-8 में पहुंच गई है। वहीं पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। नीदरलैंड के वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अभिषेक ने 2-2 गोल किए। हार्दिक सिंह ने एक गोल दागा। पाकिस्तान की ओर से हन्नान शाहीद ने 2 और सुफियान खान ने एक गोल किया। हरमनप्रीत ने 5वें और 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए। जबकि अभिषेक ने 11वें और 24 वें मिनट में फील्ड गोल दागे। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने 35वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर भारत के लिए पांचवां गोल किया। उन्हें आदित्य के खिलाफ पाकिस्तानी खिलाड़ी अरशद के स्टिक फाउल से मौका मिला। पाकिस्तान की ओर से हन्नान शाहिद ने 22वें और 46वें मिनट में गोल किए। सुफियान खान ने 24 वें मिनट में गोल दागा। इन गोल से पाकिस्तान ने भारत की बढ़त का अंतर कम किया।

## पानी से भरे गड्डे में डूबे 3 बच्चे, तीनों की मौत

**सीहोर।** सीहोर में बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई थे। तीनों बच्चे खेलते-खेलते गड्ढे के पास पहुंचे। फिर नहाने के लिए उसमें उतर गए। स्थानीय लोगों ने शव तैरते देखे तो हादसे का पता चला। घटना इछावर में मोगरा रोड पर बुधवार दोपहर करीब एक बजे की है। मृतकों की पहचान 12 वर्षीय प्रशांत, 10 वर्षीय पृथ्वीराज और 11 वर्षीय दीक्षांत के रूप में हुई है। प्रशांत और पृथ्वीराज/सुभाल बागरी सगे भाई थे। दीक्षांत के पिता का नाम अखिलेश बागरी है। इलाके में ही रहने वाले जगदीश ने बताया कि जिस गड्ढे में बच्चे डूबे, वह एलएंडटी कंपनी ने पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदा था।

## अमेजन ने राम मंदिर का प्रसाद बताकर मिठाई बेची

**अयोध्या।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन पर अयोध्या के राम मंदिर प्रसाद का प्रसाद बताकर 4 तरह की मिठाई बेची जा रही थी। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह रकम 15 दिन के अंदर प्राधिकरण में जमा करनी होगी। नोटिस मिलते ही अमेजन ने इसे प्लेटफार्म से हटा लिया है। प्राधिकरण ने यह भी कहा-किसी सामान्य मिठाई को राम मंदिर के प्रसाद के रूप में बेचे जाने से करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। प्रसाद बताकर घी के लड्डू, खोया के लड्डू, बूंदी के लड्डू और गाय के दूध से बने पेड़े बेचे जा रहे थे। इनकी लिस्टिंग में इन्हें राम मंदिर का प्रसाद बताया गया था। इसके लिए अमेजन ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से अनुमति नहीं ली थी। बार एंड बेंच के अनुसार, चीफ कमिश्नर निधि खरे और कमिश्नर अनुपम मिश्रा ने 4 अगस्त को ठगी मानते हुए कार्रवाई की थी।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की बैठक में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित नगर पालिका से संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा स्वच्छता व्यवस्था में सुधार के लिए केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि परिणाम दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा हमें सफाई के क्षेत्र में अच्छा काम करना है, इस भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मित्रों के साथ नियमित संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें और उनके कार्य में आने वाली कठिनाइयों का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने माइंडसेट में बदलाव लाते हुए नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर श्री कन्याल ने वार्डवार सफाई व्यवस्था की जानकारी लेते हुए प्रत्येक वार्ड में उपलब्ध सफाई वाहनों, कचरा संग्रहण व्यवस्था एवं उनके निर्धारित रूट की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सीएमओ गुना द्वारा बताया गया कि शहर में प्रतिदिन तीन बार वाहनों के माध्यम से कचरा संग्रहण का कार्य कराया जा रहा है। कलेक्टर ने कचरा संग्रहण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए एक दिन छोड़कर कचरा संग्रहण की व्यवस्था लागू करने के संबंध में प्रभावी स्ट्रेटेजी तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने गाय-भैंस के तबेलों से निकलने वाले अपशिष्ट के लिए भी अलग से कचरा संग्रहण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशु अपशिष्ट को सामान्य कचरे के साथ मिलाने के बजाय उसके लिए पृथक व्यवस्था विकसित की जाए।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार फ़िरोज पटेल पिता अजीज पटेल, जाति नायता निवासी ग्राम कालियादेह, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) ने सेवाराम पिता पूनाजी, जाति चमार, निवासी ग्राम देवीक राडिया, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे न. 14 रकबा 0.50 हेक्टर, कुल किता 01 कुल रकबा 0.50 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम बोरमुण्डला, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध-पत्र या इस भूमि से सम्बंधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा। सूचित हो। दिनांक 20-08-2026

**फरहीन मंसूरी ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**सी-12, भरतपुरी काम्प्लेक्स, उज्जैन**
**मो. 7000743043**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार श्री विजेन्द्र योगी पिता श्री मनोहर नाथ निवासी वार्ड नं 31, भवानी गली नं 09, सागर देवास (म.प्र) की ओर से सूचित किया जाता है कि संपत्ति भूखण्ड क्रमांक 400, का उत्तर दिशा वाला भाग स्थित तिरूपति धाम एक्सटेंशन, हक्कानीपुरा मार्ग, कुल क्षेत्रफल 46.63 वर्गमीटर, जिसके पूर्व में-रास्ता कॉलोनी का, पश्चिम में भवन कमांक 384, उत्तर में भवन क्रमांक 401, तथा दक्षिण में - भवन कमांक 400 का शेष भाग, मिला है, को संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्री जगदीश सिंह गौतम पिता श्री इंदर सिंह जी निवासी 15, मजरा बच्चुखेड़ा, तहसील घटिया जिला उज्जैन से क्रय किये जाने का अनुबंध किया है तथा अनुबंध पेटे बयाना राशि का भूगतान भी श्री जगदीश सिंह गौतम पिता श्री इंदर सिंह को अदा कर दी है। शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का सम्पादन कराया जाना शेष है। वर्तमान स्वामी को विक्रय अनुबंधित संपत्ति के स्वामित्व जरिये ई पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांकित 19.04.2017 ई पंजीयन क्रमांक एमपी 432022017ए1199770 के माध्यम से श्री उमा शंकर दोहेलिया पिता श्री दुर्गाप्रसाद जी एवं श्री दया शंकर दोहेलिया पिता श्री दुर्गाप्रसाद जी से प्राप्त हुऐ है। मेरे पक्षकार की ओर से सूचित किया जाता है कि यदि उक्त वर्णित संपत्ति किसी व्यक्ति, बैंक, पेढी, संस्था, वित्तदायी संस्था आदि के पास बंधक हो या उक्त के आधार पर कोई ऋण लिया गया हो या संपत्ति पर किसी का कोई लेना देना ऋण, भार हो या संपत्ति के स्वामित्व, कब्जे या विक्रय के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालयीन कार्रवाई दावा आदि चल रहा हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 08 (आठ दिवस) की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का विकय विलेख अपने हित मे निष्पादित करा लिया जावेगा बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो इति दिनांक 19.08.2026

**जम्बूकुमार जैन एडवोकेट एवं नोटरी ( भारत सरकार )**
**23, शंकु मार्ग, माधवनगर, उज्जैन**
**मो. 9669666697**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड शाखा उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सूचित किया जाता है कि संपत्ति भवन क्रमांक 92. का उत्तरी भाग एवं भवन क्रमांक 93, का दक्षिण भाग स्थित तिरूपति रेसिडेंसी ग्राम हामुखेडी तहसील व जिला उज्जैन कुल क्षेत्रफल 44.52 वर्गमीटर जिसके पूर्व में - कॉलोनी रोड, पश्चिम में अन्य का भूखण्ड, उत्तर में प्लाट नं 93 का शेष भाग, तथा दक्षिण में प्लाट नं 92 का शेष भाग मिला है, की प्रतिभूति पर वित्तीय सुविधा प्रदान किये जाने विषयक आवेदन प्रस्तुत किया है। वर्तमान स्वामी श्री प्रवीण पटेल पिता श्री जगदीश पटेल ने अवगत कराया है कि उक्त संपत्ति के स्वामित्व से सम्बंधित मूल लिंक दस्तावेज (01) ई पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक एमपी432022015ए 1015002 पंजीयन दिनांक 26.06.2015 जिसके माध्यम से श्री रंजित परिहार पिता श्रीनारायण परिहार द्वारा संपत्ति का विक्रय श्री दुलीचंद पिता श्री सिद्धलाल को किया गया था (02) ई पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक एमपी432022015ए 1015001 पंजीयन दिनांक 26.06.2015 जिसके माध्यम से श्री मनोज सोलंकी पिता मांगीलाल सोलंकी द्वारा संपत्ति का विक्रय श्री दुलीचंद पिता श्री सिद्धलाल को किया गया था, उक्त दोनों विकय विलेख मूल कहीं गुम हो गये है, काफी ढूंढने के पश्चात् भी नहीं मिल रहे है। जिसके संबंध में उनके द्वारा विधिवत प्रथम सूचना रिपोर्ट संबंधित आरक्षी केन्द्र को दी गई है। अतः मेरे पक्षकार की ओर से सूचित किया जाता है कि यदि उक्त वर्णित गुम हुवे दस्तावेज किसी व्यक्ति, बैंक, पेढी, संस्था, वित्तदायी संस्था आदि के पास बंधक हो या उक्त के आधार पर कोई ऋण लिया गया हो या संपत्ति पर किसी का कोई लेना देना ऋण, भार हो या संपत्ति के स्वामित्व, कब्जे या विक्रय के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालयीन कार्रवाई दावा आदि चल रहा हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 14 (चौदह दिवस) की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्रवाही की जाएगी तथा ऋण स्वीकृत किए जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण दायित्व मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड शाखा उज्जैन (म.प्र.) का रहेगा, तथा बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो इति दिनांक 19.08.2026

**जम्बूकुमार जैन एडवोकेट एवं नोटरी ( भारत सरकार )**
**23, शंकु मार्ग, माधवनगर, उज्जैन**
**मो. 9669666697**


## गुना में पंद्रहवीं बार धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान बलराम जन्ममहोत्सव

**गुना।** भगवान श्री बलराम के जन्ममहोत्सव हलछठ को लेकर किरार-धाकड़-नागर समाज में उत्साह का माहौल है। गत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी भगवान बलराम जन्ममहोत्सव जिला मुख्यालय गुना पर धूमधाम, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। दिनांक 2 सितंबर बुधवार को 11 बजे गायत्री मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होकर हाटरोड सदरबाजार लक्ष्मीगंज होकर मानस भवन में सभा आयोजित कर भगवान बलराम की महा आरती की जाएगी। आयोजन की तैयारियों एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से गुना नगर स्थित रुद्राक्ष होटल में समाजबंधुओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से भगवान बलराम जन्ममहोत्सव को भव्य स्वरूप प्रदान करने का निर्णय लिया। इस दौरान कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया तथा आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि कार्यक्रम में समाज के अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो तथा भगवान बलराम के जन्मोत्सव को सामाजिक एकता और भाईचारे के पर्व के रूप में मनाया जाए।


### जाहिर सूचना

**ग्राम बोलखेडा घाट स्थित भूमि सर्वे नम्बर 739/2, 749/3/2 रकबा कमशः 1.13, 0.92 हैक्टयर के सम्बंध में**

ग्राम बोलखेड़ाघाट तहसील झारड़ा में भूमि सर्वे नम्बर 358, 739, 749 रकबा कमशः 0.64, 1.41, 1.64 हैक्टयर की कृषि भूमि निर्भयसिंह, नागुसिंह, बनेसिंह, निहालसिंह एवं चन्दरसिंह पिता नाथूसिंह के नाम पर वर्ष 1989-90 में स्थित. थी। नाथूसिंह के पुत्र निहालसिंह के वारिसान नत्थीबाई के द्वारा भूमि सर्वे नं. 749 रकबा 1. 64 हैक्ट. में से निहालसिंह को प्राप्त 1/5 हक व. हिस्से रकबा 0.328 हैक्ट. में से कुल रकबा 0.320 हैक्ट. कृषि भूमि को विक्रय कर दिया गया है तथा भूमि सर्वे नम्बर 739 रकबां 1.41 हैक्ट. में से निहालसिंह को प्राप्त 1/5 हक व हिस्से रकबा 0.28 हैक्ट. में से रकबा 0.28 हैक्ट. कृषि भूमि को भी निहालसिंह की वारिसान नत्थीबाई के द्वारा विक्रय कर दिया गया है। इस कारण सर्वे नम्बर 749 एवं 739 में से निहालसिंह को प्राप्त सम्पूर्ण हक व हिस्सा समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद भी उक्त कृषि भूमियों पर स्थित स्वत्वहिन एवं दर्शनीय नाम के आधार पर प्रतिप्रार्थीगण देवकुंवरबाई बैवा रतनसिंह, पप्पू, श्यामुबाई पिता रतनसिंह, नत्थीबाई बैंवा निहालसिंह गुर्जर निवासीगण ग्राम गदुखेडी तहसील ताल जिला रतलाम द्वारा उक्त कृषि भूमि सर्वे नम्बर 749/3/2 रकबा 0.92 हैक्टयर एवं सर्वे नम्बर 739/2 रकबा 1.13 हैक्टयर कृषि भूमि को अवैध तरिके से प्रतिप्रार्थीगण के द्वारा विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। विधि अनुसार प्रतिप्रार्थीगण को उक्त कृषि भूमियों को विक्रय करने का अधिकार प्राप्त नही है। मेरे पक्षकारगण भूपेन्द्रसिंह उर्फ राकेश पिता निर्भयसिंह एवं बनेसिंह पिता नाथूसिंह निवासीग्राम बोलखेडाघाट के द्वारा प्रतिप्रार्थीगण के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की जा रही है। अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त कृषि भूमियों के सम्बंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार कय/विकय आदि उक्त प्रतिप्रार्थीगण से नं करे, अन्यथा उक्त व्यक्ति, संस्था के विरूद्ध भी सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुतं किया जावेगा, जिसमें होने वाले समस्त हर्जे खर्चे का दायित्व उक्त व्यक्ति या संस्था का होगा। सो सूचित हो इति दिनांक 19-08-2026

**दीपक लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल,**
**महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश**
**मो. 90093-20805**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के संयुक्त स्वामीत्व एवं आधिपत्य का एक भूमि खाता कृषि भूमि सर्वे नंबर 1233 रकबा 0.031, 1418 रकबा 0.01. 1419 रकबा 0.303, 1420 रकबा 0.042, 1421 रकबा 0.084, 1422 रकबा 0.1670, 1423/1 रकबा 0.082. 1424/1/1/1/1 रकबा 0.005, 1424/1/1/1/2 रकबा 0.004, 1426 रकबा 0.119, 1427 रकबा 0.031, 1428 रकबा 0.031, 1429 रकबा 0.115, 1430 रकबा 0.031, 1431/1/1 रकबा 0.17, 1433 रकबा 0.073 कुल किता 16 कुल रकबा 1.3780 हेक्टर कस्बा बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है तथा राजस्व अभिलेख खसरा, बी-1 व ऋण पुस्तिका मे मेरे पक्षकारगण के संयुक्त नाम से दर्ज है। यह कि शफी पटेल पिता डुंगाजी पटेल जाति नायात निवासी ग्राम नायता मुण्डला तहसील व जिला इन्दौर द्वारा मेरे पक्षकारण के संयुक्त स्वामीत्व एवं आधिपत्य की भूमि उपरोक्त भूमि कुल रकबा 1.3780 हेक्टर स्थित कस्बा बडनगर जिला उज्जैन को कय करने का सौदा दिनांक 16/03/2026 को मेरे पक्षकारगण से तय किया था तथा दिनांक 16/04/2026 को एक विक्रय अनुबंध पत्र गवाहो के सक्षम मेरे पक्षकारगण के पक्ष मे निष्पादित कर बयाना राशि प्रदान की थी तथा अनुबंध में उल्लेखित शर्त अनुसार दिनांक 14/07/2026 तक शफी पटेल को मेरे पक्षकारगण को शेष राशि मेसे आंशिक राशि अदा करना थी जोकि शफी पटेल द्वारा अदा नहीं की गई है जिसके सम्बंध मे मेरे पक्षकारगण ने शफी पटेल को दिनांक 12/08/2026 को अपने अभिभाषक के माध्यम से जर्ये सूचनापत्र के द्वारा सूचनापत्र प्राप्ती से तीन दिवस मे शेष राशि अदा करने की सूचना भी दी थी किन्तु शफी पटेल को उक्त सूचनापत्र प्राप्त होने के तीन दिवस की अवधि व्यतीत होने होने के उपरांत भी शफी पटेल द्वारा सूचना पत्र का कोई पालन नही किया है व अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन करते हुए मेरे पक्षकारगण को राशि अदा नहीं की है इस कारण शफी पटेल द्वारा मेरे पक्षकारगण से किया गया विक्रय सौदा स्वतः निरस्त हो चुका है व अनुबंध दिनांक 16/04/2026 मेरे पक्षकारण पर किसी प्रकार से बंधनकारी नही है व शफी पटेल उक्त अनुबंध के आधार पर मेरे पक्षकारण की भूमि के सम्बंध मे किसी प्रकार की कोई कार्यवाही करने का अधिकारी नही रहा है। मेरे पक्षकारगण अपने स्वामीत्व एवं आधिपत्य की उपरोक्त वर्णित भूमि को अपनी इच्छानुसार अन्य व्यक्ति को अंतरित, हस्तांतरित व विक्रय करने के लिये पूर्ण रूप से स्वतंत्र है। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति कृषि भूमि सर्वे नंबर 1233 रकबा 0.031, 1418 रकबा 0.01, 1419 रकबा 0.303, 1420 रकबा 0.042, 1421 रकबा 0.084, 1422 रकबा 0.1670, 1423/1 रकबा 0.082, 1424/1/1/1/1 रकबा 0.005, 1424/1/1/1/2 रकबा 0.004, 1426 रकबा 0.119, 1427 रकबा 0.031, 1428 रकबा 0.031. 1429 रकबा 0.115, 1430 रकबा 0.031, 1431/1/1 रकबा 0.17, 1433 रकबा 0.073 कुत किता 16 कुल रकबा 1.3780 हेक्टर स्थित कस्बा बडनगर जिला उज्जैन के सम्बंध में किसी प्रकार का विकय सौदा, अनुबंध पत्र व अन्य समस्त प्रकार के लेख का निष्पादन मेरे पक्षकारगण के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति से नहीं करे ना करावे अन्यथा मेरे पक्षकारगण सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध सक्षम न्यायालय मे पुलिस विभाग मे हर प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे जिसमे होने वाले प्रत्येक प्रकार के परिणामो का दायित्व व होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति व हानि का दायित्व सम्बंधित व्यक्ति का रहेगा । सूचित हो ।

दिनांक 20/08/2026

**सूर्यकुमार परमार, एडवोकेट**
**39/20 मंगलम परिसर बडनगर**
**जिला उज्जैन म.प्र. मो. 9977060138**


## बलराम महोत्सव के दौरान गुना में आमने-सामने हुए दो भाजपा विधायक

**गुना।** जिले में आयोजित बलराम महोत्सव के दौरान उस समय राजनीतिक चर्चा तेज हो गई, जब मंच पर भाजपा के दो विधायक महिलाओं के बलिदान को लेकर आमने-सामने नजर आए। गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने रामायण और महाभारत के संदर्भ में कहा कि युद्धों में पुरुष मारे गए, महिलाओं की मौत नहीं हुई। उनके इस कथन पर चांचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची ने मंच से ही आपत्ति जताई। कार्यक्रम के दौरान शाक्य ने अपने वक्तव्य में रामायण और महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि इन युद्धों में महिलाओं की मृत्यु नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने कई किताबें पढ़ी हैं और इतिहास में घटनाओं को लेकर उनकी जानकारी स्पष्ट है। इसी दौरान विधायक प्रियंका पेंची ने शाक्य के कथन पर असहमति जताते हुए कहा।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सेराज बी पटेल पति सलीम पटेल से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 513/2 रकबा 0.3900 हे., सर्वे क्रमांक 514/2 रकबा 0.2100 हे., कुल किता 02 कुल रकबा 0.6000 हे. ग्राम कचनारिया प.ह.नं. 00043 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को कय करने का अनुबंध किया है तथा बयाना पेटे राशि अदा कर दी गई है तथा शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाना शेष है उक्त कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय-अर्द्धशासकीय संस्था, पेढी, बैंक आदि का कोई हित हिस्सा अधिकार या अन्य किसी भी प्रकार का लेन-देन बकाया हो तो सूचना प्रकाशन की दिनांक से 07 दिन के अंदर लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा आदि मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नही होगी और मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र संपादित करवा लेवेगे। सूचित हो।

इतिदिनांक 19.08.2026

**रविनंदन सिंह हंस, एडवोकेट**
**डीएफ-8, भरतपुरी कॉम्पलेक्स**
**देवास रोड, उज्जैन मो. 9691514933**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने प्रवीण धन्ना पिता कृष्ण देव धन्ना निवासी तलावीचांदा इंदौर से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 108/2/2 रकबा 0.20 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम कडछाली तहसील व जिला उज्जैन मे स्थित है संपूर्ण को संपूर्ण स्वत्वो मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का करार किया होकर आंशिक राशि भी उन्हे अदा कर दी होकर सौदा चिट्ठी संपादित की गई है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर भूमि के अनुबंध पत्र/विक्रय पत्र का संपादन अपने हित. में करवाया जाना है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य का बकाया हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से (7) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे आकर मेरे कार्यालयीन समय मे संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो इति दिनांक 19.8.2026

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र**
**आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे देवास रोड उज्जैन समय-सुबह 11.00 से 07.00 बजे मो. 9827792292**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने वंदना आचार्य पिता श्री चन्द्रशेखर आचार्य के स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक-23, का दक्षिण दिशा वाला भाग, कीर्ति नगर, गोयलाखुर्द, इन्दौर रोड़, उज्जैन में स्थित का कुल क्षेत्रफल 81.48 वर्गमीटर हैं भवन तल मंजिल व प्रथम मंजिल का आर.सी.सी. की छत से निर्मित हैं जिसके पूर्व में- सडक कॉलोनी की, पश्चिम में-भवन क्रमांक 38, उत्तर में- भवन क्रमांक 23 का भाग जो चेतन सोनी का, दक्षिण की और-भवन क्रमांक 24, के मध्य स्थित को तल लगायत हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन कर लिया है तथा निष्पादित सोदे के परिपालन में बयाना राशि अदा कर दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंधपत्र के परिपालन में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पादन किया जावेगा विक्रय की जा रही संपत्ति के सबंध मे सम्पूर्ण कार्यवाही करने के अधिकार विक्रेता को प्राप्त हैं यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक या सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में किसी का कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पन्द्राह दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से स्वयं के हित में अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सुचित हो।

दिनांक-19-08-2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स**
**पंजीयक कार्यालय के पास, उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा राजकुमार मालवीय पिता श्री माधवलाल जी निवासी- 62, ग्रेटर रतन एवेन्यू, एम.आर. 5 रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भवन क्रमांक 62, जो कि ग्रेटर रतन एवेन्यू, एम.आर. 5 रोड़, उज्जैन में स्थित हैं। भवन तल व प्रथम मंजिल आर.सी.सी. का निर्मित हैं। भवन की भूमि का कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर हैं। भवन के पूर्व दिशा में रोड़ कालोनी, पश्चिम दिशा में भवन क्रमांक 86, उत्तर दिशा में भवन क्रमांक 61 एवं दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक 63 हैं। उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

ईति दिनांक 19-08-2026

**सौरभ जैन, ( चौरडिया ) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 96177-77776**

# ई-स्कूटी में भीषण धमाका : मां और दो बच्चे गंभीर रूप से झुलसे

## 8 से 10 दिन पहले ही खरीदी थी नई गाड़ी; अलसुबह 4.30 बजे हुआ हादसा, कॉलोनी में मची अफरा-तफरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम शहर के कनेरी रोड स्थित विंध्यवासिनी कॉलोनी में बुधवार तड़के एक हृदयविदारक हादसा सामने आया। यहां एक मकान में चार्जिंग पर लगी नई 'लोवास' कंपनी की ई-स्कूटी में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि पूरे घर में आग फैल गई, जिससे मकान में सो रही मां और उनके दो बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे में घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात पूरा परिवार ई-स्कूटी को चार्जिंग पर लगाकर सो रहा था। सुबह करीब 4.30 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट होने से ई-स्कूटी में जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट की भयावह आवाज सुनकर विंध्यवासिनी कॉलोनी के निवासी दहल गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की पहचान बिंदु सिसोदिया (36 वर्ष), विजय लक्ष्मी (20 वर्ष) और अंतिम (15 वर्ष) के रूप में हुई है। आग की लपटों से तीनों बुरी तरह झुलस गए।

**पड़ोसियों ने दिखाई तत्परता, मेडिकल कॉलेज में भर्ती**

धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के रहवासी तुरंत मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने तत्परता दिखाते हुए झुलसे हुए परिवार को किसी तरह बाहर निकाला। स्थानीय निवासी निर्मल राठौड़ ने पास के पेट्रोल पंप से फायर सेफ्टी उपकरण लाकर शुरूआती आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। पड़ोसियों की मदद से सभी घायलों को तुरंत मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

**बच्चों के स्कूल आने-जाने के लिए ली थी नई स्कूटी**

घायल बिंदु के जीजा वीरेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि परिवार ने करीब 10-12 दिन पहले ही माणकचौक स्थित शोरूम से 'लोवास' कंपनी की गुलाबी (पिंक) रंग की नई ई-स्कूटी खरीदी थी। मां ने यह गाड़ी अपने बच्चों के स्कूल आने-जाने की सुविधा के लिए ली थी। परिजनों ने बताया कि जिस मकान में यह दर्दनाक हादसा हुआ, वह भी परिवार ने मात्र चार महीने पहले ही खरीदा था।

पुलिस और अग्निशमन विभाग फिलहाल घटना के कारणों और ई-स्कूटी में हुए विस्फोट की जांच में जुट गए हैं। फिलहाल घायल माँ और दो बच्चो का मेडिकल कॉलेज में उपचार किया जा रहा है। पुलिस पुरे मामले को लेकर जांच में जुट गई है।

## न्यूज-कॉलम

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 24 को

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 24 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, नीमच में आयोजित होगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति बैठक के पालन प्रतिवेदन,प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान,जननी सुरक्षा योजना भुगतान, राष्ट्रीय शिशु एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम,मातृ एवं बाल स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों, पोषण पुनर्वास केंद्र,आयुष्मान भारत,राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम,क्षय एवं मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन एवं अंधत्व निवारण कार्यक्रम सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। साथ ही दस्तक अभियान की भी समीक्षा प्रस्तावित है। बैठक में संबंधित जिला अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्धारित एजेंडा अनुसार आवश्यक जानकारी एवं प्रगति विवरण के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### दवा व्यवसायी ईमदाद अली का निधन



**नीमच।** शहरं की प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी फर्म. सेन्ट्रल मेडिकल स्टोर्स के संस्थापक हाजी श्री ईमदाद अली (जावरा वाला) पिता स्व. ताहेर अली का 90 वर्ष की आयु में सोमवार रात निधन हो गयाद्य वे लम्बे समय से अस्वस्थ थे। श्री बोहरा शांतिप्रिय, सौम्य, मृदुभाषी, धार्मिक एवं सामाजिक सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी थे। वे वर्षों तक लायन्स क्लब, नीमच के सक्रिय सदस्य रहे और पीड़ित मानवता के हितार्थ उन्होंने जीवनभर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। डेडी के नाम से प्रसिद्ध श्री इमदाद भाई जावरावाला युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत रहे, उन्होंने शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में भी कार्य किया। श्री जावरा वाला असगरअली, इकबाल हुसैन, कुतुबुद्दीन के बड़े भाई व ताहेरअली के पिताजी थे द्य जिनके निधन से समाज परिवार व दवा व्यवसाय जगत में शोक छा गया। जिनकी यहा शोक सभा में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोगों सहित समाज व दावल व्यापारियों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित हुए 45 करोड़ से अधिक

**मन्दसौर।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत मंदसौर जिले की २ लाख 60 हजार से अधिक बहनों के बैंक खातों में 45 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि अंतरित की गई है। नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। इस माह नियमित किस्त के 1500 रुपये के साथ-साथ रक्षाबंधन के त्यौहार के अवसर पर 250 रुपये की विशेष आर्थिक सहायता राशि भी बहनों को प्रदान की गई। जिले के सभी ग्रामों और वार्डों में वेबकास्ट के माध्यम से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### सनातन पुजारी न्याय यात्रा 21 अगस्त को, ज्ञापन भी देंगे

**मन्दसौर।** श्री वैष्णव बैरागी समाज चतुः संप्रदाय के बैनर तले 21 अगस्त को मंदसौर में सर्व समाज सनातन पुजारी न्याय यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, भोपाल और ग्वालियर सहित प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पुजारियों के जुटने की संभावना है। यह यात्रा संजय गांधी उद्यान से वाहन रैली के रूप में प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी, जहां जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

ज्ञापन में गाय को राष्ट्रीय गौ माता घोषित करने, पुजारियों को संपूर्ण कृषक का दर्जा देने, उनकी कृषि भूमि की नीलामी पर रोक लगाने तथा मठ-मंदिरों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा जैसी प्रमुख मांगे शामिल हैं। मांगें पूरी न होने पर भविष्य में प्रांतीय स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# केशव सत्संग भवन में मनाई गई तुलसीदास जयंती, वक्ताओं ने बताया युगांतरकारी कवि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



खानपुरा स्थित श्री केशव सत्संग भवन में स्वामी सनिष्ठानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित दिव्य चातुर्मास अध्यात्म सत्संग के अंतर्गत गोस्वामी तुलसीदास जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी सनिष्ठानंद जी महाराज द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

समारोह में मुख्य वक्ताओं और अतिथियों ने गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन दर्शन और साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला। पूर्व प्राचार्य डॉ. रवींद्र सोहोनी ने उन्हें युगांतरकारी कवि बताते हुए कहा कि च्श्रीरामचरितमानसज जैसा दिव्य ग्रंथ लोकमंगल, मयार्दा, प्रेम, करुणा और दया जैसे मानवीय मूल्यों का प्रतीक है। शिक्षाविद रमेशचंद्र चंद्रे ने तुलसीदास जी की विलक्षण विद्वता और वैराग्य का उल्लेख करते हुए हनुमान चालीसा जैसी अमर रचनाओं के महत्व को रेखांकित किया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार बृजेश जोशी ने कहा कि तुलसीदास जी ने संस्कृत की वाल्मीकि रामायण को सरल लोकभाषा में ढालकर जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया।

कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष जगदीश सेठिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन सचिव कारू लाल सोनी द्वारा किया गया। अंत में मदनलाल गेहलोत ने आरती संपन्न कराई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।




# वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता में मंदसौर का जलवा, तीनों वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

**मन्दसौर।** भोपाल में आयोजित वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान की कुल 38 टीमों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता में मंदसौर ने मिनी बालक, मिनी बालिका और जूनियर बालक वर्ग के खिताब अपने नाम किए। मिनी बालिका वर्ग के फाइनल में डेक्सटर विद्यालय मंदसौर ने लीलावती इंटरनेशनल स्कूल जयपुर को 4-0 से हराया, जिसमें युविका चंदेल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मिनी बालक वर्ग में सेंट थॉमस विद्यालय ने ब्रह्मानंद विद्या मंदिर गुजरात को 1-0 से मात दी। जूनियर बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला मंदसौर की ही दो टीमों के बीच हुआ, जिसमें सैनिक स्कूल ने दशपुर विद्यालय को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस वर्ग में वीर राज होलकर को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

# संत रविदास जयंती पर मंदसौर में कलश यात्रा आज से शुरू

**मन्दसौर।** संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650 वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर मंदसौर जिले में श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान और कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित कलश पूजन, वंदन और सम्मान समारोह के साथ होगा। कार्यक्रम के पश्चात पावन कलश को रथ के माध्यम से जिले के सभी 21 मंडलों, स्थानीय मंदिरों और ग्राम स्तर तक ले जाया जाएगा। यह यात्रा 20 अगस्त से शुरू होकर 10 सितंबर तक निर्धारित मार्गों पर संचालित होगी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सामूहिक आरती, गुरुवाणी पाठ, भजन संध्या और सामाजिक समरसता से जुड़े विविध धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के अंतर्गत 31 अगस्त तक संत संपर्क कार्यक्रम भी चलाया जाएगा, जिसमें सवबंस संतों और गुरुओं को आमंत्रित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं ।

# तुलसीदास ने समाज को भक्ति के साथ ही मानवीय मूल्यों का बोध कराया -डॉ. गुप्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

राजीव गांधी शा. स्ना. महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा तुलसी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा की उस समृद्ध धारा को याद किया गया, जिसमें वेद, उपनिषद और रामायण के माध्यम से जीवन-मूल्यों की निरंतर व्याख्या होती रही है और तुलसीदास जी उसी परंपरा के सशक्त वाहक के रूप में प्रतिष्ठित हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने तुलसीदास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसी का साहित्य केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोकमंगल, मयार्दा, समन्वय और मानवीय संवेदनाओं का व्यापक दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि तुलसी ने समाज को भक्ति के साथ-साथ जीवन जीने की मयार्दा और मानवीय मूल्यों का बोध कराया। रामचरितमानस में वर्णित श्रीराम का चरित्र आज भी सत्य, त्याग, कर्तव्य, करुणा और आदर्श जीवन की प्रेरणा देता है।

प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता लोधा ने कहा कि अकबर ने केवल किलों को जीता था, जबकि तुलसीदास जी ने लोगों के दिलों को जीता है। इस दौरान एम.ए. की छात्रा तनीषा ने भी तुलसीदास जी के जीवन और साहित्यिक विचारों पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा जैन ने किया तथा अंत में डॉ. ज्योति डोसी ने आभार व्यक्त किया।

# जावद पुलिस ने 20 ग्राम एमडी ड्रग्स एवं 12 किलो ग्राम डोडाचूरा किया जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ एवं नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध राज्यव्यापी विशेष अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशन में नीमच पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्रीमती हेमलता अग्रवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री हर्ष राठौर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी थाना जावद के नेतृत्व में जावद पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 20 ग्राम एमडी ड्रग्स एवं 12 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचूरा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 16 अगस्त की रात्रि को थाना जावद पुलिस को अवैध मादक पदार्थ के परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर नीमच-निम्बाहेड़ा फोरलेन हाईवे रोड, रेस्टोरेंट/भारत होटल के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान संदिग्ध ऑडी कार को रोककर विधिवत तलाशी ली गई। वाहन एवं आरोपियों के कब्जे से पारदर्शी प्लास्टिक की थैली में पैक 20 ग्राम एमडी ड्रग्स, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये तथा एक प्लास्टिक के कट्टे में रखा 12 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचूरा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 36 हजार रुपये बरामद किया गया, जिसे नियमानुसार जप्त किया गया।

# शारदा पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**पिपलिया मंडी।** शारदा पब्लिक स्कूल में पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य ओम प्रकाश गहलोत सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कृषि साथी परिवार के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर दीपक कुमावत, श्री पुरुषोत्तम माली एवं अक्षय माली विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा पौधारोपण कर विद्यार्थियों एवं समाज को अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण, अधिक से अधिक वृक्ष लगावें।



# उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में शाला प्रबंध समिति का हुआ पुनर्गठन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

लाल बहादुर शास्त्री शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में शासन के निर्देशानुसार पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित कर शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से श्री राजेश शर्मा को अध्यक्ष एवं श्रीमती मनीषा गेहलोत को उपाध्यक्ष चुना गया।

साथ ही समिति के सदस्य के रूप में ओम प्रकाश रेगर, रानू कल्याणे, अभय कुमार, ज्योति सूर्यवंशी, ज्योति परमार, रीना सुरागी, ज्योति बाला सोनी, सत्यनारायण राठौर, अंबाराम पाटीदार, श्यामलाल माली, ममता, हेमलता शर्मा, रियाज अहमद, रावसिंह तथा उत्कृष्ट विद्यालय के बाबूलाल जोशी, विजय जोशी, अनिल जैन, सुरभि शर्मा, नीरज पवार, खुशबू शर्मा, अंगूरबाला मालवीय को चुना गया। विद्यालय के प्राचार्य के.सी. सौलंकी ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का पुष्पहार से स्वागत किया और शाला प्रबंध समिति के दायित्वों से उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया गया।

# किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की योजना भी चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीयामंडी

भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की सारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है कमीशनखोरी के चलते कोई सुनने वाला नही है जनप्रतिनिधियों ने तो आंखों पर पट्टी बांध ली है उन्हें भ्रष्टाचार दिखाई नही देता है।

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता भेरूपप्पू गुर्जर बुधवार को किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के हर खेत को पानी और माइक्रो इरिगेशन सूक्ष्म सिंचाई योजना अन्तर्गत डाली जारही पाइप लाइन को देखा सुठोद से मल्हारगढ़ के बीच व पिपलीया कालेज के सामने पाइप लाइन व वाल्व से हजारों गेलन पानी व्यर्थ बह गया।शर्मा एवं गुर्जर ने आरोप लगाया कि भाजपा



विकास के बड़े बड़े दावे करती है और कहती है कि भ्रष्टाचार को भाजपा ने खत्म कर दिया है,लेकिन भाजपा के हर विकास कार्यो में कमीशनखोरी चरम पर है और यह सरकार 50 प्रतिशत कमीशन की सरकार है।जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार आखण्ड भ्ष्टार्चार में डूबी हुई है क्षेत्र में कई जगह पेयजलापूर्ति हेतु बनाई गई टँकीया टेस्टिंग के दौरान ही झरने की तरह लीकेज होगई वही किसानों के खेतों तक पानी के लिए बिछाई जारही पाइपलाइन भी जगह जगह लिकेच होरही है, सुवासरा कृषि उपज मंडी परिसर होकर निकाली गई पाइपलाइन भी लिकेच होगई थी वहां भी किसानों की उपज बह गई व किसानों के खेतों में भी लिकेच के दौरान खेत नदी व तालाब बन गए थे फसल बर्बाद होगई थी।इसी तरह स्कूल,सड़के,व निमार्णाधीन सरकारी भवन भी घटिया निर्माण के चलते कभी भी धराशायी होने से इंकार नही किया जासकता है।

कांग्रेसनेता बाबुखा मेवाती ने कहा कि डिप्टी सीएम जगदीश जी देवडा की विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा घटिया निर्माण कार्य होरहे है करोडो रुपये की सड़के बनते ही उखड़ कर गड्डो में तब्दील होरही है शिकायत पर कोई कार्यवाही नही होरही है क्योंकि ठेकेदार भी भाजपा के ही है।

कांग्रेसनेताओ ने क्षेत्र में घटिया व गुणवत्ता विहीन कार्यो की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है ताकि जनता की गाढ़ी कमाई के पेसो का सदुपयोग हो सके।

## न्यूज कालम



### दशपुर इनरव्हील ने जरूरतमंद बच्चों को दिलाए उनकी पसंद के कपड़े

**मन्दसौर।** सामाजिक सेवा क्षेत्र में कार्यरत इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर ने क्लब अध्यक्ष सोनम मेहता के मार्गदर्शन एवं क्लब सदस्या प्रमिला जैन का विशेष सहयोग से एक नई और संवेदनशील पहल करते हुए जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर खुशियां बिखेरी हैं। क्लब के सदस्यों ने बच्चों को एक निजी मार्ट में ले जाकर उन्हें उनकी स्वयं की पसंद के टी-शर्ट चुनने का अवसर दिया और कपड़े भेंट किए। अपनी पसंद के नए कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके अतिरिक्त क्लब द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत निर्धन बस्तियों में जाकर मिठाइयों और वस्त्रों का वितरण भी किया गया, जिससे अनेक परिवारों को संबल मिला। इस सेवा प्रकल्प में क्लब की सचिव सुरक्षा चौधरी, सदस्या राखी परवाल, नेहा दोषी, शिखा गोयल भी उपस्थित रही।

### रेलवे म्यूजिकल ग्रुप द्वारा देश भक्ति गीत कार्यक्रम का आयोजन




**नीमच।** स्वतंत्रता दिवस, संध्या 15 अगस्त शनिवार को एक देश भक्ति गीतों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन रेलवे इंस्टिट्यूट रेलवे कॉलोनी नीमच में संपन्न हुआ द्य प्रारंभ में ग्रुप अध्यक्ष राजेंद्र भौरेला एवं सचिव श्री जाखड़ ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया जिसके बाद कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती वंदना गीत और इसके पश्चात देश भक्ति गीतों की अविरल प्रस्तुतियां रेलवे म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों द्वारा दी गई द्य जिसमें दुल्हन चली पहन चली तीन रंग की चोली.. की प्रस्तुति राजेंद्र रोकड़े व राजन भवरेला द्वारा दी गईद्य इसके पश्चात नफरत की लाठी तोड़ो जीत की प्रस्तुति श्री जाखड़ द्वारा दी गई जिसे बहुत सराहना मिली इसके पश्चात ग्रुप के ही महेश जी शर्मा द्वारा जाने वालों मुड़ के देखो जरा में भी इंसान हूं... गीत की की हृदय स्पर्शी प्रस्तुति दी गईद्य इसी प्रकार श्रीमती संध्या जैन एवं श्रीमती लोढ़ा सहित अन्य सदस्यों ने भी सदाबहार देश भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी गई द्य कार्यक्रम के मध्य ग्रुप के पूर्व सदस्य स्वर्गी जयंती पवार को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया । अंत में आभार सचिव श्री जाखड़ द्वारा व्यक्त किया गया।

### नपा नीमच सीएमओ व तीन अधिकारी कर्मचारी स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित

**नीमच।** स्थानीय हायर सेकेंडरी क्रमांक २ में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा श्रेष्ठ कार्य के लिए नगर पालिका नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया सहित तीन अधिकारी कर्मचारियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नगर पालिका परिषद नीमच की सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया को सीएम हेल्पलाइन एवं शासन की योजनाओं के त्वरित निराकरण के उत्कृष्ट कार्य हेतु, कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा को कार्यालय अधीक्षक के पदीय दायित्व के साथ साथ स्टोर शाखा, ]परिषद बैठकों का संचालन व रिकॉर्ड संधारण में उत्कृष्ट कार्य एवं श्री कमल अहीर को जनगणना में उत्कृष्ट कार्य हेतु कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### घनश्याम पटवारी के निधन पर शोकसभा



**पिपलीया मंडी।**मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के काका घनश्याम पटवारी के निधन पर बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसोदिया, सोशल मिडिया के प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास, जिला कांग्रेस के महासचिव द्वय अनिल शर्मा, तुलसीराम पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,कांग्रेसनेता अनिल बोराना आदि ने इंदौर पहुंचकर स्व. घनश्याम पटवारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### मुंबई से पकड़ाया स्थाई वारंटी

**मन्दसौर।** जिले की दलोदा थाना पुलिस ने मुंबई से एक फरार स्थाई वारंटी का मुंबई से गिरफ्तार किया है। सद्दाम मंसूरी निवासी अमलावद के खिलाफ कुटुंब न्यायालय मंदसौर में भरण-पोषण राशि न देने का मामला लंबित था, जिस पर न्यायालय द्वारा उसे फरार घोषित कर 2023 में स्थाई वारंट जारी किया गया था। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर मुंबई के सील्फाटा इलाके में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-एकनाथ पिता स्व. तुकाराम वाघमारे क्रेता- निर्मला पति एकनाथ वाघमारे वार्ड क्रं. 56 पता-162 शिवाजी नगर इन्दौर पिन-9000208846 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-अलका पति सुरेन्द्र कुलकर्णी क्रेता- साधना पति ओमप्रकाश खोरवाल वार्ड क्रं. 57 पता-55, 56, 57 प्र.क्रं. 307 प्रभात रेसीडेंसी ब्लाक-बी तिलक पथ रामबाग इन्दौर पिन-10008888925 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### जरूरतमंदों के लिए रक्त की व्यवस्था कर रहा जीवन का आधार ब्लड ग्रुप

**राजगढ़।** जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जीवन का आधार ब्लड ग्रुप, राजगढ़ लगातार सेवा कार्य में जुटा हुआ है। ग्रुप के संचालक सेफ अली, टीम द्वारा न केवल राजगढ़ बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की व्यवस्था करवाने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पतालों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को जब तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है, उस समय जीवन का आधार ब्लड ग्रुप के माध्यम से रक्तदाताओं से संपर्क कर रक्तदान करवाया जाता है। जरूरत के अनुसार अलग-अलग स्थानों से रक्तदाताओं की मदद लेकर मरीजों तक रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाता है।

### कोचर तथा धारविया ने किया तपस्वियों का बहुमान

**महिदपुर रोड़।** नगर जैन समाज के चल रहे चातुर्मास के दौरान मंगलवार को दादा नैमिनाथ जन्म कल्याणक 5 उपवास की लड़ी में 52 सिद्धितप तपस्वियों के सुबह के बियासने का लाभ गुरुराज द्विशताब्दी 2026 के पावन अवसर पर रमेशचंद्र अमित कुमार अंकेश कुमार कोचर मावावाला परिवार ने लिया कोचर परिवार के साथ श्रीमती माया प्रहलाद कुमार धारविया ने सभी तपस्वियों का बहुमान कर देवगुरु कृपा से सुख साता पूर्वक तपस्या चले ऐसी कामना की।

### पार्थिव शिवलिंग बनाकर किया पूजन

**महिदपुर रोड।** नगर के बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक श्री राम हनुमान मंदिर में श्रावण मास के तीसरे सोमवार को श्रद्धालु महिलाओं ने मंदिर के पुजारी पंडित पुरुषोत्तम भट्ट के मार्गदर्शन में 21 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उनका विधि विधान से पूजन अर्चन किया पूजन के उपरांत महिलाओं ने भजन कीर्तन कर धार्मिक भावना से ओत प्रोत जीत गाये पंडित पुरुषोत्तम भट्ट ने बताया बुधवार को तुलसी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया।

### गरीबों को शक्कर देने की मांग महंगी शक्कर खाने को मजबूर

**महिदपुर।** पिछले 5-6 महिने से अन्त्योदय योजना के राशनकार्डधारी जो कि अति गरीब परिवारों का राशनकार्ड है। इन राशन कार्डधारियों को प्रतिमाह 20 रु. किलो में सस्ती शक्कर राशन दुकानों से मिलती है। पिछले 5-6 महिने से इन गरीबों को शक्कर नहीं मिलने से यह परिवार महंगी शक्कर खाने को मजबूर है। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष लेखराज मल्होत्रा ने म.प्र. शासन से मांग की है कि अतिगरीब परिवारों के हितों को देखते हुए राशन दुकानों से सस्ती शक्कर दी जावें।

### पचोर में लगा जनसमस्याओं का अंबार, जिम्मेदारों का ध्यान नहीं

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के पचोर नगर में जन समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। शासकीय प्राथमिक गंज स्कूल तोड़कर एक समुदाय भवन एक कमरे में पांच कक्षाएं में चल रहा है जहां बाथरूम शौचालय की समस्या पीएम कन्य शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल पचोर में बच्चों के अनुपात में भवन नहीं है। क्लास रूम, फिजिक्स केमिस्ट्री की प्रयोगशाला एवं शौचालय की आवश्यकता शासकीय गांधी हाई सेकेंडरी स्कूल पचोर और पीएम कन्या हाई सेकेंडरी पचोर आदि में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। सरकारी स्कूलों को बचाना है बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाना है।

### तीसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सुसनेर।** सावन के तीसरे सोमवार को नगर के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में दिनभर हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। पंचदेहरिया महादेव मंदिर सहित नगर के सत्यनारायण गली स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार किया गया। श्रृंगार दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। इसके साथ ही मेला ग्राउंड स्थित ओंकारेश्वर मंदिर, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ महाआरती का आयोजन किया गया।

डोमा परिसंघ के पदाधिकारियों ने की अधिकारियों से की मुलाकात

# नि:शुल्क यूपीएससी कोचिंग योजना बंद किए जाने के विषय में विरोध जताते हुए की चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

17 अगस्त को डोमा परिसंघ के प्रदेश महासचिव जे.के. मालवीय एवं प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र राजाराम ने अनुसूचित जाति-जनजाति वर्गों से संबंधित महत्वपूर्ण विभागों के प्रमुख सचिव आईएएस गुलशन बामरा तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप सचिव आईएएस दिलीप कापसे से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

अनुसूचित जाति के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए शासन की महत्वपूर्ण नि:शुल्क यूपीएससी कोचिंग योजना बंद किए जाने का विषय प्रमुखता से उठाया गया। प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने बताया कि यह योजना वर्तमान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति दोनों वर्गों के लिए बंद कर दी गई है और संभवतः पूर्व में जारी अधिसूचना ही अंतिम थी। जनजाति वर्ग के लिए योजना बंद किए जाने का कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि अभी तक इस योजना का लाभ लेने वाला कोई विद्यार्थी यूपीएससी में सफल नहीं हुआ। इस पर प्रदेश महासचिव जे.के. मालवीय ने बताया कि भले ही यूपीएससी में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन इस योजना के माध्यम से एमपीपीएससी में अनेक विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें एसडीएम एवं डीएसपी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर चयनित विद्यार्थी भी शामिल हैं। प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र राजाराम ने प्रतिभावान एवं वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के लिए इस महत्वपूर्ण योजना को बंद किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई तथा योजना को पुनः प्रारंभ कराने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जाने की आवश्यकता बताई।



**मध्यप्रदेश बीज निगम के प्रदेश सचिव से मुलाकात**

इसके बाद मध्यप्रदेश बीज निगम के प्रदेश सचिव बी.एस. बारिया से भी सार्थक मुलाकात हुई और विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। डॉ. जितेंद्र राजाराम ने बताया कि डोमा परिसंघ प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक सहित सभी शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान तथा उनके विरुद्ध होने वाले शोषण के खिलाफ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इन वर्गों के अधिकारों, अवसरों एवं कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ऐसे प्रयासों को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। उक्त जानकारी डोमा परिसंघ प्रदेश महासचिव जे के मालवीय ने दी।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने की योजना पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सुदूर ग्रामीण जिलों में इस सुविधा की जानकारी बहुत कम विद्यार्थियों तक पहुंच पाती है। साथ ही आवेदन एवं पात्रता की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि योग्य विद्यार्थी चाहकर भी इसका लाभ नहीं उठा पाते।

इस विषय पर यह विचार-विमर्श किया गया कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभावान विद्यार्थियों तक योजना की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए तथा पात्र विद्यार्थियों को आवेदन से लेकर चयन तक आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि वास्तविक रूप से योग्य विद्यार्थी इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ उठा सकें।

जे.के. मालवीय ने डॉ. आंबेडकर मांगलिक भवन, महिदपुर की दो वर्ष पूर्व और वर्तमान स्थिति के फोटो प्रमुख सचिव को दिखाए। उन्होंने भवन की स्थिति पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए भवन को अतिक्रमण मुक्त कर चारों ओर बाउंड्रीवाल निर्माण सहित इसे वंचित वर्गों के हित में और अधिक उत्कृष्ट एवं उपयोगी बनाने की मांग की। प्रमुख सचिव ने विभाग एवं कलेक्टर के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने की बात कही। इसके पश्चात उप सचिव आईएएस दिलीप कापसे से भी दोनों विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने चर्चा को सार्थक बताते हुए संबंधित प्रस्ताव शासन को भेजने की बात कही।

# सुठालिया सिंचाई परियोजना प्रभावित किसानों के धरने को कांग्रेस का समर्थन

## मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़

सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों ने लंबित मुआवजा, पुनर्वास एवं अन्य पात्र लाभ दिए जाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया तथा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों के धरना प्रदर्शन को कांग्रेस ने भी समर्थन दिया।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर, रामचंद्र दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्र सिंह सोंधिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह एवं कांग्रेस कार्यकर्ता निखिल राज सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से परियोजना से प्रभावित सभी पात्र किसानों को नियमानुसार चार गुना मुआवजा दिए जाने की मांग की। किसानों के अनुसार परियोजना में 33 गांव, 2,815.325 हेक्टेयर भूमि, 4,431 कृषक एवं 847 मकान प्रभावित बताए जा रहे हैं। सिंचाई विभाग द्वारा मुआवजा राशि करीब 412.27 करोड़ बताई गई है।



किसानों ने कुएं, ट्यूबवेल, पेड़-पौधे, फलदार पौधे, सिंचाई पाइपलाइन सहित अन्य परिसंपत्तियों का लंबित मुआवजा जारी करने की मांग भी की। साथ ही 90 एवं 100 प्रतिशत डूब क्षेत्र में आने वाले परिवारों को पुनर्वास, आवास एवं अन्य पात्र लाभ देने की मांग रखी। ज्ञापन में कांकरिया गुर्जर एवं सेमलापार राजपूत खेड़ा के डूब प्रभावित मकानों का पुनः सर्वे कराने की मांग भी की गई।

**मूल्यांकन के बाद काटे गए मकानों की राशि देने की मांग**

किसान एवं समाजसेवी जयपाल सिंह खींची ने कहा कि ग्राम टोडी के 24 मकान और ग्राम गुर्जरखेड़ी के 3 मकान मूल्यांकन के बाद काट दिए गए हैं, जबकि इन मकानों का उचित मुआवजा प्रभावित परिवारों को मिलना चाहिए।

महिलाओं ने बदली चुनाव की तस्वीर

# 75% मतदान के साथ दुर्गा साहू बने समाज के निर्वाचित अध्यक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में साहू समाज का चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुआ। समन्वय समिति साहू समाज ब्यावरा के नेतृत्व में साहू समाज चुनाव समिति का गठन किया गया समन्वय समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पार्षद विष्णु साहू के मार्गदर्शन में चुनाव समिति द्वारा ब्यावरा नगर के साहू समाज के मतदाताओं की सूची तैयार की जिसमें 18 वर्ष से ऊपर आयु के महिला एवं पुरुषों को सम्मिलित किया गया सूची की लोकतांत्रिक पद्धति से जांच की गई इसके बाद ब्यावरा साहू समाज नगराध्यक्ष के निर्वाचन की घोषणा की गई। नगराध्यक्ष उम्मीदवारों के लिए सर्व सहमति से योग्यताएं निर्धारित की जिस में दुर्गा साहू एवं चंदन साहू ने ब्यावरा नगराध्यक्ष पद हेतु नामांकन फॉर्म अनिवार्य दस्तावेजों के साथ भरकर जमा किये।

साहू धर्मशाला सुठालिया रोड ब्यावरा में लोकतांत्रिक पद्धति से सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक निष्पक्ष रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गई तथा 4 बजे से मतगणना की गई। मतदान में समाजजनों का उत्साह देखने लायक था। इस बार महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक रही। कुल 1290 पंजीकृत मतदाताओं में से 977 मतदाताओं ने मतदान किया। 14 मत निरस्त घोषित किए गए। इस प्रकार 75 प्रतिशत मतदान रहा। मतगणना के बाद घोषित परिणाम में दुर्गा साहू को 586 मत प्राप्त हुए। वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी चंदन साहू को 377 मत मिले। इस तरह दुर्गा साहू ने 209 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्जकर ब्यावरा साहू समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का पदभार संभाला। निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार साहू ने परिणाम घोषित कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गा साहू को अध्यक्ष पद की घोषणा की। परिणाम आते ही समाज में हर्ष का माहौल बन गया। प्रदेश और जिले के वरिष्ठजनों, समाजबंधुओं एवं इष्ट-मित्रों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गा साहू के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समाज की एकता, शिक्षा और उत्थान के लिए कार्य करने की अपेक्षा जताई।

## 22 को मनकामेश्वर से पंचदेहरिया महादेव तक निकलेगी शिव शक्ति कावड़ एवं कलश यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

सावन माह के पावन अवसर पर नगर में 22 अगस्त को भव्य शिव शक्ति कावड़ एवं कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा नगर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर पंचदेहरिया महादेव मंदिर तक पहुंचेगी। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारियां की जा रही हैं। वहीं यात्रा में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए श्रीराम प्रभात फेरी समिति के भक्तों द्वारा गांव-गांव पहुंचकर लोगों से यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह श्रीराम प्रभात फेरी समिति से जुड़े भक्तों द्वारा कायरा एवं नांदना गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह भक्तिमय माहौल में निकली प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए और ग्रामीणों को 22 अगस्त को निकलने वाली शिव शक्ति कावड़ एवं कलश यात्रा की जानकारी दी। भक्तों ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में सुसनेर पहुंचकर यात्रा में सहभागी बनने तथा धार्मिक आयोजन का लाभ लेने की अपील की।

## भंडावद मावि में बीईओ ने निरीक्षण के दौरान किया मध्यान्ह भोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर विकासखंड के ग्राम भंडावद स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश विरमाल ने मंगलवार को औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने शासकीय योजना के तहत विद्यार्थियों को परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को जांचा और बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर भोजन ग्रहण किया। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विरमाल ने विद्यालय में उपस्थित बच्चों से सीधे संवाद किया और उन्हें प्रतिदिन नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक स्तर अत्यंत ऊंचा और गुणवत्तापूर्ण हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बीईओ ने अपील की कि वे अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालय में ही कराएं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय विद्यालयों में पढने वाले विद्यार्थियों को शासन की ओर से नि:शुल्क पुस्तकें, नि:शुल्क साइकिल, दो जोडी गणवेश, छात्रवृत्ति तथा पौष्टिक एवं स्वादिष्ट मध्यान्ह भोजन जैसी अनेक हितकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के दिया जाता

नागपंचमी पर मंदिरों में लगा भक्तों का तांता, विश्व शांति के लिए हवन में दी नारियल की आहुति

# कालेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, महिलाओं ने किए भजन-कीर्तन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नागपंचमी के अवसर पर सोमवार को मेला ग्राउंड स्थित शिव के बाग में नगर के प्रमुख कालेश्वर महाराज मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। दिनभर हवन, पूजन-अनुष्ठान एवं भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। कालेश्वर झंडा मंडल द्वारा अलसुबह कालेश्वर महाराज की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार कर विशेष पूजा-अर्चना की गई।

महिलाओं द्वारा दिनभर भजन-कीर्तन किए गए। वहीं सुख-शांति एवं विश्व शांति की कामना को लेकर हवन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने नारियल की आहुति दी।मंदिर के पुजारी देवीलाल पंडा द्वारा दिन में तीन बार कालेश्वर महाराज की आरती की गई। पहली आरती सुबह 10 बजे दूसरी आरती दोपहर 2 बजे तथा तीसरी विशेष महाआरती शाम 4 बजे हुई। महाआरती के बाद करीब तीन क्विंटल फूलेरा प्रसादी का वितरण किया गया। नागपंचमी के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। फूलेरा प्रसादी लेने के लिए भी भक्तों की भीड़ लगी रही। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।





**भौंरासा**

नगर में एक मात्र ऐसा भी केसरिया कुंवर पर अति प्राचीन नाग मंदिर स्थित है जहां नगर के संपूर्ण श्रद्धालुजन भक्ति भाव से मंदिर में पहुंच कर पूजन अर्चन करते है। नाग पंचमी पर भी नाग मंदिर में भक्ति की भीड़ देखने को मिली जहां विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। मंदिर पुजारी ने बताया कि उक्त मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना हे हमारे पूर्वज भी मंदिर की पूजन अर्चन करते आए है। पवित्र ओर सच्चे मन से नाग देवता की पूजा करते हे नाग देवता सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते ओर फल प्राप्ति करवाते है।

साथ ही मंदिर के समीप ही नाग देवता का निवास है। यहां भी एक चमत्कार से कम नहीं है नाग पंचमी पर्व के आते ही उनका निवास बिमला जिसे नाग लोक भी कहते वह स्वय ही 10 फिट से अधिक तक बन जाता हे जो कि यहां एक किसी चमत्कार से कम नहीं है और स्वय साक्षात देवता यहां निवास भी करते हे पंचमी के दिन यह भक्तों द्वारा पूजन कर दूध और नैवेद्य चढ़ाया जाता है। और भक्त अपनी मनोकामना करते है। जिससे देवता स्वीकार अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण कर रक्षा करते है।



### फूलों से सजी पालकी में विराजमान हुए बाबा भंवरनाथ महाराज, पुजारी ने किया पूजन

**भौंरासा।** नगर के अति प्राचीन बाबा भंवरनाथ मंदिर पर सावन के पवित्र माह में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रहीं है और साथ बाबा मनकामेश्वर का रुद्र अभिषेक भक्तों द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा है। इसी क्रम रपट मंडली के युवाओं द्वारा सावन के तृतीय सोमवार को बाबा भंवरनाथ महाराज की शाही पालकी सवारी निकाली गई मंडली द्वारा पिछले 10 वर्षों से धूमधाम से पालकी निकाली जा रही। जिसमें बाबा की पालकी रंगबिरंगे फूलों,और झिलमिलाती लाइट से सजाया गया पालकी अपने समय अनुसार मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण को निकली जहां शिव भक्त बाबा के दर्शन की हेतु क्रम बार खड़े हुए और पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया साथ ही महिलाओं ने आरती की थाली सजाकर पूजन कर आरती उतारी गई पालकी नगर के मुख्य मार्गो से निकली जिसके बाद कचहरी पहुंची जहा नगर के नियम अनुसार पूजन होता है शिव भक्त आगे आगे चलकर सभी को चंदन का तिलक लगा रहे थे बोल बम के जयकारों से नगर का पूरा माहौल शिवमय हो गया था बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं ढोल की तान पर झूम कर नाच रहे थे। सवारी के दौरान समिति के अशोक पटवा, दुर्गेश पांचाल, अभिषेक परमार, प्रतीक राजपूत, गुलशन यादव, राकेश राठौर, देवेंद्र कुमार, शिवा मित्तल के साथ समिति समस्त सदस्य उपस्थित थे। सावन माह के चतुर्थ सोमवार को बाबा भंवरनाथ कावड़ यात्रा समिति द्वारा भी पालकी निकाली जावेगी।

### श्रमिक हितों की मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन



**राजगढ़।** भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर श्रमिक हितों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ जिला राजगढ़ द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर राजगढ़ में धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने पहले कलेक्ट्रेट भवन के समीप स्थित मंदिर परिसर में धरना दिया, तत्पश्चात रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से श्रमिकों की विभिन्न लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, समान कार्य के लिए समान वेतन, श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी प्रावधानों को समाप्त करने तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को अधिक संरक्षण प्रदान करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए सरकार को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संजय शेखर शर्मा द्वारा किया गया। अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने श्रमिक हितों की मांगों के शीघ्र निराकरण की अपेक्षा व्यक्त करते हुए आंदोलन को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया। भारतीय मजदूर संघ एवं संबद्ध संगठनों के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वर्ण पदक जीतने पर विधि का विधायक परमार ने किया स्वागत



**तराना।** विगत दिनों में नेपाल में आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तराना की विधि पिता मुकेश शर्मा द्वारा स्वर्ण पदक जीतने पर छात्रा विधि का स्वागत किया गया। मंगलवार को विधायक महेश परमार द्वारा विधि शर्मा का उनके निवास पहुँचकर भव्य स्वागत किया गया। विधायक परमार बोले कि यह बड़े गर्व की बात है कि नगर कि बेटी द्वारा इंटरनेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर नगर एवं परिजनों का नाम रोशन किया है। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश परमार,पवन बारौठ, कप्तान सिंह, भेरू सिंह सिसोदिया, महेश रावल, विनोद जायसवाल आदि उपस्थित रहे। वही विगत दिनी नगर में स्वागत रैली निकाल गई थी। जिसमे नागरिक शामिल रहे। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की छात्रा विधि द्वारा इंटरनेशनल बैडमिंटन टूनार्मेंट में डबल का स्वर्ण पदक जीता था फाइनल में चीन की टीम को हराया था वही क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया एवं सेमीफाइनल में मलेशिया की टीम को हराया था।

### पंच मुखी हनुमान मंदिर पर कावडियों का उत्साह वर्धन किया



**इंगोरिया।** पवित्र सावन माह में श्रद्धालु पैदल चल कर उज्जैन महाकाल के दर्शन करते हैं। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी इंगोरिया से मंगलवार को पांचवीं कावड़ यात्रा निकली। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष, युवकों और बच्चों ने भाग लिया। ऐतिहासिक गणेश मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा चौपाटी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, अचलेश्वर महादेव मंदिर होते हुए उज्जैन के लिए रवाना हुई। मार्ग में जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भी कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण जन उपस्थित रहे, जिन्होंने यात्रा में शामिल सभी लोगों का उत्साहवर्धन किया और भगवान महाकाल के जयकारों के साथ माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

# भगवान विष्णु के सहस्त्रबाहु मंदिर का 'सास-बहू' नाम पड़ने का यह है कारण

सास-बहू मंदिर में न तो सास की पूजा होती है और न ही बहू की पूजा होती है। तो ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस मंदिर का नाम सास-बहू मंदिर कैसे पड़ा।





आप सभी ने देवी-देवताओं के मंदिरों के बारे में तो जरूर सुना होगा। जहां पर विराजमान भगवान की नियमित रूप से पूजा होती है। लेकिन क्या आपने सास-बहु के नाम का मंदिर सुना है। यह सुनने में थोड़ा सा अजीब जरूर लग सकता है। लेकिन भारत में एक ऐसा मंदिर है, जिसका नाम सास-बहू मंदिर है। सास-बहू मंदिर का नाम सुनते ही हम सभी के दिमाग में सास-बहू के रिश्ते और उनके बीच होने वाली खट्टी-मीठी नोंकझोंक याद आता है। बता दें कि सास-बहू मंदिर में न तो सास की पूजा होती है और न ही बहू की पूजा होती है। तो ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस मंदिर का नाम सास-बहू मंदिर कैसे पड़ा।

## किसने बनवाया था मंदिर

मंदिर के इतिहास के बारे में बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण कच्छवाह वंश के राजा महिपाला ने 10 या 11वीं शताब्दी के आसपास कराया था। महिपाला की रानी भगवान श्रीहरि विष्णु की परम भक्त थीं। वहीं राजा भी अपनी पत्नी के प्रति प्रेम और उदार स्वभाव रखता था। इस तरह से भगवान शिव को सम्मान देने के लिए अन्य मंदिर बनवाया। यह मंदिर राजा की बहू के बने भगवान श्रीविष्णु के मंदिर के बगल में था। जब श्रीहरि के मंदिर का निर्माण हुआ, तो इस मंदिर का नाम सहस्त्रबाहु मंदिर रखा गया।

## जानें सहस्त्रबाहु मंदिर का इतिहास

राजस्थान के उदयपुर के राजसी शहर से करीब 22 किमी दूर सहस्त्रबाहु मंदिर है। जिसको सास-बहु मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर की स्थापत्य कला 10वीं शताब्दी ईस्वी के आसपास की है। प्रचलित कहानियों के अनुसार, इस मंदिर का मूल नाम सहस्त्रबाहु था, जोकि भगवान विष्णु को समर्पित है। लेकिन समय के साथ यह मंदिर सास-बहु मंदिर के नाम से जाना गया।

राजस्थान के नागदा गांव में स्थित इस परिसर के अंदर मुख्य दो मंदिर हैं। विशाल मंदिर सास और छोटा मंदिर बहू। सास मंदिर करीब 10 छोटे-छोटे मंदिरों के समूह से घिरा है। वहीं बहू मंदिर में 5 अन्य छोटे मंदिर हैं। सास के मंदिरों के समक्ष एक मेहराबदार प्रवेश द्वार है। जहां पर कुछ खास मौकों पर श्रीहरि की मूर्ति को रखा जाता है। इसमें 3 अलग दिशाओं में खुलने वाले तीन अन्य द्वार हैं। वहीं चौथा दरबार में आम जनता का जाना मना है।


# पुष्कर में छुपा है 27वां शक्तिपीठ

भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका आदि देशों में आदिशक्ति मां के 52 शक्तिपीठ हैं। इन शक्तिपीठों में से एक पुष्कर की पुरूहोता पहाड़ी की तलहटी में राजराजेश्वरी मणिवेदिका शक्तिपीठ स्थित है। यह 27वां शक्तिपीठ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक यहां पर मां सती के हाथ की कलाइयां गिरी थीं। यहां पर मां आदिशक्ति और मां गायत्री एक साथ विराजमान हैं। बता दें कि स्थानीय लोग मां को चामुंडा माता के नाम से भी जानते हैं। वहीं स्कंद पुराण में भी इस पावन स्थान के बारे में उल्लेख मिलता है।

**27वां शक्तिपीठ-** सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा की नगरी पुष्कर में जगत जननी माता का 27वां शक्तिपीठ है। सावित्री मां की पहाड़ी के पास पुरूहोता पर्वत है। धार्मिक मान्यता है कि इस पर्वत पर मां सती के दोनों हाथों की कलाइयां गिरी थी। जिससे पर्वत के बीच एक विशाल गड्ढा हो गया था। इस स्थान तक पहुंचना काफी दुर्गम है। माना जाता है कि मां की एक बुजुर्ग भक्त की प्रार्थना पर मां पहाड़ी के बीच तलहटी में आ गई थीं। सदियों से यह स्थान गुप्त और अज्ञान रहा। पुष्कर आने वाले अधिकतर भक्तों को 27वें शक्तिपीठ के बारे में कम जानकारी है। अन्य फेमस मंदिरों की तरह मां के इस पावन शक्तिपीठ का उतना ज्यादा विकास नहीं हो सका है।

**पौराणिक कथा-** पौराणिक कथाओं के मुताबिक महाराज दक्ष प्रजापति की पुत्री सती से भगवान शिव का विवाह हुआ था। लेकिन इस विवाह से महाराजा दक्ष प्रसन्न नहीं थे। जब प्रजापति दक्ष ने यज्ञ किया तो ब्रह्मा, विष्णु समेत सभी देवी-देवताओं को आमंत्रण दिया। लेकिन अपने दामाद और पुत्री सती को आमंत्रित नहीं किया। लेकिन सती बिना आमंत्रण के अपने पिता के घर यज्ञ में शामिल होने के लिए जाती हैं। सती के पिता के घर पहुंचने पर दक्ष ने भगवान शिव का अपमान किया। जिससे क्रोधित होकर मां सती ने अग्निकुंड में अपनी देह का त्याग कर दिया।

# एक ही शिवलिंग पर दर्शन देता है पूरा शिव परिवार



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज में स्थित काशीश्वर मंदिर की अपनी विशेषता के लिए फेमस है। यहां पर स्थापित करीब 4 फीट ऊंचे शिवलिंग में पूरा शिव परिवार विराजमान माना जाता है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज में स्थित काशीश्वर मंदिर की अपनी विशेषता के लिए फेमस है। यहां पर स्थापित करीब 4 फीट ऊंचे शिवलिंग में पूरा शिव परिवार विराजमान माना जाता है। इस शिवलिंग पर प्राकृतिक रूप से बनी लाल धारियों और आकृतियों में मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की छवि साफ दिखेगी। राजा काशी प्रसाद द्वारा यह मंदिर 1860 में बनवाया गया था। तो आइए जानते हैं इस मंदिर की खासियत के बारे में...

**इतिहास-** मंदिर निर्माण का कार्य राजा काशी प्रसाद ने 1860 में करवाया था। उन्हीं के नाम पर इस मंदिर का नाम भी काशीश्वर महादेव पड़ा। यह मंदिर भारतीय स्थापत्य कला और लखनवी नवाबी वास्तुकला के अधार पर बना है। इस मंदिर में अष्टकोणीय यानी 8 कोनों वाली संरचना है।

**शिवलिंग पर विराजमान पूरा शिव परिवार-** मोहनलालगंज में मौजूद इस मंदिर में शिवलिंग में मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की छवि है। शिवलिंग पर बनी लाल धारियों को शिव परिवार की छवि मानी जाती है। इसके अलावा गर्भग्रह में भगवान गणेश, मां दुर्गा, सूर्य देव और भगवान विष्णु की मूर्तियां विराजमान हैं। वहीं मंदिर के गर्भग्रह के बाहर नंदी महाराज विराजमान है




### मानव सुथार ने मैच में 10 विकेट लिए; देवदत्त पडिक्कल प्लेयर ऑफ द मैच बने

# क्रिकेट: भारत 600वें टेस्ट में जीता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में श्रीलंका को 165 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। यह भारत का 600वां टेस्ट मैच था। भारत की जीत के हीरो 24 साल के लेफ्ट आर्म स्पिनर मानव सुथार रहे। उन्होंने श्रीलंका की दूसरी पारी में 6 विकेट सहित मैच में 10 विकेट लिए। देवदत्त पडिक्कल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने इस मैच में कुल 211 रन बनाए। पडिक्कल ने पहली पारी में 167 और दूसरी पारी में 44 रन की पारी खेली। मैच के पांचवें दिन बुधवार को दूसरी पारी में श्रीलंका का स्कोर 75 ओवर में 6 विकेट पर 199 रन था। सुथार ने अगले ओवर में तीन विकेट लेकर भारत की जीत लगभग तय कर दी। इस ओवर में सुथार ने सोनल दिनुषा, प्रभात जयसूर्या और लाहिरु कुमारा को आउट किया। श्रीलंका का स्कोर 9 विकेट पर 199 रन हो गया। सुथार ने अपने अगले ओवर में केशरा नुवांथा को आउट कर श्रीलंका की पारी समेट दी।

### पहली पारी में पडिक्कल का शतक, भारत ने 462 रन बनाए

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। देवदत्त पडिक्कल ने तीसरे नंबर पर उतरकर 230 गेंद में 167 रन बनाए। उनकी पारी में 15 चौके और एक छक्का था। उन्होंने केएल राहुल के साथ 162 रन की साझेदारी की। केएल राहुल ने 82, ध्रुव जुरेल ने 51 और ऋषभ पंत ने 39 रन बनाए। भारत ने 462 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से प्रभात जयसूर्या ने 4 और केशरा नुवानथा ने 3 विकेट लिए।

**श्रीलंका की पहली पारी में दिनूषा का शतक-** श्रीलंका की पहली पारी में सोनल दिनूषा ने 168 गेंद में 100 रन बनाए। निरोशन डिकवेला ने 80 रन की पारी खेली। भारत की ओर से मानव सुथार ने 4 और रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट लिए। श्रीलंका पहली पारी में 284 रन बना सका।



**दूसरी पारी में पंत ने 66 रन बनाए-** भारत की दूसरी पारी 193 रन पर सिमट गई। ऋषभ पंत ने 69 गेंद में 66 रन बनाए। उन्होंने 8 चौके और 2 छक्के लगाए। पंत के अलावा केएल राहुल ने 35 और पडिक्कल ने 44 रन बनाए। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडो ने 4, प्रभात जयसूर्या ने 3 और लहिरू कुमारा ने 2 विकेट लिए।

# वीनस विलियम्स को यूएस ओपन का वाइल्ड कार्ड

**नई दिल्ली।** 7 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को यूएस ओपन के विमेंस सिंगल्स मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड मिला है। टूनामेंट ने एक और वाइल्ड कार्ड की घोषणा रोक रखी है। यह जगह उनकी छोटी बहन और 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स को मिल सकती है। सेरेना ने इस साल विंबलडन में सिंगल्स के जरिए टेनिस में वापसी की थी।

## नैनो न्यूज

- **सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल की ओर** – स्कॉटलैंड की जोड़ी के हटने से भारतीय जोड़ी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।
- **लक्ष्य सेन-सिंधु पर नजरें** – दिल्ली में चल रही विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में आज भारतीय खिलाड़ियों के कई अहम मुकाबले हैं।
- **पंत ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड** – ऋषभ पंत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए, शुबमन गिल को पीछे छोड़ा।
- **मानव सुथार की शानदार शुरूआत** – श्रीलंका के खिलाफ गॉल टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले मानव सुथार की चेतेश्वर पुजारा ने तारीफ की।
- **पाकिस्तान-इंग्लैंड टेस्ट शुरू** – हेडिंग्ले में आज पहला टेस्ट शुरू हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, जबकि बाबर आजम चोट के कारण बाहर हैं।
- **जमाल मुसियाला को न्यूरोलॉजिकल समस्या** – बायर्न म्यूनिख के स्टार फुटबॉलर ने प्री-सीजन मैचों में दो बार गिरने के बाद स्वास्थ्य संबंधी समस्या की जानकारी दी।
- **निक किर्गियोस पर अस्थायी निलंबन** – टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस को कोकीन के मेटाबोलाइट की जांच में पुष्टि के बाद अस्थायी रूप से निलंबित किया गया।

### सिंक्विफील्ड कप में मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराया, वेस्ली सो के साथ टॉप पर

# प्रज्ञानानंदा ग्रैंड चेस टूर के फाइनल में पहुंचे

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने 2026 ग्रैंड चेस टूर (एमवीएल) के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। उन्होंने सिंक्विफील्ड कप के 8वें राउंड में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को काले मोहरों से 27 चाल में हरा दिया। इस जीत से प्रज्ञानानंदा के 5 अंक हो गए और वे अमेरिका के वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गए।



राउंड-8 के बाद प्रज्ञानानंदा और वेस्ली सो के 5-5 अंक हैं। दोनों संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं। जावोखिर सिंदारोव 4.5 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि फैबियानो कारुआना और एमवीएल के 4-4 अंक हैं। अब टूनामेंट में सिर्फ एक राउंड बाकी है। प्रज्ञानानंदा और टश्छ के बीच मुकाबले की शुरूआत रुई लोपेज ओपनिंग से हुई। प्रज्ञानानंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए शुरूआती दौर में स्थिति को संतुलित रखा। इसके बाद उन्हें धीरे-धीरे बढ़त मिली और 27वीं चाल के बाद एमवीएल ने मुकाबला छोड़ दिया।

सिंकफील्ड कप 10 खिलाड़ियों का 9 राउंड का टूर्नामेंट है। राउंड-8 के बाद वेस्ली सो और आर प्रज्ञानानंदा 5-5 अंक के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं। जावोखिर सिंदारोव और विंसेंट केमर 4.5-4.5 अंक के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। फैबियानो कारुआना, लेवोन एरोनियन, मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव और सैम सेवियन के 4-4 अंक हैं। अब सिर्फ एक राउंड बाकी है। इसलिए आखिरी राउंड में खिताब की रेस बेहद रोचक होगी। प्रज्ञानानंदा और वेस्ली सो के बीच सिर्फ आधे अंक का नहीं, बल्कि बराबरी का मुकाबला है; दोनों के 5-5 अंक हैं।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### धार में 10-15 बदमाशों ने घर पर किया पथराव

**धार।** धार जिले के नौगांव थाना क्षेत्र की संजय कॉलोनी में मंगलवार देर रात 10 से 15 बदमाशों ने एक घर पर पथराव कर दिया। बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी ऑल्टो कार, स्कूटी समेत अन्य वाहनों में तोड़फोड़ की। पथराव के दौरान कई पत्थर घर के अंदर भी जा गिरे, जिससे परिवार के लोग दहशत में आ गए। नौगांव थाना पुलिस ने श्वेता पति विजय सक्सेना की शिकायत पर संजय पिता गिरधारी चौहान और केशव पिता संजय चौहान, निवासी संजय कॉलोनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, श्वेता का बेटा प्रियांशु सक्सेना और उनके दामाद नवनीत भटनागर कार का पंचर जुड़वाकर आरोपी संजय के घर के सामने से निकल रहे थे। इसी दौरान केशव और उसकी मां ने उनके साथ गाली-गलौज की।

### धार कलेक्ट्रेट परिसर में कचरे का अंबार

**धार।** धार जिले के प्रमुख प्रशासनिक केंद्र कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। नापतोल विभाग के पास एक गड्ढे में लंबे समय से कचरा जमा है। महत्वपूर्ण प्रशासनिक परिसर में इस तरह गंदगी का ढेर नजर आने से साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से पहुंचते हैं। इसके अलावा अपनी समस्याओं और कामकाज के सिलसिले में बड़ी संख्या में आम नागरिक भी यहां आते हैं। इसके बावजूद परिसर के एक हिस्से में लंबे समय से कचरा जमा होना व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़े करता है।

### गुरु रविदास की 650वीं जयंती झाबुआ को समरसता कलश मिला

**झाबुआ।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के मौके पर भोपाल में एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें झाबुआ जिले की टीम ने हिस्सा लिया और जिले के लिए पवित्र समरसता कलश हासिल किया। प्रदेशव्यापी समरसता संकल्प अभियान और कलश यात्रा के शुरूआत कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मोहन यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य और अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने झाबुआ जिले के लिए यह पवित्र कलश सौंपा। झाबुआ से भाजपा जिला अध्यक्ष भानु भुरिया, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष गुलाबसिंह परमार, जिला महामंत्री महेशकांत चौहान, जिला उपाध्यक्ष मोहनलाल यादव शामिल हुए।

### पेटलावद-झाबुआ में खस्ताहाल सड़कों से ग्रामीण परेशान



**दाडिया और फूटिया के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुहार लगाई**

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के पेटलावद और झाबुआ जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की खस्ताहालत से लोग परेशान हैं। राष्ट्रीय आदिवासी क्रांति सेना ने पेटलावद के दाडिया फलिया पारगी में सड़क निर्माण की मांग की है, जबकि झाबुआ के फूटिया तडवी फलिया के ग्रामीण भी बदहाल सड़क से जूझ रहे हैं। पेटलावद की ग्राम पंचायत खोरिया के अंतर्गत आने वाले गांव दाडिया फलिया पारगी का मुख्य मार्ग कच्चा है। बारिश के मौसम में इस मार्ग पर कीचड़ हो जाने के कारण ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। कई बार ग्रामीण बाइक समेत फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को कई बार ग्राम सभा में उठाया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आपातकाल में गांव तक एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाती है। गंभीर मरीजों या गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए खाट पर मुख्य मार्ग तक पैदल लाना पड़ता है। झाबुआ जनपद के ग्राम फूटिया तडवी फलिया की सड़क भी खराब है। यहां के निवासी रतनसिंह, चेनसिंह, तोल सिंह और कानू सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, जिससे स्कूली विद्यार्थियों, किसानों, बुजुर्गों और अन्य ग्रामीणों को घर से बाहर निकलने में परेशानी होती है।

## नैनो न्यूज

- **एमपीआईटेक्स में कारोबार उम्मीदें बढ़ीं-** इंदौर में 20 से 23 अगस्त तक एमपीआईटेक्स का आयोजन होगा। उद्योग और व्यापार जगत को नए ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।
- **सोना चांदी भाव में बदलाव-** 19 अगस्त को सोने-चांदी के भाव में गिरावट दर्ज हुई। इंदौर के सराफा कारोबारियों और ग्राहकों पर इसका सीधा असर रहेगा।
- **इंदौर-दाहोद रेल काम तेज हुआ-** इंदौर-दाहोद रेल परियोजना में सुरंग और ट्रैक निर्माण तेजी से जारी है। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से व्यापारिक गतिविधियों को लाभ मिलेगा।
- **मंडी में प्याज भाव चढ़े-** इंदौर मंडी में प्याज के भाव में तेजी की खबर है। किसानों और कारोबारियों के बीच आवक और कीमतों को लेकर गतिविधियां बढ़ीं।
- **सब्जी बाजार में तेजी दिखी-** इंदौर की सब्जी मंडी में कई सब्जियों के भाव बढ़ने की जानकारी सामने आई। बारिश और आवक के असर से बाजार प्रभावित हुआ।
- **त्योहारी खरीदारी से बाजार गर्म-** त्योहारी सीजन के चलते कपड़ा, गिफ्ट, मिठाई और राखी कारोबार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है।

इंदौर एमआईसी की बैठक में लिए गए कई फैसले : अवैध कॉलोनियों में खुलेंगे संपत्तिकर खाते

# कनाड़िया रोड से खजराना मंदिर तक लिंक रोड को मंजूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर शहर में विकास कार्यों को गति देने के लिए मंगलवार को नगर निगम में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई बैठक में अवैध कॉलोनियों में निजी भूमि के संपत्तिकर खाते खोलने, नामांतरण प्रक्रिया को सरल करने, कनाड़िया रोड से खजराना मंदिर तक लिंक रोड बनाने और अन्नपूर्णा तालाब के पास स्ट्रीट फूड हब विकसित करने सहित कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक में अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को राहत देते हुए एमआईसी ने तय किया कि पूर्ण स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध होने पर निजी संपत्तियों और प्लॉट के संपत्तिकर खाते खोले जाएंगे। इसके लिए अधिभोगी अथवा अधिवासी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, शासकीय अतिक्रमण या शासकीय भूमि पर संपत्तिकर जमा नहीं किया जाएगा। इसके अलावा संपत्तियों के नामांतरण की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए एसओपी तैयार करने को मंजूरी दी गई। रणजीत हनुमान रोड स्थित ब्रह्मलीन श्री लक्ष्मणसिंह गौड़ उद्यान परिसर में प्रस्तावित इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल के निर्माण के बाद उसके संचालन और संधारण का काम पीपीपी मॉडल पर करने का निर्णय लिया गया। फूटी कोठी फ्लायओवर के नीचे उपलब्ध खाली जमीन पर स्मार्ट हब विकसित करने और उसके संचालन-संधारण को पीपीपी मॉडल पर देने की भी मंजूरी दी गई।

**चौराहों पर दिखेगी अखंड भारत थीम**

पलासिया चौराहे को मेसर्स जयदीप इस्पात एंड एलॉयज प्रा. लि. द्वारा सीएसआर के तहत गोद लिया जाएगा। यहां आई लव इंदौर के साथ अखंड भारत थीम आधारित स्मारक स्थापित किया जाएगा। राजकुमार ब्रिज के पास प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 और 6 के सामने चंद्रयान की प्रतिकृति के शेष निर्माण, सौंदर्यीकरण और संधारण का काम भी एचडी वायर प्रा. लि. द्वारा सीएसआर के तहत किया जाएगा।

**कनाड़िया रोड से खजराना मंदिर तक बनेगा लिंक रोड-** शहर के प्रमुख मार्गों को जोड़ने के लिए कनाड़िया रोड से खजराना मंदिर तक लिंक रोड निर्माण को मंजूरी दी गई। इससे क्षेत्र में आवागमन बेहतर होने की उम्मीद है। सुभाष नगर और वल्लभ नगर मार्केट में नए मार्केट के निर्माण की दिशा में भी निगम कार्रवाई करेगा।

गुजरात के मंथन और श्री आनंद ब्रांड पर कार्रवाई

# 1750 लीटर घी जब्त, 18 सैंपल जांच के लिए भेजे

## दूसरे राज्यों से आने वाले घी पर सख्ती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



गुजरात से इंदौर पहुंचे घी की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। स्कीम नंबर-51 स्थित मां बगलामुखी एंटरप्राइजेज से मिलावट की आशंका में 1750 लीटर घी जब्त किया गया है। यहां निरीक्षण के दौरान गुजरात में निर्मित मंथन और श्री आनंद ब्रांड का घी मिला। विभाग ने अलग-अलग उत्पादों के 18 सैंपल जांच के लिए हैं।

जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जब्त घी खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरा उतरता है या नहीं। रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**दूसरे राज्यों से आने वाले घी पर विशेष निगरानी**

इंदौर में मिलावटी और अमानक खाद्य पदार्थों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। खासतौर पर दूसरे राज्यों से मध्यप्रदेश में आने वाले घी और अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक दूसरे राज्यों से इंदौर और मध्यप्रदेश में आने वाले घी की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके लिए निर्माताओं, डिपो, थोक विक्रेताओं और विक्रय प्रतिष्ठानों से घी के नमूने लिए जा रहे हैं। प्रदेश में आम लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुपालन में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निदेर्शानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है।

## घने बादल, कहीं बूंदाबांदी-कहीं रिमझिम बारिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में बुधवार सुबह से मौसम बदला हुआ है। आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और शहर के अलग-अलग हिस्सों में कहीं बूंदाबांदी तो कहीं रुक-रुककर रिमझिम बारिश हो रही है। हालांकि अब तक तेज बारिश का दौर शुरू नहीं हुआ है। अगस्त के 18 दिन गुजरने के बावजूद शहर में इस महीने करीब 2 इंच ही बारिश दर्ज हुई है। इससे मानसून की रफ्तार को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस सीजन में इंदौर में अब तक करीब 18 इंच बारिश हो चुकी है। सामान्य तौर पर शहर में मानसून के दौरान करीब 38 इंच बारिश होती है, जबकि इस बार जरूरत कम से कम 40 इंच पानी की मानी जा रही है।




## चार साल की यतिका ने इंदौर एयरपोर्ट पर कुमार विश्वास को सुनाया रामगीत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर एयरपोर्ट पर 18 अगस्त को मशहूर कवि और रामकथा वाचक डॉ. कुमार विश्वास के साथ हुई चार साल की बच्ची की मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच रहा है। उज्जैन प्रवास से लौट रहे कुमार विश्वास जैसे ही एयरपोर्ट पर अपनी कार से उतरे, चार साल की यतिका गांधी उनके पास पहुंची और उनका प्रसिद्ध रामगीत सुनाने लगी।

बच्ची की आवाज सुनकर कुमार विश्वास रुक गए। वे उसके सामने घुटनों के बल बैठ गए और पूरा गीत ध्यान से सुना। गीत खत्म होने के बाद उन्होंने यतिका की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना की। वीडियो में यतिका कुमार विश्वास के सामने बिना किसी झिझक के रामगीत सुनाती नजर आ रही है। महज चार साल की उम्र में बच्ची का आत्मविश्वास देखकर कुमार विश्वास भी प्रभावित हुए। उन्होंने कुछ क्षण सुनकर आगे बढ़ने के बजाय उसके सामने बैठकर पूरा गीत सुना। देश-दुनिया के बड़े मंचों पर कविता और रामकथा सुनाने वाले कुमार विश्वास का इस तरह एक नन्ही प्रशंसक के लिए रुकना इस मुलाकात को खास बना गया। यतिका कुमार विश्वास के रामगीत पसंद करती है। ऐसे में जिस कवि को वह सुनती आई है, उसी के सामने अपनी आवाज में गीत सुनाने का मौका उसके लिए खास रहा।

## पापा ने मम्मी-दीदी को तड़पा-तड़पाकर मार डाला


दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पापा ने मां को चाकू मारे, मां खून से लथपथ तड़पती रहीं, फिर पापा ने मम्मी का गला घोंट दिया। इसके बाद मुझे और मेरी बहन को तालाब में फेंक दिया। मैं बच गया, लेकिन मेरी बहन नहीं बच सकी... पापा ने उसे भी पानी में डुबोकर मार डाला।

ये बातें इंदौर के कनाड़िया के झलारिया निवासी 8 साल के अजय ने कही हैं। अजय की मां अनीता बाई (32) और बहन माही (10) की हत्या हो चुकी है। अनीता के मायके पक्ष ने भी सुनील पर लंबे समय से पीटने, परेशान करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

अनीता के पिता सुखराम ने बताया- करीब 10 साल पहले भी मारपीट की थी। सुनील के खिलाफ करीब 5-10 साल पहले पुलिस में शिकायत की गई थी। अनीता और सुनील के बीच विवाद नया नहीं था। मारपीट की घटनाएं पहले भी होती रही थीं।

सुनील की रिश्तेदार मालती कौशल ने पत्नी अनीता के चरित्र पर लगाए जा रहे आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि अनीता का व्यवहार अच्छा था। उन्होंने कभी उसके चरित्र को लेकर ऐसी कोई बात नहीं देखी। सुनील उनका भाई है, लेकिन दोनों परिवार अलग रहते थे। मालती ने बताया कि हमारा ज्यादा आना-जाना नहीं था, इसलिए घटना के पूरे घटनाक्रम की उन्हें जानकारी नहीं है।




## बड़ौदा बीएनपी पारिबा म्यूचुअल फंड के नए सीईओ बने मधु नायर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई



बड़ौदा बीएनपी पारिबा एसेट मैनेजमेंट इंडिया ने मधु नायर को अपना नया चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर नियुक्त किया है। वे संजय कुमार ग्रोवर का स्थान लेंगे। कंपनी के अनुसार यह नियुक्ति फंड हाउस के विकास के अगले चरण की शुरूआत है। 31 जुलाई 2026 तक कंपनी का औसत एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 57,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है। नई लीडरशिप के साथ कंपनी का लक्ष्य देश के तेजी से बढ़ते म्यूचुअल फंड बाजार में अपनी पहुंच और मजबूत करना तथा अधिक से अधिक निवेशकों को बाजार आधारित निवेश विकल्पों से जोड़ना है।

## दिल्ली से इंदौर घूमने आई एनआरआई महिला से छेड़छाड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमजी रोड इलाके में एनआरआई महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। महिला एक दिन पहले दिल्ली से घूमने इंदौर आई थी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की। आरोपी को मंगलवार शाम जेल भेज दिया गया। एसआई सचिन त्रिपाठी के मुताबिक, घटना 35 वर्षीय महिला के साथ हुई, जो दिल्ली में रहती है। महिला मूल रूप से जर्मनी की रहने वाली है। एक दिन पहले वह अपने साथी के साथ गांधी हॉल घूमने आई थी। इस दौरान वहां मौजूद चौकीदार दीपक निवासी सीहोर ने महिला और उसके साथी को देखकर कमेंट किए और अश्लील हरकत की। महिला के विरोध करने पर वहां भीड़ इकट्ठा हो गई।










इंदौर के प्री-स्कूल में बच्ची को टीचर ने कहे अपशब्द

## बेटी उदास दिखी तो बैग में वॉइस रिकॉर्डर रखकर भेजा, पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित एक प्री-स्कूल की शिक्षिका पर छात्रा से अभद्र शब्दों के इस्तेमाल और शारीरिक नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का आरोप लगा है। बच्ची के पिता की शिकायत पर पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रत्नेश नाम के पेरेंट्स ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी तीन साल बच्ची विजयनगर स्थित फर्स्टक्राई इंटेलिटाट्स प्री-स्कूल नर्सरी में पढ़ती है। शिकायत में उन्होंने बच्ची की क्लास टीचर प्रांजली उपाध्याय पर आरोप लगाया है।

रत्नेश के मुताबिक वह 8 अगस्त को बेटी को लेने स्कूल गए थे। जब वह उदास दिख रही थी। तब उसने बातों में बताया कि मैम उसे गंदा कहती है। तब रोते हुए कहा कि उसे स्कूल में बहुत बुरा लगता है। मैडम ने उसे चिमटी कर दी। अगले दिन रत्नेश ने अपनी बेटी के लिए वाइस रिकॉर्डर खरीदा और बच्ची के बैग में रखकर स्कूल भेज दिया।

रात में रत्नेश ने उसकी रिकार्डिंग सुनी तो उनकी बेटी को टीचर प्रांजली अपशब्द कहते हुए मारने पीटने की बात कह रही थी। तब बच्ची पिटाई से बचने के लिए गिड़ागिड़ा भी रही थी। टीचर ने उसके माता-पिता को भी अपशब्द कहे। इस पूरे घटनाक्रम की वॉइस रिकार्ड हो गई। रिकॉर्डिंग सुनने के बाद रत्नेश अपनी बेटी को लेकर स्कूल पहुंचे। तब बच्ची ने स्कूल के अंदर जाने से इंकार कर दिया और काफी रोने लगी। इसके बाद वहां की प्रिंसिप्रल से बात करते हुए रत्नेश ने सीसीटीवी फुटेज की मांग की। स्कूल प्रबंधन ने उन्हें फुटेज उपलब्ध नहीं कराए। मामले में पीड़ित परिवार ने अन्य रिश्तेदारों और वकील से बात की। इसके बाद विजयनगर पुलिस को रिकार्डिंग सौंपते हुए पूरा घटनाक्रम बताया।










मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com